समस्तसिद्धिप्रदनाम चक्रम्–सभी सिद्धियोंका प्रदान करनेवाला होनेके कारण त्रिकोण चक्रको 'सर्वसिद्धिप्रद चक्र' कहा गया है। पदार्थ उसकी महिमासे जाना जाता है। त्रिकोण चक्रकी उपासनाका फल है–सर्वसिद्धिप्राप्ति। व्यक्तिकी इच्छा जब पूर्णताको प्राप्त करती

है तब वह सिद्ध बन जाता है। 'इच्छा' तो मूल रूपसे एकमात्र आनन्दको प्राप्त करनेकी होती है। व्यक्ति अन्यत्र बाह्य पदार्थोंमें उसका अन्वेषण करता रहता है; जबकि स्वयं आनन्दस्वरूप है। आनन्दस्वरूप एकमात्र परम शिव है। इस प्रकारसे 'परम शिव'के पदको प्राप्त करना ही मूल इच्छा है। इसकी सिद्धिको 'सर्वसिद्धि' कहते हैं; क्योंकि जिसकी सिद्धि हो जानेसे सिद्ध करनेके लिए कुछ भी शेष नहीं रह जाता है। व्यक्ति पूर्णताको प्राप्त कर लेता है। त्रिकोण चक्र इसी 'सर्वसिद्धि'का प्रदान करता है। इसलिए वह 'सर्वसिद्धिप्रद चक्र'के रूपमें ख्यात है।

कोणत्रयेणैकविनिर्मितम्–तीन कोणोंसे विशिष्ट प्रकारसे निर्मित होनेके कारण इसे 'त्रिकोण चक्र' कहते हैं। त्रिकोण दो प्रकारके होते हैं–ऊर्ध्वाग्र कोणात्मक तथा अधोऽग्र कोणात्मक। ऊर्ध्वाग्र कोणात्मक त्रिकोणका अग्र पूर्व दिशाकी ओर होता है; जबकि अधोऽग्र कोणात्मक त्रिकोणका अग्र पश्चिम दिशाकी ओर होता है। ऊर्ध्वाग्र कोणात्मक त्रिकोणको शिव-त्रिकोण तथा अधोऽग्र कोणात्मक त्रिकोणको शक्ति-त्रिकोण कहते हैं। श्रीचक्रके अन्तर्गत दश महा-विद्याकी परम्परामें शक्ति-त्रिकोणकी उपासना की जाती है। शक्ति-त्रिकोणका अग्रभाग पश्चिम दिशाकी ओर होता है और दायाँ कोण ईशान तथा वायाँ कोण आग्नेय दिशामें स्थित रहते हैं। यहाँ पर इसका विशेष ध्यान रखें।

नादात्मकचित्स्वरूपम्–त्रिकोण चक्र नादात्मक है। अर्द्ध चन्द्रको 'नाद' कहते हैं। बिन्दु शिव है तो नाद शक्ति है। शिव चित्स्वरूप है तो उसकी शक्ति भी चिन्मयी है। इसलिए त्रिकोणको 'नादात्मक तथा चित्स्वरूप' कहते हैं।

स्मरामि–मैं पूर्ववर्णित उस नादात्मक चित्स्वरूप त्रिकोण चक्रका स्मरण करता हूँ॥१॥

गुरुसन्ततीनां स्वरूपम्

तस्य त्रिकोणस्य च पूर्वरेखा-
पूर्वे त्रिरेखा ननु चिन्तनीयाः।
तासु स्थिताः श्रीगुरुसन्ततीः ताः
स्वकल्पमार्गेण सदा स्मरामि।।

गुरुपरम्पराका स्वरूप

मैं उस त्रिकोणकी पूर्वी रेखाके पूर्वमें कल्पित तीन रेखाओंका चिन्तन करता हूँ तथा उनमें स्थित गुरुपरम्पराका अपने कल्पके अनुसार सदैव स्मरण करता हूँ।

विमर्श–अब त्रिकोणकी पूर्व दिशामें कल्पित तीन रेखाओंमें स्थित गुरुपरम्पराके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–तस्येति।

तस्य त्रिकोणस्य च पूर्वरेखापूर्वे त्रिरेखा ननु चिन्तनीयाः–पूर्वोक्त त्रिकोणकी पूर्वी रेखाके पूर्वमें तीन रेखाएँ विद्यमान हैं। ये तीनों रेखाएँ कल्पित हैं। इसलिए ये दृश्य रूपमें विराजमान नहीं हैं।

तासु स्थिताः श्रीगुरुसन्ततीस्ताः–'सन्तति' कहते हैं–परम्पराको। उन तीनों रेखाओंमें पारम्परिक रूपसे गुरुजन विराजमान हैं।

स्वकल्पमार्गेण–'कल्प' कहते हैं–शास्त्रको। अपनी शास्त्रीय परम्पराके अनुसार गुरुपरम्पराका निर्धारण होता है। तदनुसार उन गुरुओंकी उपासना की जाती है।

सदा स्मरामि–मैं पूर्ववर्णित तीन रेखाओंमें स्थित उस गुरु-परम्पराका सदैव स्मरण करता हूँ।।

दिव्यौघ-सिद्धौघ-सुमानवौघ-गुरूणां स्वरूपम्

दिव्यौघ-सिद्धौघ-सुमानवौघान्
रेखाद्यगान् नौमि गुरून् च सर्वान्।।

दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा सुमानवौघ गुरुजनोंका स्वरूप

मैं प्रथम रेखामें स्थित दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा सुमानवौघ सभी गुरुजनोंको नमस्कार करता हूँ।

विमर्श–अब प्रथम रेखामें स्थित दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा सुमानवौघ गुरुजनोंके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–दिव्यौघ-सिद्धौघ-सुमानवौघानिति।

दिव्यौघ-सिद्धौघ-सुमानवौघान्–'ओघ' कहते हैं–समूहको। दिव्य गुरुजनोंके समूहको 'दिव्यौघ' कहते हैं। दिव्य गुरुजनोंकी संख्या बारह है; जैसे–१. आदिनाथ और आदिनाथकी शक्ति, २. सदाशिव और सदाशिवकी शक्ति, ३. ईश्वर और ईश्वरकी शक्ति, ४. रुद्र और रुद्रको शक्ति, ५. विष्णु और विष्णुकी शक्ति तथा ६. ब्रह्मा और ब्रह्माकी शक्ति। 'आदिनाथ, सदाशिव, ईश्वर, रुद्र, विष्णु तथा ब्रह्मा' ये षट् शाम्भव भी कहलाते हैं। इस अवस्थामें इनकी उपासना विना शक्तिकी की जाती है। दिव्य गुरुजनोंकी उपासना उनकी शक्तियोंके साथ की जाती है; क्योंकि इससे शिष्यको दिव्य वात्सल्य प्रेम मिलता है।

सिद्ध गुरुजनोंके समूहको 'सिद्धौघ' कहते हैं। सिद्ध गुरुजनोंकी संख्या ग्यारह है; जैसे–१. सनक, २. सनन्द, ३. सनातन, ४. सनत्कुमार, ५. सनत्सुजात, ६. ऋभुक्षज, ७. दत्तात्रेय, ८. रैवतक. ९ वामदेव. १०. व्यास तथा ११. शुक। इन ग्यारह सिद्ध गुरुजनोंकी उपासना विना शक्तिकी की जाती है।

सुमानव गुरुजनोंके समूहको 'सुमानवौघ' कहते हैं। यहाँ पर 'सु' शब्द उच्च कोटिके मानव गुरुजनोंका सङ्केत करता है। 'सुमानवौघ'के अन्तर्गत छह सुमानव गुरुजन आते हैं; जैसे–१. नृसिंह, २. महेश, ३. भास्कर, ४. महेन्द्र, ५. माधव तथा ६. विष्णु। इन छह सुमानव गुरुजनोंकी उपासना विना शक्तिकी की जाती है।

रेखाद्यगान्–त्रिकोणकी पूर्वी रेखाके पूर्वमें कल्पित तीन रेखाएँ गुरुमण्डलकी हैं। सृष्टि क्रमके अनुसार बाहरसे अन्दरकी ओर चलने पर पहले आनेवाली रेखा प्रथम रेखा कहलाती है। इस प्रथम रेखामें

दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा सुमानवौघ गुरुजनोंकी उपासना की जाती है।

गुरूंश्च सर्वान्–गुरुमण्डलकी रेखामें स्थित सभी व्यक्ति गुरु कहलाते हैं; चाहे वे देवता, सिद्ध या मानव क्यों न हों। यहाँ पर दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा सुमानवौघ गुरुजनोंकी उपस्थिति है। वे सभी 'गुरु' पदका धारण करते हैं।

नौमि–मैं पूर्ववर्णित उन सभी दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा सुमानवौघ गुरुजनोंको नमस्कार करता हूँ।।

स्व-श्रीगुरुक्रमेण सप्तगुरूणां स्वरूपम्

रेखाद्वितीयस्थितसुप्रसिद्धान्
गुरून् च सर्वान् स्वगुरुक्रमेण।
शान्तान् द्विनेत्रान् स्फटिकाभशुभ्रान्
सशक्तिकान् नौमि वराभयाढ्यान्।।

अपनी श्रीगुरु आदि सात गुरुजनोंका स्वरूप

मैं द्वितीय रेखामें स्थित सुप्रसिद्ध, अपने गुरुके क्रमसे सभी गुरुजनोंको नमस्कार करता हूँ; जो कि शान्त स्वभाववाले, दो आँखोंवाले, स्फटिकके समान शुभ्र कान्तिवाले हैं; वर मुद्रा तथा अभय मुद्राका धारण करनेवाले हैं तथा अपनी शक्तियोंके साथ विराजमान हैं।

विमर्श–अब द्वितीय रेखामें स्थित अपने श्रीगुरु आदि सात गुरुजनोंके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–रेखाद्वितीयस्थित-सुप्रसिद्धानिति।

रेखाद्वितीयस्थितसुप्रसिद्धान्–गुरुमण्डलकी मध्य रेखाको द्वितीय रेखा कहते हैं। इस रेखामें साधककी अपनी गुरुपरम्पराकी उपासना की जाती है। 'प्रसिद्ध' शब्दसे सङ्केत प्राप्त होता है कि यहाँ पर 'श्रीविद्या'का प्रदान करनेवाले गुरुकी उपासना की जाती है।

गुरूँश्च सर्वान् स्वगुरुक्रमेण–यहाँ पर स्वगुरुके क्रमसे सात पीढ़ियोंका ग्रहण होता है। सात पीढ़ियाँ हैं–१. श्रीगुरु, २. परम गुरु, ३. परापर गुरु, ४. परमेष्ठि गुरु, ५. परमाचार्य गुरु, ६. पूर्वसिद्ध गुरु तथा ७. आदिसिद्ध गुरु। यहाँ पर 'पद'का उच्चारण करके सात पीढ़ियोंके अन्तर्गत आनेवाले गुरुजनोंकी उपासना की जाती है।

शान्तान्–श्रीगुरु आदि सभी सात गुरुजनोंके शान्त स्वभावकी उपासना करें। जब प्रसन्न स्वरूपकी उपासना करेंगे तो प्रसन्नता ही प्राप्त होगी। जहाँ किसी प्रकारका कोई विक्षोभ नहीं है वहाँ शान्ति है; सारी चित्तकी वृत्तियाँ सजातीय सानुकूल बन कर प्रवाहित होती रहती हैं।

द्विनेत्रान्–श्रीगुरु आदि सभी सात गुरुजनोंकी दो-दो आँखें हैं। वे 'द्विनेत्र' कहलाते हैं। 'द्विनेत्र' शब्द सङ्केत देता है कि इस गुरुपरम्परामें अनेक नेत्रोंका धारण करनेवाले गुरुजन भी आते हैं; किन्तु उनके बहुनेत्रधारी स्वरूपकी उपासना न करके उनके द्विनेत्रधारी स्वरूपकी उपासना करें।

स्फटिकाभशुभ्रान्–श्रीगुरु आदि सभी सात गुरुजनोंके शरीरकी कान्ति स्फटिकके समान शुभ्र है।

वराभयाढ्यान्–श्रीगुरु आदि सभी सात गुरुजनोंकी दो-दो भुजाएँ हैं और इन भुजाओंमें उन्होंने वर मुद्रा तथा अभय मुद्राका धारण किया है। गुरुजन अभय मुद्रासे भयङ्कर संसारसे भयभीत शिष्यको अभय प्रदान करते हैं तथा वर मुद्रासे श्रद्धावान् शिष्यको ज्ञान प्रदान करते हैं।

सशक्तिकान्–'शक्ति' शब्द सङ्केत देता है कि शक्तियोंके साथ श्रीगुरु आदि सभी सात गुरुजनोंकी उपासना करें। शक्ति दो प्रकारकी होती है–राग शक्ति तथा विराग शक्ति। 'शक्ति' कहते हैं–भार्याको। भार्या प्रत्यक्ष शक्ति होती है। भोगकी इच्छा रखनेवाले साधक

साधनाके लिए भार्याको साधिका बना देते हैं। ऐसे साधक 'राग शक्ति'से युक्त होते हैं; जबकि मोक्षकी इच्छा रखनेवाले साधक प्रत्यक्ष भार्यासे वियुक्त रहते हैं और उनकी साधिका 'विरक्ति' कहलाती है। वे 'विराग शक्ति'से युक्त होते हैं। 'भोग और मोक्ष' दोनों पर उनका नियन्त्रण रहता है। प्रत्येक साधककी एक साधिका शक्ति अवश्य होनी चाहिए। इसलिए यहाँ पर श्रीगुरु आदि सभी सात गुरुजनोंकी उपासना उनकी शक्तियोंके साथ की जाती है।

नौमि–मैं पूर्ववर्णित श्रीगुरु आदि सभी सात गुरुजनोंको नमस्कार करता हूँ।।

श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरोः स्वरूपम्

शान्तं त्रिनेत्रं विधुकान्तिशुभ्रं
संविभ्रतं दोष्कशुभैः चतुर्भिः।
मुक्ताक्षमालां कलशं सुधायाः
श्रीज्ञानमुद्रामपि पुस्तकं च।।
दिव्याम्बरं चन्दनगन्धलेपैः
समुज्ज्वलाङ्गं मणिरत्नकैः च।
वीरासनस्थं च शशाङ्कचूडं
श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरुं स्मरामि।।२।।

श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुका स्वरूप

मैं शान्त स्वरूपवाले, तीन आँखोंवाले, चन्द्रमाके समान शुभ्र कान्तिवाले, चार शुभ भुजाओंसे मोतीकी माला, अमृतका कलश, ज्ञान मुद्रा तथा पुस्तकका धारण करनेवाले, दिव्य वस्त्रोंसे युक्त, चन्दन गन्धके लेपसे तथा मणि-रत्नोंसे उज्ज्वल अङ्गवाले, वीरासन पर बैठे हुए, मस्तक पर चन्द्रमाका धारण करनेवाले श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुका स्मरण करता हूँ।

विमर्श–अब तृतीय रेखामें स्थित श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–शान्तमिति।

शान्तम्–गुरुमण्डलकी तृतीय रेखामें श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी उपासना की जाती है। यहाँ पर जब श्रीदक्षिणामूर्त्तिके रूपमें उपासित गुरुमूर्त्ति शिवके शान्त स्वरूपकी उपासना की जाती है तभी प्रसन्नता प्राप्त होती है और साधक क्षोभरहित हो पाता है।

त्रिनेत्रम्–श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी तीन आँखें हैं। इसलिए वे 'त्रिनेत्र' कहलाते हैं। शिवको ही 'त्रिनेत्र' कहते हैं।

विधुकान्तिशुभ्रम्–'विधु' कहते हैं–चन्द्रमाको। चन्द्रमाकी कान्ति शुभ्र गौर वर्णकी होती है। श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुके शरीरकी कान्ति चन्द्रमाके समान गौर वर्णकी है।

संविभ्रतं दोष्कशुभैः चतुर्भिः मुक्ताक्षमालां कलशं सुधायाः श्रीज्ञानमुद्रामपि पुस्तकञ्च–'दोः' कहते हैं–भुजाको। श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरु चार भुजाओंसे युक्त हैं। उन्होंने उन चार भुजाओंसे मोतीकी माला, अमृतका कलश, ज्ञान मुद्रा तथा पुस्तकका धारण किया है। श्रीदक्षिणामूर्त्ति शिव 'चतुर्भुज' हैं।

दिव्याम्बरम्–'दिव्य' कहते हैं–अलौकिकको। 'अम्बर' कहते हैं–वस्त्रको। श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुने जिन वस्त्रोंका धारण किया है वे अलौकिक हैं। ये वस्त्र कभी भी अपवित्र नहीं होते हैं और न ही मलिन होते हैं; सदैव चमकते रहते हैं।

चन्दनगन्धलेपैः समुज्ज्वलाङ्गं मणिरत्नकैश्च–श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुने अपने अङ्गोंमें सुगन्धित श्वेत चन्दनका लेप किया है तथा मणि-रत्नोंसे निर्मित अलङ्कारोंका धारण किया है। इससे उनके सारे अङ्ग अत्यधिक उज्ज्वल दिखाई दे रहे हैं।

शशाङ्कचूडम्–'शशाङ्क' कहते हैं–चन्द्रमाको। श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुने अपने मस्तक पर चन्द्रमाका धारण किया है। इसलिए वे 'चन्द्रचूड'

शिव कहलाते हैं।

वीरासनस्थम्–एक पैरको दूसरे जङ्घे पर रख कर, दूसरे पैरको पीछेकी ओर मोड़ कर बैठनेको 'वीरासन' कहते हैं। वीरोंके द्वारा प्रयुक्त किये जानेवाले योगासनको 'वीरासन'के नामसे अङ्कित किया गया है।

श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरुम्–परम प्रकाशका जब मूर्त्तरूपमें प्रथम आविर्भाव होता है तो वह सर्वकारणभूता शक्तिके रूपमें 'गुरु' कहलाता है। 'शिव-शक्त्यात्मक' विग्रहमें दक्षिण भाग पुरुष 'शिव'का होता है और वाम भाग स्त्री 'शक्ति'का। शिव स्वयं गुरु बनकर अपने स्वरूपका बोध कराता है। इसलिए वह दक्षिण दिशाकी ओर मुख करके विराजमान होनेवाला 'श्रीदक्षिणामूर्त्ति शिव' कहलाता है।

साधक जब श्रीचक्रकी उपासना करता है तो उसका मुख पूर्वकी ओर होता है और श्रीचक्रका मुख्य द्वार तथा अधिष्ठात्री महाविद्याका मुख पश्चिम दिशाकी ओर होता है। जब श्रीगुरु महाविद्याकी दीक्षा श्रीचक्रके सम्मुखमें स्थित शिष्यको देते हैं तो वे दक्षिण दिशाकी ओर मुख करके, शिष्यके वाम भागमें तथा अधिष्ठात्री देवीके दक्षिण भागमें स्थित स्थान पर आसीन होते हैं। यहाँ पर श्रीदक्षिणामूर्त्ति शिव गुरुके रूपमें उपस्थित हैं और दक्षिणकी ओर मुख करके श्रीचक्रके दक्षिण तथा साधकके वाममें आसीन हैं। श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी दशमहाविद्या परम्परामें वामाचारका प्रयोग नहीं किया जाता है; बल्कि सदैव दक्षिणाचारका अवलम्बन करना चाहिए। सत्त्वगुणसे सम्पन्न उपासना करनेसे मोक्षकी सिद्धि होती है। इसलिए यहाँ पर गौर वर्णवाले श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी उपासना की जाती है।

अन्धकारको अज्ञान तथा प्रकाशको ज्ञान कहते हैं। अन्धकार कृष्ण है; जबकि प्रकाश शुभ्र है। ज्ञानसे ही मोक्षकी प्राप्ति होती है। इसलिए ज्ञानस्वरूप परम प्रकाश श्रीदक्षिणामूर्त्ति शिवकी गुरुके रूपमें उपासना की जाती है। 'गु'का अर्थ है–अन्धकार। 'रु'का अर्थ

है–प्रकाश। अन्धकारसे प्रकाशकी ओर जो ले जाता है उसे 'गुरु' कहते हैं और श्रीदक्षिणामूर्त्ति शिव यहाँ पर जगतके सर्वश्रेष्ठ गुरुके रूपमें विराजमान हैं।

ध्यान रहे कि जो साधक किसी सद्गुरुसे विधिवत् इस महाविद्याके मन्त्रकी दीक्षा नहीं ले पाते हैं, ऐसी स्थितिमें वे इस ग्रन्थके 'सपर्याखण्डम्' उल्लिखित दीक्षाविधिसे दीक्षित हो सकते हैं। यह विधि 'आदेश क्रम'में प्रस्तुत की गयी है जो कि पूर्ण रूपसे उपासनाको सफल बनानेमें समर्थ है। 'साधक अवश्य सिद्धिको प्राप्त करेगा' यह निःसन्देह है।

स्मरामि–मैं गुरुमण्डलमें सर्वोच्च पद पर आसीन गुरुमूर्त्ति श्रीदक्षिणामूर्त्ति शिवका स्मरण करता हूँ।।२।।

षडङ्गयुवतीनां स्वरूपम्

स्यन्दे त्रिकोणाद्बहिरङ्गदेव्यः
षडङ्गपूर्वा हि युवत्यभिख्याः।
रक्ताः स्वमुद्राङ्कितपाणिपद्माः
प्रत्येककोणयुगलं स्मरामि।।३।।

षडङ्गयुवतियोंका स्वरूप

मैं चक्रमें त्रिकोणके बाहर षडङ्गयुवति नामक अङ्गदेवियोंका स्मरण करता हूँ; जो कि रक्त वर्णवाली हैं; अपनी मुद्राओंके चिह्नसे अङ्कित हाथोंवाली हैं तथा प्रत्येक कोणमें युगलात्मक रूपसे विराजमान हैं।

विमर्श–अब त्रिकोणके बाहर प्रत्येक कोणमें युगलात्मक रूपसे स्थित षडङ्गयुवति नामक अङ्गदेवियोंके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–स्यन्द इति।

स्यन्दे–'स्यन्द' कहते हैं–चक्रको। यहाँ पर 'स्यन्द' शब्दसे

त्रिकोण चक्रका ग्रहण होता है।

त्रिकोणाद्बहिः–षडङ्गयुवतियोंका अवस्थान त्रिकोणके बाहर प्रत्येक कोणमें है।

अङ्गदेव्यः–'अभिख्या' कहते हैं–संज्ञाको। त्रिकोण चक्रमें छह अङ्ग देवियोंकी अवस्थिति है। ये अङ्गदेवियाँ नव यौवन अवस्थाकी हैं; इसलिए 'षडङ्गयुवति'के नामसे प्रसिद्ध हैं। छह अङ्गदेवियाँ हैं–१. हृदयदेवी, २. शिरोदेवी, ३. शिखादेवी, ४. कवचदेवी, ५. नेत्रदेवी तथा ६. अस्त्रदेवी।

प्रत्येककोणयुगलम्–हृदयदेवी आदि सभी छह अङ्गदेवियाँ त्रिकोणके बाहर प्रत्येक कोणमें युगलात्मक रूपसे विराजमान हैं। इनकी अवस्थिति क्रमानुसार त्रिकोणके अग्र कोण, दक्ष कोण तथा वाम कोणमें होती है; जैसे–१. हृदयदेवी अग्र कोणके बाहर दायें, २. शिरोदेवी दक्ष कोणके वायें, ३. शिखादेवी वाम कोणके वायें, ४. कवचदेवी अग्र कोणके वायें, ५. नेत्रदेवी दक्ष कोणके दायें तथा ६. अस्त्रदेवी वाम कोणके दायें।

रक्ताः–हृदयदेवी आदि सभी छह अङ्गदेवियोंके शरीरकी कान्ति रक्त वर्णकी है।

स्वमुद्राङ्कितपाणिपद्माः–हृदयदेवी आदि सभी छह अङ्गदेवियोंके करकमलोंमें अपनी मुद्राके चिह्न अङ्कित हैं। अङ्गदेवियोंकी अपनी मुद्राको 'अङ्गमुद्रा' कहते हैं। अङ्गमुद्रा छह हैं; जैसे–१. हृदय मुद्रा, २.शिरो मुद्रा, ३. शिखा मुद्रा, ४. कवच मुद्रा, ५. नेत्र मुद्रा तथा ६. अस्त्र मुद्रा। हृदयदेवीकी अपनी अङ्ग मुद्रा है–हृदय मुद्रा। इसी प्रकार शिरोदेवीकी शिरो मुद्रा, शिखादेवीकी शिखा मुद्रा, कवचदेवीकी कवच मुद्रा, नेत्रदेवीकी नेत्र मुद्रा तथा अस्त्रदेवीकी अस्त्र मुद्रा है।

स्मरामि–मैं पूर्ववर्णित हृदयदेवी आदि सभी छह अङ्गदेवियोंका स्मरण करता हूँ।।३।।

षोडशी-तिथिनित्याकलादीनां नित्याकलात्रयाणां स्वरूपम्

एतत्त्रिकोणाद्बहिरग्रकोणे
नित्याकलां तां हि तिथिस्वरूपाम्।
दक्षे कलां सप्तदशीं च वामे
ह्यष्टादशीं तां सकलाः सुरम्याः।।
सिन्दूरवर्णा धृतचन्द्रचूडाः
प्रोत्फुल्लरक्ताब्जदलत्रिनेत्राः।
पाशं सृणिं चापशरान् दधानाः
नित्याकलाः ताः सततं स्मरामि।।४।।

षोडशी-तिथि नित्याकला आदि तीन नित्याकलाओंका स्वरूप

मैं इस त्रिकोणके बाहर अग्र कोणमें तिथि स्वरूप उस नित्या कलाका, दक्षमें सप्तदशीका तथा वाममें उस अष्टादशीका निरन्तर स्मरण करता हूँ; जो कि सभी मनका रमण करानेवाली हैं; सिन्दूर वर्णवाली हैं; मस्तक पर चन्द्रमाका धारण करनेवाली हैं; विकसित लाल कमलके समान तीन आँखोंवाली हैं तथा पाश, अङ्कुश, धनुष और बाणका धारण करनेवाली नित्या कलाएँ हैं।

विमर्श–अब त्रिकोणके बाहर कोणोंमें स्थित षोडशी तिथि नित्या कला आदि तीन नित्या कलाओंके स्वरूपका निरूपण किया जा रहा है–एतत्त्रिकोणाद्बहिरिति।

एतत्त्रिकोणाद्बहिः–त्रिकोणके बाहर प्रत्येक कोणमें एक-एक नित्या कला विराजमान हैं।

अग्रकोणे नित्याकलां तां हि तिथिस्वरूपाम्–त्रिकोणके बाहर अग्र कोणमें तिथि स्वरूप नित्या कलाका अवस्थान है। पहले हमने देखा कि षोलह तिथियाँ हैं। प्रतिपदासे लेकर पूर्णिमा या अमावास्या तक पन्द्रह तिथियाँ कालके मानके रूपमें प्रचलित हैं तथा षोलहवीं तिथि

उन सभी पन्द्रह तिथियोंमें चेतनाके रूपमें विराजमान है। यहाँ पर तिथि नित्या कला है–षोडशी तिथि नित्या कला। यही षेडशी तिथि नित्या कला पन्द्रह तिथियोंके प्रतिनिधिके रूपमें यहाँ पर त्रिकोणके बाहर अग्र कोणमें स्थित है।

दक्षे कलां सप्तदशीम्–त्रिकोणके बाहर दक्षकोणमें सप्तदशी नित्याकला विराजमान है।

वामे अष्टादशीम्–त्रिकोणके वामकोणमें अष्टादशी नित्या कला विराजमान है।

सकलाः–'सकल' शब्दसे षोडशी तिथि नित्याकला, सप्तदशी नित्याकला तथा अष्टादशी नित्याकलाका बोध होता है।

सुरम्याः–षोडशी तिथि नित्याकला आदि तीनों नित्याकलाएँ अत्यन्त सुन्दर हैं; मनका हरण कर लेती हैं।

सिन्दूरवर्णाः–षोडशी तिथि नित्याकला आदि तीनों नित्या-कलाओंके शरीरकी कान्ति सिन्दूर वर्णकी है।

धृतचन्द्रचूडाः–षोडशी तिथि नित्याकला आदि तीनों नित्या-कलाओंने अपने मस्तक पर चन्द्रमाका धारण किया है।

प्रोत्फुल्लरक्ताब्जदलत्रिनेत्राः–षोडशी तिथि नित्याकला आदि तीनों नित्याकलाओंकी तीन-तीन आँखें हैं। वे 'त्रिनेत्रा' कहलाती हैं। इन तीनों नेत्रोंकी उपमा पूर्ण रूपसे खिले हुए कमलके दलोंसे दी गयी है। आँखें कमलदलके समान रक्त वर्णकी हैं। 'प्रोत्फुल्ल' शब्दसे बड़ी-बड़ी आँखोंका संकेत प्राप्त होता है। बड़ी-बड़ी आँखें सदैव आकर्षक होती हैं। वे 'विशाल लोचना' कहलाती हैं।

पाशं सृणिञ्चापशरान्दधानाः–षोडशी तिथि नित्याकला आदि तीनों नित्याकलाएँ 'चतुर्भुजा' हैं। उन्होंने अपनी चारों भुजाओंमें पाश, अङ्कुश, धनुष तथा बाणका धारण किया है।

नित्याकलाः–पराशक्तिको 'नित्या' शब्दसे भी उल्लिखित किया

गया है। कार्य विशेषके अनुसार शक्तिका नामकरण हुआ है।

ध्यान रहे कि त्रिकोण इच्छा-ज्ञान-क्रियात्मक चक्र है। त्रिकोणके अग्रमें क्रियात्मिका षोडशी तिथि नित्याकला, दक्षमें ज्ञानात्मिका सप्तदशी नित्याकला तथा वाममें इच्छात्मिका अष्टादशी नित्याकला विराजमान हैं। जब संख्याके रूपमें सृष्टि क्रमसे गणना की जाती है तब पन्द्रह तिथि नित्याकलाएँ 'पञ्चदशी' तथा उन सबमें रहनेवाली नित्याकला 'षोडशी' कहलाती है और यही षोडशी तिथि नित्याकला त्रिकोणके अग्रमें स्थित है। जब क्रियात्मिकाके रूपमें षोडशी तिथि नित्याकला है तो ज्ञानात्मिका नित्याकला यहाँ पर सप्तदशी नित्याकलाके रूपमें जानी जाती है जो कि त्रिकोणके दक्षमें स्थित है। इस प्रकारसे इच्छात्मिका नित्याकलाको अष्टादशी नित्याकला कहते हैं और यह नित्याकला त्रिकोणके वाममें स्थित है। ये तीनों नित्याकलाएँ 'परा, परापरा तथा अपरा'के रूपमें भी जानी जाती हैं। क्रियात्मिका षोडशी तिथि नित्याकला 'अपरा' है; ज्ञानात्मिका सप्तदशी नित्याकला 'परापरा' है तथा इच्छात्मिका अष्टादशी नित्याकला 'परा' शक्ति है।

ताः सततं स्मरामि–मैं पूर्ववर्णित उन षोडशी तिथि नित्याकला आदि तीनों नित्याकलाओंका निरन्तर स्मरण करता हूँ॥४॥

जृम्भणबाणशक्त्यादीनां चतुष्कायुधशक्तीनां स्वरूपम्

सम्मोहिनीं चापशरीरशक्तिं
श्रीपाशशक्तिं वशकारिणीं च॥
तां स्तम्भनाख्यां सृणिशक्तिमन्या-
मेताः चतुष्कायुधशक्तिनाम्न्यः।
सर्वाः स्मितास्यामितमस्तकाः ता
वराभयाढ्या अरुणाः स्मरामि॥५॥

जृम्भण बाणशक्ति आदि चार आयुध शक्तियोंका स्वरूप

मैं यहाँ पर चार भागोंकी कल्पना करके उनमें स्थित जृम्भण करनेवाली बाणशक्ति, सम्मोहन करनेवाली चाप शक्ति, वशीकरण करनेवाली पाश शक्ति तथा स्तम्भन नामक अङ्कुश शक्तिका स्मरण करता हूँ; जो कि 'चार आयुध शक्ति' कहलाती हैं; सभी विहसित मुखसे युक्त अनगिनत मस्तकोंवाली, वर मुद्रा तथा अभय मुद्रासे युक्त, अरुण वर्णवाली हैं।

विमर्श–अब त्रिकोणके कल्पित चार भागोंमें स्थित जृम्भण बाण शक्ति आदि चार आयुध शक्तियोंके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–विचिन्त्येति।

विचिन्त्य भागञ्च चतुष्कमत्र–'अत्र' शब्दसे त्रिकोणका ग्रहण होता है। 'विचिन्त्य' शब्दसे कल्पनाका संकेत प्राप्त होता है। त्रिकोणको चार भागोंमें कल्पना करें। यहाँ पर त्रिकोणका वास्तविक विभाजन नहीं होता है; बल्कि यह विभाजन कल्पित ही है। त्रिकोणको चार भागोंमें विभाजन करते हैं तो प्रथम भागको अग्र भाग, द्वितीय भागको दक्ष भाग, तृतीय भागको वाम भाग तथा चतुर्थ भागको मध्य भाग कहते हैं।

तस्मिन् स्थिताम्–'तस्मिन्' शब्दसे त्रिकोणका ग्रहण होता है। 'स्थिता' शब्द प्रत्येक भागकी पृथक् शक्तिका बोध कराता है।

जृम्भणबाणशक्तिम्–पहली आयुध शक्ति है–जृम्भण बाणशक्ति। भगवती त्रिपुर सुन्दरीकी बाणशक्ति शत्रुको जृम्भित कर देती है। शत्रु आलस्य अवस्थाको प्राप्त करके जम्हाई लेता रहता है। उसकी बुद्धि काम नहीं करती है। यह शक्ति त्रिकोणके अग्र भागमें स्थित है।

सम्मोहिनीं चापशरीरशक्तिम्–दूसरी आयुध शक्ति है–सम्मोहन चापशक्ति। 'चाप' कहते हैं–धनुषको। भगवती त्रिपुरसुन्दरीकी चापशक्ति शत्रुको सम्मोहित कर देती है। उसकी तेजसे शत्रु मूर्छित हो जाता है। यह शक्ति त्रिकोणके दक्ष भागमें स्थित है।

श्रीपाशशक्तिं वशकारिणीम्–तीसरी आयुध शक्ति है–वशीकरण पाशशक्ति। भगवती त्रिपुर सुन्दरीकी यह पाशशक्ति शत्रुको वशमें कर लेती है। शत्रु पराधीन हो जाता है। वह मानसिक परतन्त्रताको प्राप्त हो जाता है। यह शक्ति त्रिकोणके वाम भागमें स्थित है।

स्तम्भनाख्यां सृणिशक्तिमन्याम्–चौथी आयुध शक्ति है– स्तम्भन अङ्कुशशक्ति। भगवती त्रिपुरसुन्दरीकी यह अङ्कुशशक्ति शत्रुकी मानसिक तथा शारीरिक दोनों प्रकारकी गतियों पर अङ्कुश लगाती है; शत्रुकी गतिको स्तम्भित कर देती है। यह सर्वस्तम्भनकारिणी शक्ति त्रिकोणके मध्य भागमें स्थित है।

एताः चतुष्कायुध-शक्ति-नाम्न्यः–भगवती त्रिपुरसुन्दरीकी चार शक्तियाँ 'बाणशक्ति, चापशक्ति, पाशशक्ति तथा अङ्कुशशक्ति' आयुध शक्तिके रूपमें ख्यात हैं। ये चार आयुध शक्तियाँ अपने-अपने कार्यके लिए प्रसिद्ध हैं।

ध्यान रहे कि बाणशक्ति आदि चार प्रधान आयुध शक्तियाँ नित्यरूपा हैं। आवश्यकतानुसार ये ही अनगिनत आयुध शक्तिके रूपमें प्रकटित होते हैं। इन्हीं चारोंमें महाविद्याओंकी आयुध शक्तियाँ भी अन्तर्भूत हैं। इसलिए यहाँ पर अलगसे इनकी उपासना नहीं की जाती है। नित्य आयुध शक्तियोंकी उपासनासे अनन्त आयुध शक्तियोंकी साधना स्वतः हो जाती है। यही परम रहस्य है।

सर्वाः–'सर्व' शब्दसे यहाँ पर जृम्भण बाणशक्ति आदि चार आयुध शक्तियोंका ग्रहण होता है।

स्मिताऽऽस्याऽमित-मस्तकाः–'आस्य' कहते हैं–मुखको। 'अमित' कहते हैं–अनगिनतको। जृम्भण बाणशक्ति आदि चार आयुध शक्तियोंके मुखकमल विहसित हैं। उनके मुखोंमें प्रसन्नता झलक रही है। जृम्भण बाणशक्ति आदि चार आयुध शक्तियाँ अनगिनत मस्तकवाली हैं। ये मस्तक विहसित मुखकमलोंसे युक्त हैं।

वराभयाढ्याः–जृम्भण बाणशक्ति आदि चार आयुध शक्तियाँ वर

मुद्रा तथा अभय मुद्रासे युक्त हैं।

अरुणाः–जृम्भण बाणशक्ति आदि चार आयुध शक्तियोंके शरीकी कान्ति अरुण वर्णकी है।

ताः स्मरामि–मैं पूर्ववर्णित उन जृम्भण बाणशक्ति आदि चार आयुध शक्तियोंका स्मरण करता हूँ॥५॥

त्रिकोण-चक्रेश्वर्याः श्रीत्रिपुराम्बिकायाः स्वरूपम्

इच्छासिद्धिसुशाक्तदर्शनमहाबीजाख्यमुद्रायुतां
श्रीनादाभिधसिद्धिहेतुरुचिरे चक्रे स्थितां नायिकाम्।
चन्द्रार्द्धाङ्कितदिव्यरत्नमुकुटां बालार्ककोटिप्रभां
वन्दे श्रीत्रिपुराम्बिकामभयदां विद्यावरस्रक्कराम्॥६॥

त्रिकोण चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिकाका स्वरूप

मैं नाद नामक सिद्धिके कारणस्वरूप सुन्दर चक्रमें स्थित चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिकाकी वन्दना करता हूँ; जो कि उगते हुए सूर्यकी करोडों किरणोंके समान कान्तिवाली है; अर्द्ध चन्द्राङ्कित दिव्य रत्नोंसे निर्मित मुकुटका धारण करनेवाली है; अभय मुद्रा, पुस्तक, वर मुद्रा तथा अक्षमालासे युक्त हाथोंवाली है; इच्छा सिद्धि, शाक्त दर्शन तथा सर्वबीजा नामक मुद्रासे युक्त है।

विमर्श–अब त्रिकोण चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिकाके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–इच्छासिद्धिसुशाक्तदर्शनमहाबीजाख्यमुद्रायुतामिति।

इच्छासिद्धि-सुशाक्तदर्शनमहाबीजाख्यमुद्रायुताम्–त्रिकोण चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिका यहाँ पर ग्यारह सिद्धियोंसे एक 'इच्छा सिद्धि', ग्यारह दर्शनोंसे एक 'शाक्त दर्शन' तथा ग्यारह मुद्राओंसे एक 'सर्वबीजा मुद्रा'की विशिष्ट शक्तिसे युक्त है।

श्रीनादाभिधसिद्धिहेतुरुचिरे चक्रे स्थितां नायिकाम्–त्रिकोण चक्रको 'नाद चक्र' भी कहते हैं। सभी सिद्धियोंका कारण रूप होनेसे

यह 'सर्वसिद्धिप्रद चक्र' कहलाता है। यह चक्र अत्यन्त सुन्दर है; दर्शनीय है। 'त्रिपुराम्बिका' त्रिकोण चक्रमें चक्रेश्वरीके रूपमें स्थित है।

चन्द्रार्द्धाङ्कित-दिव्य-रत्नमुकुटाम्–त्रिकोण चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिकाने अपने मस्तक पर दिव्य रत्नोंसे निर्मित मुकुटका धारण किया है। मुकुट अर्द्ध चन्द्रसे युक्त है।

बालार्ककोटि-प्रभाम्–त्रिकोण चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिकाके शरीरकी कान्ति उगते हुए सूर्यके करोड़ों किरणोंके समान प्रकाशमान है। वह सिन्दूरवर्णा कहलाती है।

अभयदां विद्या-वर-स्रक्कराम्–त्रिकोण चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिकाके हाथोंमें अभय मुद्रा, पुस्तक, वर मुद्रा तथा अक्षमाला सुशोभित हो रहे हैं। वह 'चतुर्भुजा' है।

श्रीत्रिपुराम्बिकाम्–पराशक्ति त्रिकोण चक्रमें 'त्रिपुराम्बिका'के नामसे चक्रेश्वरीके रूपमें विराजमान है।

वन्दे–मैं पूर्ववर्णित सर्वसिद्धिप्रद त्रिकोण चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिकाकी वन्दना करता हूँ॥६॥

॥ इति नवमावरणम् ॥

●

दशमावरणम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

बिन्दु-चक्रस्य निरूपणम्

भूयोऽन्यं श्रीबैन्दवाख्यं सुचक्रं
दिव्यं साक्षाच्छ्रीशिवात्माभिधं च।
देदीप्ताभं मिश्रबिन्दुस्वरूपं
सर्वानन्दस्वप्रकाशं स्मरामि॥१॥

बिन्दु चक्रका निरूपण

मैं पुनः एक अन्य बिन्दु नामक सुन्दर चक्रका स्मरण करता हूँ; जो कि दिव्य रूपवाला है; साक्षात् शिवात्मक है; दीप्त कान्तिवाला है; शुक्ल तथा अरुणके मिश्र वर्णवाले बिन्दु रूप है तथा सर्वानन्दमय है।

विमर्श–अब बिन्दु चक्रका निरूपण किया जा रहा है–भूय इति।

भूयोऽन्यं श्रीबैन्दवाख्यं सुचक्रं दिव्यम्–त्रिकोण चक्रके निरूपण-के बाद पुनः एक दूसरे चक्रका निरूपण किया जा रहा है जो कि बिन्दु चक्रके नामसे जाना जाता है। श्रीचक्रमें दशवाँ चक्र है–बिन्दु चक्र। बिन्दु चक्रको 'बैन्दव चक्र' भी कहते हैं। यह चक्र अलौकिक रूपसम्पन्न है।

साक्षाच्छ्रीशिवात्माभिधम्–बिन्दु चक्रको 'शिव चक्र' भी कहते हैं; क्योंकि यहाँ पर बिन्दुके रूपमें शिव विराजमान है। इसलिए सदैव 'बिन्दु' शब्दसे शिवका ग्रहण होता है।

देदीप्ताभम्–बिन्दु चक्र उद्दीप्त कान्तिवाला है। यह अत्यन्त

चमकीला है।

मिश्रबिन्दुस्वरूपम्–बिन्दु चक्र श्वेत तथा रक्त वर्णके मिश्रणसे युक्त कान्तिवाला है। शिव श्वेत वर्णका प्रतीक है तथा शक्ति रक्त वर्णका। शिव यहाँ पर शक्तिसे युक्त है अतः मिश्र वर्णवाला कहलाता है। शिवकी प्रधानताके कारण बिन्दु चक्र 'शिवचक्र'के नामसे ख्यात है। ऐसे भी बिन्दु 'शिव'का प्रतीक है।

सर्वानन्दस्वप्रकाशम्–बिन्दु चक्रको 'सर्वानन्दमय चक्र' भी कहते हैं; क्योंकि इस चक्रमें स्थित शिव आनन्द स्वरूप है। यहाँ पर प्रकाश कहते हैं–रूपको। सभी प्रकारके आनन्दका प्रदान करनेवाला बिन्दु चक्र सर्वानन्दमय चक्रके रूपमें ख्यात है। आनन्दकी प्राप्ति होना बिन्दु चक्रकी उपासनाका फल है। यही इसका माहात्म्य है।

स्मरामि–मैं पूर्ववर्णित उस बिन्दु-चक्रका स्मरण करता हूँ॥१॥

रत्यादीनां पञ्चदशपरापरयोगिनीनां स्वरूपम्

आदौ रतिं प्रीतिमथो मनोभवां
श्रीद्राविणीं क्षोभणिकां वशीकराम्।
आकर्षिणीं चैव सुमीनकेतनां
भूयोऽन्यदेवीं सुभगां भगां तथा॥
श्रीसर्पिणीं तां भगपूर्वरूपिणीं
भूयः च शक्तिं भगमालिनीं तथा।
देवीमनङ्गां समनङ्गमेखलां
चानङ्गपूर्वां मदनातुरामिमाः॥
रक्ताः सुपाशाङ्कुशबाणचापकान्
करैः दधाना मणिमाल्यभूषिताः।
परापरायोगिनिकाः स्मराम्यहम्॥२॥

रति आदि पन्द्रह देवियोंका स्वरूप

मैं पहले रति; उसके बाद प्रीति, मनोभवा, द्राविणी, क्षोभिणी, वशिनी, आकर्षिणी तथा सुमीनकेतना; पुनः अन्य देवी सुभगा तथा भगा, उस भगंसर्पिणी, पुनः देवी भगमालिनी; उस प्रकार देवी अनङ्गा, अनङ्ग मेखला तथा अनङ्ग मदनातुरा; इन देवियोंका स्मरण करता हूँ; जो कि रक्त वर्णकी हैं; मणिकी मालाका धारण करनेवाली हैं; हाथोंसे पाश, अङ्कुश, बाण तथा धनुषका धारण किया है तथा परापर योगिनियाँ कहलाती हैं।

विमर्श–अब बिन्दु चक्रमें स्थित रति आदि पन्द्रह देवियोंके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–आदाविति।

आदौ–रति आदि पन्द्रह देवियाँ बिन्दु चक्रमें पश्चिमादि वामावर्त क्रमसे वृत्ताकार रूपसे विराजमान हैं। 'आदि' शब्दसे सङ्केत मिलता है कि पहली उपासना पश्चिम दिशामें स्थित रतिकी ही होती है।

रतिम्–पहली देवी है–रति देवी। यह देवी कामकी मूल अवस्थाकी शक्ति है। प्रत्येक प्राणीमें स्वाभाविक रूपसे रतिकी अवस्थिति होती है। अवस्थाकी वृद्धिके साथ इसके प्रभाव भी देखनेको मिलते हैं और युवावस्था तक पन्द्रह अवस्थाओंमें पन्द्रह देवियोंके रूपसे दिखाई देती है। रति देवी स्वाभाविक काम भावनाके प्रतीकके रूपमें ख्यात है।

प्रीतिम्–दूसरी देवी है–प्रीति देवी। यह देवी स्वाभाविक रूपसे प्राणीमें विराजमान है। प्रत्येक प्राणीमें स्वभावतः प्रेम भावनाकी उपस्थिति होती है। किसी पदार्थसे प्रेम करनेकी भावनाको 'प्रीति' कहते हैं। यह प्रीति बिन्दु चक्रमें प्रेम भावनाकी अधिष्ठात्री देवीके रूपमें स्थित है।

मनोभवाम्–तीसरी देवी है–मनोभवा देवी। 'भव' कहते हैं–उत्पन्नको। मनसे उत्पन्न होनेके कारण काम भावनाकी अधिष्ठात्री देवीको 'मनोभवा देवी' कहते हैं। भावनाओंका अङ्कुरण इसी

अवस्थामें होता है। यहींसे इसका प्रभाव दिखाई देने लगता है।

श्रीद्राविणीम्–चौथी देवी है–द्राविणी देवी। इस अवस्थामें द्रावणात्मक कार्यका प्रारम्भ हो जाता है। इस देवीको द्रावण करनेकी शक्ति प्राप्त है।

क्षोभणिकाम्–पाँचवीं देवी है–क्षोभिणी देवी। इस अवस्थामें शान्त हृदयमें क्षोभण उत्पन्न होता है। क्षोभिणी देवीको क्षोभण करनेकी शक्ति प्राप्त है।

वशीकराम्–छठवीं देवी है–वशिनी देवी। इस अवस्थामें हृदय अपने वशमें नहीं रहता है। वशिनी देवी सभीको अपने वशमें कर सकती है।

आकर्षिणीम्–सातवीं देवी है–आकर्षिणी देवी। इस अवस्थामें आकर्षणकी शक्तिमें वृद्धि हो जाती है। व्यक्ति आकर्षक बन जाता है। आकर्षिणी देवीको आकर्षण करनेकी शक्ति प्राप्त है।

सुमीनकेतनाम्–आठवीं देवी है–सुमीनकेतना। इस अवस्थामें कामका प्रभाव शारीरिक रूपसे दिखाई पड़ता है। यह अवस्था 'मध्यावस्था' कहलाती है। देवी सुमीनकेतना शारीरिक दशाका नियन्त्रण करती है। कामका अन्य नाम है–मीनकेतन। उसकी शक्ति मीनकेतना है। मीनकेतनाकी स्वाभाविक दशा रतिसे लेकर आकर्षिणी तक है। आठवीं दशामें दशाकी नायिका स्वयं है। यहाँसे यह शारीरिक दशाकी ओर अग्रसर होती है।

सुभगाम्–नौवीं देवी है–सुभगा देवी। 'भग' कहते हैं–योनिको। यह शारीरिक विकासकी पूर्वावस्था है। 'सु' शब्द इसी अवस्थाका सङ्केत करता है जो कि शुभ और पवित्रका द्योतक है।

भगाम्–दशवीं देवी है–भगा देवी। यह शरीरकी पूर्ण विकसित अवस्था है। इसमें शारीरिक विकास पूर्णताको प्राप्त कर लेता है।

श्रीसर्पिणीं तां भगपूर्वरूपिणीम्–ग्यारहवीं देवी है–भगसर्पिणी

देवी। 'सर्प' कहते हैं–गमनको। यह 'सरकना क्रिया'के रूपमें भी जाना जाता है। यहाँ पर भगका सरकना है–अग्रिम अवस्थाको प्राप्त होकर प्रथम पुष्पिणी होना। यह अवस्था 'प्रथम पुष्पावस्था' है।

भगमालिनीम्–बारहवीं देवी है–भगमालिनी देवी। इस अवस्थामें शारीरिक पुष्पविकास चरमोत्कर्षको प्राप्त करता है। 'माला' शब्द निरन्तर पुष्पगतिका सङ्केत देता है। यहाँ तक शारीरिक विकासका विवेचन किया गया। यहाँ तक शारीरिक अवस्थाका विवेचन किया गया। अब मानसिक अवस्थाका विवेचन किया जा रहा है।

अनङ्गाम्–तेरहवीं देवी है–अनङ्गा देवी। 'अनङ्ग' कहते हैं–कामदेवको। अनङ्गा देवी कामकी शक्ति है। कामका उद्रेक सदैव मानसिक होता है। यदि कामका उद्रेक मनमें न हो तो शारीरिक उपभोग निरस होता है। मानसिक कामकी दशाका नियन्त्रण अनङ्गा देवी करती है। यह अवस्था कामोद्रेककी अवस्था कहलाती है।

समनङ्गमेखलाम्–चौदहवीं देवी है–अनङ्गमेखला देवी। 'मेखला' कहते हैं–वलयको। एक बार जब कामकी भावनाका उद्रेक होता है तब बार-बार चिन्तन करनेके कारण चिन्तक कामके वशमें होकर कामके वलयके अन्दर नियन्त्रित हो जाता है। यह 'कामदशाग्रस्त'की अवस्था कहलाती है।

अनङ्गपूर्वां मदनातुराम्–पन्द्रहवीं देवी है–अनङ्गमदनातुरा देवी। इस अवस्थामें कामकी दशासे ग्रस्त व्यक्ति अत्यन्त कामुक बन जाता है और अपने कामके लक्ष्यको प्राप्त करनेके लिए आतुर बन जाता है। यह कामकी तीव्र भावनाकी उत्कर्ष स्थिति है। इस अवस्थामें कामकी मानसिक दशा 'व्यष्टि' रूपसे पूर्णताको प्राप्त होती है।

इमाः–बिन्दु चक्रमें पश्चिमादि वामावर्त क्रमसे स्थित रति आदि सभी पन्द्रह देवियाँ पन्द्रह अवस्थाओंकी अधिष्ठात्री शक्तियाँ हैं। ये शक्तियाँ कामदशाकी शक्तियोंके रूपमें जानी जाती हैं। 'इमाः' शब्दसे पूर्ववर्णित रति आदि पन्द्रह देवियोंका ग्रहण होता है।

रक्ताः–बिन्दु चक्रमें स्थित रति आदि सभी पन्द्रह देवियोंके शरीरकी कान्ति रक्त वर्णकी है।

मणिमाल्यभूषिताः–बिन्दु चक्रमें स्थित रति आदि सभी पन्द्रह देवियोंने मणियोंसे निर्मित मालाओंका धारण किया है।

सुपाशाङ्कुशबाणचापकान् करैर्दधानाः–बिन्दु चक्रमें स्थित रति आदि सभी पन्द्रह देवियोंने अपने हाथोंमें पाश, अङ्कुश, बाण तथा धनुषका धारण किया है। ये सभी देवियाँ 'चतुर्भुजा' हैं।

परापरा योगिनिकाः–बिन्दु चक्रमें स्थित रति आदि सभी पन्द्रह देवियाँ 'परापरयोगिनी' कहलाती हैं। ये श्रीचक्रके अन्तर्गत सभी दश चक्रोंकी योगिनियोंमे सबसे परे होनेके कारण 'परापर' योगिनियोंके रूपमें ख्यात हैं। ये पञ्चमहाभूतात्मक होनेके कारण 'योगिनी' पदका धारण करती हैं।

स्मराम्यहम्–मैं पूर्ववर्णित बिन्दु चक्रमें स्थित रति आदि सभी पन्द्रह देवियोंका स्मरण करता हूँ।

ध्यान रहे कि श्रीचक्रमें बिन्दु चक्र 'सर्वानन्दमय' नामक चक्रके रूपमें ख्यात है। 'मयट्' प्रत्यय यहाँ पर प्राचुर्यके अर्थमें प्रयुक्त हुआ है। इस चक्रमें वैषयिक आनन्दकी प्राप्तिके लिए रति आदि पन्द्रह देवियोंकी उपासना की जाती है। इसमें कामकी पन्द्रह अवस्थाओंका वर्णन किया गया है। रति आदि पन्द्रह देवियाँ इन पन्द्रह अवस्थाओंकी अधिष्ठात्री शक्तियाँ हैं। कामकी स्वाभाविक, शारीरिक तथा मानसिक दशाके विचार यहाँ पर प्राप्त होते हैं॥२॥

बिन्दु-चक्रेश्वर्याः त्रिपुरभैरव्याः स्वरूपम्

आदित्यमण्डलनिभां नरमुण्डमालां
सोमाग्निसूर्यनयनां शिवचक्रनाथाम्।
खण्डेन्दुराजमुकुटां नवयौवनाढ्यां
माणिक्यरत्नखचितारुणवस्त्रभूषाम्॥

संलिप्तशोणितकुचद्वययुक्तदेहां
मालास्वभीतिवरपुस्तकपाणिपद्माम्।
बिन्दौ हि लब्धिशुभयोनिसुशैवशास्त्रैः
युक्तां स्मितां त्रिपुरभैरविकां नमामि।।३।।

बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीका स्वरूप

मैं बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीको नमस्कार करता हूँ; जो कि सूर्यमण्डलके समान रक्त वर्णकी कान्तिवाली नवयुवती है; नर मुण्डोंकी मालासे युक्त है; चन्द्र, सूर्य तथा अग्नि रूपी तीन आँखोंवाली है; मस्तक पर अर्द्ध चन्द्रका धारण करनेवाली है; माणिक्य रत्नोंसे युक्त लाल वर्णके वस्त्रोंसे अलङ्कृत है; रक्तसे लिप्त स्तनयुगलसे युक्त शरीरवाली है; हाथोंमें अक्षमाला, अभय मुद्रा, वर मुद्रा तथा पुस्तकका धारण करनेवाली है; बिन्दु चक्रमें प्राप्ति सिद्धि, योनि मुद्रा तथा शैव दर्शनसे युक्त तथा विहसित मुखवाली है।

विमर्श–अब बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–आदित्यमण्डलनिभामिति।

आदित्यमण्डलनिभाम्–'आदित्य' कहते हैं–सूर्यको। 'मण्डल' शब्दसे प्रातःकालीन सूर्यका सङ्केत मिलता है। बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुर-भैरवीके शरीरकी कान्ति उगते हुए सूर्यके समान लाल वर्णकी है।

नरमुण्डमालाम्–बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीने नर मुण्डोंसे निर्मित मालाका धारण किया है।

सोमाग्निसूर्यनयनाम्–बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीकी तीन आँखें हैं। इसलिए वह 'त्रिनेत्रा' कहलातो है। 'चन्द्र, सूर्य तथा अग्नि' ये सदैव तीन आँखोंके रूपमें जाने जाते हैं। 'त्रिनयना' होनेके कारण बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीकी चन्द्र, सूर्य तथा अग्नि रूपी तीन नेत्र हैं।

शिवचक्रनाथाम्–बिन्दु चक्रको 'शिवचक्र' भी कहते हैं। बिन्दुको शिवके रूपमें परिभाषित किया गया है। इसलिए बिन्दु चक्र

'शिवात्मक' कहलाता है। 'नाथा' कहते हैं–अधिष्ठात्रीको। त्रिपुरभैरवी बिन्दु चक्रकी अधिष्ठात्री शक्ति है।

खण्डेन्दुराजमुकुटाम्–'खण्डेन्दु' कहते हैं–अर्द्ध चन्द्रको। बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीने अपने मस्तक पर मुकुटके रूपमें अर्द्ध चन्द्रका धारण किया है।

नवयौवनाढ्याम्–बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवी नवयुवति है। उसकी अवस्था प्रथम यौवनकी अवस्था है।

माणिक्यरत्नखचितारुणवस्त्रभूषाम्–बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीने लाल वर्णके वस्त्रोंका धारण किया है। वे वस्त्र माणिक्य रत्नोंसे जड़े हुए हैं।

संलिप्तशोणितकुचद्वययुक्तदेहाम्–'शोणित' कहते हैं–रक्तको। बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीने नर मुण्डोंकी मालाका धारण किया है। प्रतीत होता है कि वे नरमुण्ड तत्काल कटे हुए हों। नरमुण्डोंसे रक्तस्राव हो रहा है अतः बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीका वक्षस्थल रक्तसे आर्द्र है। उसके दोनों स्तन रक्तसे संलिप्त है। ऐसे स्तनयुगलसे युक्त है बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीका शरीर।

मालास्वभीतिवरपुस्तकपाणिपद्माम्–बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवी 'चतुर्भुजा' है। उसके चारों हाथोंमें अक्षमाला, अभय मुद्रा, वर मुद्रा तथा पुस्तक सुशोभित हो रहे हैं। 'सु' शब्दके योगसे अभयकी निश्चितताका बोध होता है।

बिन्दौ हि लब्धि-शुभयोनि-सुशैवशास्त्रैर्युक्ताम्–'लब्धि' कहते हैं–प्राप्तिको। बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीको एक सिद्धि, एक मुद्रा तथा एक दर्शनकी विशिष्ट शक्ति प्राप्त है। यहाँ पर ग्यारह सिद्धियोंमें एक 'प्राप्ति सिद्धि', ग्यारह मुद्राओंमें एक 'योनि मुद्रा' तथा ग्यारह दर्शनोंमें एक 'शैव दर्शन' स्थित हैं।

स्मिताम्–बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीका मुख विहसित है। उसके मुखमें प्रसन्नता झलक रही है। प्रसन्नस्वरूपा शक्तिकी उपासनासे

प्रसन्नताकी प्राप्ति होती है। ऐसे भी बिन्दु चक्र स्वतः 'सर्वानन्दमय चक्र' कहलाता है।

त्रिपुरभैरविकाम्–पराशक्ति त्रिपुरसुन्दरी बिन्दु चक्रमें 'त्रिपुर-भैरवी'के नामसे ख्यात है। 'त्रिपुरभैरवी' बिन्दु चक्रकी अधिष्ठात्री शक्ति चक्रेश्वरीके रूपमें जानी जाती है।

ध्यान रहे कि महाविद्याके रूपमें केवल 'भैरवी'का स्थान है; न कि 'त्रिपुरभैरवी'का।

नमामि–मैं उस पूर्ववर्णित बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीको नमस्कार करता हूँ।।३।।

॥ इति दशमावरणम् ॥

एकादशावरणम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

बैन्दव-चक्रान्तर्गत-कल्पित-श्रीमहाबैन्दव-चक्रस्य निरूपणम्

सर्वानन्दाख्यचक्रान्तरस्थ-
मन्यं चक्रं श्रीमहाबैन्दवाख्यम्।
सद्रूपं वै परब्रह्मतत्त्वं
वन्देऽद्वैतं केवलं स्वप्रकाशम्॥१॥

बिन्दु चक्रान्तर्गत महाबैन्दव चक्रका निरूपण

मैं सर्वानन्दमय चक्रके अन्तर्गत महाबैन्दव नामक एक अन्य चक्रकी वन्दना करता हूँ; जो कि परब्रह्म तत्त्वात्मक एकमात्र अद्वैत स्वरूप है।

विमर्श–अब बिन्दु चक्रान्तर्गत कल्पित महाबैन्दव चक्रके स्वरूपका निरूपण किया जा रहा है–सर्वानन्दाख्यचक्रान्तरस्थमितिं।

सर्वानन्दाख्यचक्रान्तरस्थमन्यं चक्रम्–'अन्यं चक्रम्' शब्दसे बिन्दु चक्रके बाद एक दूसरे चक्रका निरूपण किया जा रहा है। हमने पहले देखा कि बिन्दु चक्रको सर्वानन्दमय चक्र कहते हैं और यह श्रीचक्रमें दशम चक्रके रूपमें जाना जाता है। उसी बिन्दु चक्रके अन्तर्गत एक दूसरे चक्रकी कल्पना की गयी है।

श्रीमहाबैन्दवाख्यम्–सर्वानन्दमय बिन्दु चक्रके अन्तर्गत स्थित अन्य चक्रका नाम है–महाबैन्दव चक्र। यह चक्र कल्पित है। 'महा' शब्द सङ्केत करता है कि इसकी उपासनासे महान् आनन्दकी प्राप्ति होती है।

सद्रूपं वै परब्रह्मतत्त्वम्–सर्वानन्दमय बिन्दु चक्रके अन्तर्गत कल्पित महाबैन्दव चक्र 'परब्रह्मात्मक चक्र' कहलाता है। परब्रह्म आनन्द-स्वरूप है। इसकी उपासनासे आनन्दकी अनुभूति होती है।

अद्वैतं केवलं स्वप्रकाशम्–'अद्वैत' कहते हैं–एकको। जहाँ पर 'एक' है वहाँ द्वित्वका अभाव है। यहाँ पर परब्रह्म और माया अर्थात् पुरुष और प्रकृतिकी अलग-अलग सत्ता नहीं है। सत्ता तो एकमात्र परब्रह्मकी है। परब्रह्म सच्चिदानन्द स्वरूप है। इसीमें इच्छा-ज्ञान-क्रियात्मिका शक्ति विश्रान्तिको प्राप्त करती है। 'केवल' शब्द एकमात्र परब्रह्मकी सत्ताका बोध कराता है। 'स्वप्रकाश' शब्दसे स्वरूपका सङ्केत प्राप्त होता है। परब्रह्म अद्वैतस्वरूप है। परब्रह्मकी अवस्थिति होनेके कारण यह महाबैन्दव चक्र 'अद्वैतस्वरूपात्मक' कहलाता है।

वन्दे–मैं पूर्ववर्णित उस सर्वानन्दमय बिन्दु चक्रके अन्तर्गत कल्पित महाबैन्दव चक्रकी वन्दना करता हूँ॥१॥

महाबैन्दव-चक्रेश्वर्याः त्रिपुरसुन्दर्याः स्वरूपम्

साक्षाच्छ्रीकुलकौलदर्शनमहामुद्रात्रिखण्डायुतां
देवीं सर्वसुकामसिद्धिसहितां ब्रह्मात्मचक्रे स्थिताम्।
रक्तां पाशधनुःशराङ्कुशधरां दिव्यां जगन्मोहिनीं
वन्दे त्रैपुरसुन्दरीं समरसाकाराख्यचक्रेश्वरीम्॥२॥

महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरीका स्वरूप

मैं साक्षात् श्रीशक्तिसे सम्बन्धित कौल दर्शन, त्रिखण्डा महामुद्रा तथा सर्वकाम सिद्धिसे युक्त; रक्त वर्णकी कान्तिवाली; पाश, धनुष, बाण तथा अङ्कुशका धारण करनेवाली; दिव्य रूपवाली; जगतको मोहित करनेवाली तथा समरसाकार नामक ब्रह्मात्म चक्रमें स्थित देवी त्रिपुरसुन्दरीकी वन्दना करता हूँ।

विमर्श–अब महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरीके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–साक्षाच्छ्रीकुलकौलदर्शनमहामुद्रात्रिखण्डायुतामिति।

साक्षाच्छ्री-कुल-कौल-दर्शन-महामुद्रा-त्रिखण्डा-युताम्–महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी ग्यारह दर्शनोंमें 'कौल दर्शन' तथा ग्यारह मुद्राओंमें 'त्रिखण्डा महामुद्रा'से युक्त है। 'कुल' कहते हैं–शक्तिको। यहाँ पर साक्षात् 'श्री' कुल कहलाती है। 'कुल'से सम्बन्धित दर्शन 'कौल दर्शन' कहलाता है। 'त्रिखण्डा महामुद्रा'से त्रिपुराका आह्वान किया जाता है।

सर्वसुकामसिद्धिसहिताम्–महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी ग्यारह सिद्धियोंमें 'सर्वकाम सिद्धि'से युक्त है। यहाँ पर 'सु' शब्दके संयोजनसे सङ्केत प्राप्त होता है कि लोक कल्याणकी कामना शीघ्र फलवती होती है। इसलिए सदैव कल्प वृक्षके नीचे अच्छी कामना करनी चहिए।

देवीम्–महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी दिव्य शक्तियोंसे युक्त होनेके कारण 'देवी'के रूपमें प्रसिद्ध है।

रक्ताम्–महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरीके शरीरकी कान्ति रक्त वर्णकी है। वह 'रक्तवर्णा' कहलाती है।

पाशधनुःशराङ्कुशधराम्–महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरीकी चार भुजाएँ हैं। इसलिए वह 'चतुर्भुजा' कहलाती है। उसके चारों हाथोंमें पाश, धनुष, बाण तथा अङ्कुश सुशोभित हो रहे हैं।

दिव्यां जगन्मोहिनीं त्रैपुरसुन्दरीम्–सर्वानन्दमय चक्रके अन्तर्गत कल्पित महाबैन्दव चक्रमें त्रिपुरसुन्दरी चक्रेश्वरीके रूपमें विराजमान है। इच्छा-ज्ञान-क्रियात्मिका त्रिपुरा सम्पूर्ण जगतको मोहित करनेमें पूर्णरूपसे समर्थ है; क्योंकि सम्पूर्ण जगत त्रिपुरात्मक ही है। इस त्रिपुरात्मक जगतमें सीमित लौकिक पदार्थको सीमित लौकिक पदार्थ मोहित करनेमें समर्थ तो हो सकता है, न कि असीमित पदार्थको। सम्पूर्ण जगतको मोहित करनेवाली सुन्दरी दिव्यस्वरूपा त्रिपुरा है।

ब्रह्मात्मचक्रे स्थिताम्–महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरीका अवस्थान सर्वानन्दमय चक्रके अन्तर्गत कल्पित महाबैन्दव चक्रमें है। महाबैन्दव

चक्रको ही परब्रह्मात्मक चक्र कहते हैं।

समरसाकाराख्यचक्रेश्वरीम्–सर्वानन्दमय चक्रके अन्तर्गत कल्पित महाबैन्दव चक्रमें 'शिव तथा शक्ति' दोनोंका अवस्थान है। परम प्रकाश शिवको सच्चिदानन्दस्वरूप कहते हैं। इच्छा-ज्ञान-क्रियात्मिका शक्ति उसकी प्रकृति है। सत्स्वरूपका आभासन उसकी इच्छात्मिका शक्तिमें होती है। चित्स्वरूपका आभासन उसकी ज्ञानात्मिका शक्तिमें होती है और आनन्दस्वरूपका आभासन उसकी क्रियात्मिका शक्तिमें होती है। इच्छात्मिका शक्तिको 'परा शक्ति', ज्ञानात्मिका शक्तिको 'परापरा शक्ति' तथा क्रियात्मिका शक्तिको 'अपरा शक्ति' कहते हैं।

सदैव ध्यान रहे कि चेतन एकमात्र 'केवल' है और एकमात्र शिव ही चैतन्यस्वरूप है। चेतनसे भिन्न पदार्थ सदैव जड़ होता है और जड़ पदार्थ चेतनसे ही आभासित होता है। शिवसे भिन्न शक्ति है और शक्ति जडात्मिका प्रकृति है। शक्तिकी स्वतन्त्र सत्ता नहीं है। वह सदैव चैतन्यस्वरूप शिव पर आश्रित है। इसलिए वह 'शिवाश्रया' कहलाती है। सच्चिदानन्दस्वरूप शिव 'ब्रह्म'के रूपमें जाना जाता है; जबकि शक्ति 'माया'के रूपमें जानी जाती है। इसलिए माया 'ब्रह्माश्रया' कहलाती है। इस प्रकारसे जडात्मिका होनेके कारण शक्ति चैतन्यस्वरूप शिवसे भिन्न रूपमें तथा नित्य आश्रिता होनेके कारण सत्स्वरूप शिवसे अभिन्न रूपमें भासित हो रही है। इस प्रकारसे शिव शक्तिका 'आधार' है और उस पर शक्ति 'आधेय'के रूपमें विराजमान है, किन्तु यहाँ पर स्वतन्त्र सत्तावाले दो पदार्थोंके समान शिव और शक्तिमें 'आधाराधेय' भावका सम्बन्ध विद्यमान नहीं है।

शक्ति 'शिवजाया' कहलाती है। 'जाया'का अर्थ है–भार्या। जिस प्रकार भार्याकी उत्पत्ति पतिसे नहीं हो सकती उसी प्रकार शक्तिकी उत्पत्ति शिवसे कदापि नहीं हो सकती है। चेतनसे जड़की उत्पत्ति कदापि सम्भव नहीं है। इसलिए चैतन्यस्वरूप शिवसे जडात्मिका

शक्तिकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है, किन्तु शक्ति ही एकमात्र ऐसी जडात्मिका उपाधि है कि जिसमें चैतन्यस्वरूप शिवका आभासन सम्भव है।

शिवके चैतन्यस्वरूपका आभासन उसकी ज्ञानात्मिका शक्ति 'परापरा'में होती है। इसलिए 'परापरा' शक्ति 'अखिल-चेतनारूपिणी' शक्तिके रूपमें जानी जाती है और यह सूक्ष्म रूपसे सर्वत्र विद्यमान रहती है।

शिवके सत्स्वरूपका आभासन उसकी इच्छात्मिका शक्ति 'परा'में होती है और यह 'परा' शक्ति सर्वत्र कारण रूपसे विद्यमान रहती है। इसलिए 'परा' शक्ति सदैव 'अखिलकारण-रूपिणी'के रूपमें जानी जाती है।

शिवके आनन्द-स्वरूपका आभासन उसकी क्रियात्मिका शक्ति 'अपरा'में होती है और यही 'अपरा' शक्ति सर्वत्र स्थूल रूपसे विद्यमान रहती है। इसलिए 'अपरा' शक्ति 'अखिलप्रपञ्चरूपिणी'के रूपमें जानी जाती है।

सच्चिदानन्दस्वरूप शिवसे सत्, चित् तथा आनन्दको भिन्न रूपसे देखा नहीं जा सकता है। उसी प्रकार इच्छा-ज्ञान-क्रियात्मिका शक्तिसे इच्छा, ज्ञान और क्रियाको भिन्न रूपसे देखा नहीं जा सकता है। पदार्थका स्वरूप पदार्थसे कदापि भिन्न नहीं है; क्योंकि स्वरूपके नष्ट होने पर पदार्थ स्वतः नष्ट हो जाता है। इसलिए सच्चिदानन्द-स्वरूप शिव 'महात्रिपुरसुन्दर' तथा 'महाकामेश्वर'के रूपमें जाना जाता है; जबकि इच्छा-ज्ञान-क्रियात्मिका शक्ति 'महात्रिपुरसुन्दरी' तथा 'महाकामेश्वरी'के रूपमें जानी जाती है।

सर्वानन्दमय चक्रके अन्तर्गत कल्पित महाबैन्दव परब्रह्मात्मक चक्रमें शिव तथा उसकी शक्ति समरसात्मभावसे विराजमान हैं। 'समरसाकार'का अर्थ है–नित्य; एक भावमें स्थित रहना। जैसा कि हमने देखा शिव अपने सच्चिदानन्दस्वरूपसे कदापि च्युत नहीं होता

है और न ही शक्ति अपनी इच्छा-ज्ञान-क्रियात्मिका भावका परित्याग करती है। यही शिव और शक्तिकी समरसता है। इसलिए महाबैन्दव नामक परब्रह्मात्मक चक्रको 'समरसाकार' चक्र कहते हैं। त्रिपुरसुन्दरी इसी समरसाकार चक्रकी ईश्वरी है।

वन्दे–मैं पूर्ववर्णित उस परब्रह्मात्मक महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुर-सुन्दरीकी वन्दना करता हूँ।।२।।

कल्पित-षट्कोणे ब्रह्मादीनां षट्शाम्भवानां स्वरूपम्

षट्कोणकं तत्र पुनः विचिन्त्य
षट्शाम्भवान् नौमि पुनः क्रमेण।।३।।

कल्पित षट्कोणमें ब्रह्मा आदि छह शाम्भवोंका स्वरूप

मैं फिर वहाँ पर षट्कोणकी कल्पना करके फिर क्रमसे छह शाम्भवोंको नमस्कार करता हूँ।

विमर्श–अब कल्पित षट्कोणमें ब्रह्मा आदि छह शाम्भवोंके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–षट्कोणकमिति।

षट्कोणकं तत्र पुनर्विचिन्त्य–'तत्र' शब्दसे यहाँ पर महाबैन्दव चक्रका ग्रहण होता है। कल्पित त्रिकोणके निरूपणके बाद फिर महाबैन्दव चक्रमें एक षट्कोणकी कल्पना की जाती है। यह षट्कोण कल्पित है।

पुनः क्रमेण षट्शाम्भवान्–महाबैन्दव चक्रके अन्तर्गत कल्पित षट्कोणमें छह शाम्भवोंकी उपासना की जाती है। ये छह शाम्भव हैं–१. ब्रह्मा शाम्भव, २. विष्णु शाम्भव, ३. रुद्र शाम्भव, ४. ईश्वर शाम्भव, ५. सदाशिव शाम्भव तथा ६. आदिनाथ शाम्भव। कार्य तथा तत्त्वोंके अनुसार शम्भुकी ये पदवियाँ हैं। छह शाम्भवोंकी अवस्थिति मूलाधार आदि छह चक्रोंमें है। 'क्रमेण' शब्दसे सृष्टि क्रमके अन्तर्गत मूलाधारसे प्रारम्भ करनेके लिए सङ्केत किया गया है। क्रमका प्रकार है–१. मूलाधारमें ब्रह्मा शाम्भव, २. स्वाधिष्ठानमें

विष्णु शाम्भव, ३. मणिपुरमें रुद्र शाम्भव, ४. अनाहतमें ईश्वर शाम्भव, ५. विशुद्धिमें सदाशिव शाम्भव तथा ६. आज्ञामें आदिनाथ शाम्भव।

महाबैन्दव चक्रके अन्तर्गत कल्पित षट्कोणका निर्माण दो त्रिकोणके योगसे होता है। वे दो त्रिकोण हैं–एक ऊर्ध्व अग्रवाला तथा दूसरा अधः अग्रवाला।

यहाँ पर ऊर्ध्व अग्रवाले त्रिकोणके अग्र कोण पर निर्मित कोण आज्ञा चक्रका अधिष्ठाता आदिनाथ शाम्भवका स्थान है तथा अधः अग्रवाले त्रिकोणके अग्र कोण पर निर्मित कोण मूलाधार चक्रका अधिष्ठाता ब्रह्मा शाम्भवका स्थान है। ऊर्ध्व अग्रवाले त्रिकोणके वाम कोण पर निर्मित कोण विशुद्धि चक्रका अधिष्ठाता सदाशिव शाम्भव-का स्थान है तथा दक्षिण कोण पर निर्मित कोण स्वाधिष्ठान चक्रका अधिष्ठाता विष्णु शाम्भवका स्थान है। अधः अग्रवाले त्रिकोणके दक्ष कोण पर निर्मित कोण अनाहत चक्रका अधिष्ठाता रुद्र शाम्भवका स्थान है तथा वाम कोण पर निर्मित कोण मणिपुर चक्रका अधिष्ठाता ईश्वर शाम्भवका स्थान है।

षट्कोणके मध्य केन्द्रमें सहस्रारका अधिष्ठाता साक्षात् श्रीमहाशाम्भव विराजमान है।

दिशाओंके अनुसार हम इस प्रकार कह सकते हैं कि षट्कोणके १. पश्चिम दिशामें स्थित कोण मूलाधार चक्रमें ब्रह्मा शाम्भव, २. वायव्य कोण स्वाधिष्ठान चक्रमें विष्णु शाम्भव, ३. आग्नेय कोण मणिपुर चक्रमें रुद्र शाम्भव, ४. ईशान कोण अनाहत चक्रमें ईश्वर शाम्भव, ५. नैऋत्य कोण विशुद्धि चक्रमें सदाशिव शाम्भव, ६. पूर्व कोणमें आज्ञा चक्रमें आदिनाथ शाम्भव स्थित हैं।

षट्कोणके मध्य स्थित सहस्रारमें साक्षात् 'श्रीमहाशाम्भव' विराजमान हैं।

ध्यान रहे कि षट्कोणके उत्तर तथा दक्षिण दिशामें कोई कोण

नहीं होता है।

नौमि–मैं पूर्ववर्णित ब्रह्मा शाम्भव आदि छह शाम्भवोंको नमस्कार करता हूँ।।३।।

षट्कोणस्य मध्ये श्रीमहाशाम्भवस्य स्वरूपम्

मध्ये च साक्षात्स्थितचित्स्वरूपं
षडन्वयेशं हि महेतिपूर्वम्।
षडाननं द्वादशपाणिपद्मं
श्रीशाम्भवं चन्द्रधरं नमामि।।४।।

षट्कोणके मध्यमें श्रीमहाशाम्भवका स्वरूप

मैं मध्यमें श्रीमहाशाम्भवको नमस्कार करता हूँ; जो कि छह शाम्भवोंका ईश है; साक्षात् चैतन्यस्वरूप है; छह मुखोंवाला है; बारह हाथोंवाला है तथा मस्तक पर चन्द्रमाका धारण करनेवाला है।

विमर्श–अब षट्कोणके मध्यमें श्रीमहाशाम्भवके स्वरूपका वर्णन किया जा रहा है–मध्य इति।

मध्ये च महेतिपूर्वं षडन्वयेशम्–'च' शब्दसे पूर्ववर्णित षट्कोण-का ग्रहण होता है। 'अन्वय' कहते हैं–कुलको। शक्तिको 'कुल' कहते हैं और शम्भु 'कुलेश' कहलाता है। ब्रह्मा आदि छह शाम्भव 'षडन्वयेश' कहलाते हैं; जब कि षट्कोणके मध्यमें अवस्थित शाम्भव 'महाषडन्वयेश' अर्थात् 'महाकुलेश' कहलाता है। षट्कोणके मध्यमें सहस्रारकी अवस्थिति है और महाषडन्वयेश 'श्रीशाम्भव' सहस्रारका अधिष्ठाता है।

हि–'हि' शब्दका अर्थ है–क्योंकि। यह शब्द हेतुवाचक है। अब षट्कोणके मध्यमें अवस्थित शाम्भवको 'महाषडन्वयेश' कहनेके हेतुका निर्देशन करते हुए आगे अन्य विशेषणोंका कथन किया जा रहा है।

साक्षात्स्थितचित्स्वरूपम्–षट्कोणके मध्यमें स्थित श्रीशाम्भव

साक्षात् चैतन्यस्वरूप है। इसे 'ज्ञानस्वरूप' भी कहते हैं।

षडाननम्–षट्कोणके मध्यमें स्थित श्रीशाम्भवके छह मुख हैं। इसलिए वह 'षडानन' कहलाता है।

द्वादशपाणिपद्मम्–'पाणिपद्म' कहते हैं–करकमलको। षट्कोणके मध्यमें स्थित श्रीशाम्भवके बारह हाथ हैं। इसलिए वह 'द्वादशभुज' कहलाता है।

चन्द्रधरम्–षट्कोणके मध्यमें स्थित श्रीशाम्भवने अपने मस्तक पर चन्द्रमाका धारण किया है।

श्रीशाम्भवम्–षट्कोणके मध्यमें स्थित शाम्भवको 'श्रीशाम्भव' कहते हैं। ब्रह्मा आदि छह शाम्भवोंमें श्रेष्ठ होनेके कारण साक्षात् शम्भु 'श्री' शब्दसे जाने जाते हैं।

नमामि–मैं पूर्ववर्णित उस षट्कोणके मध्यमें स्थित श्रीशाम्भवको नमस्कार करता हूँ॥४॥

महाबैन्दव-चक्रे श्रीभैरवी-महाविद्या-पीठशक्तेः स्वरूपम्

मुण्डस्रजं त्रिनयनां नवभानुभासां
विद्यास्वभीतिवरपुस्तकपाणिपद्माम्।
श्रीभैरवीं हरनुतामरविन्दसंस्थां
रम्यां नमामि किल चन्द्रकलावतंसाम्॥५॥

महाबैन्दव चक्रमें श्रीभैरवी महाविद्या पीठशक्तिका स्वरूप

मैं मुण्डोंकी मालाका धारण करनेवाली, तीन आँखोंवाली, उगते हुए सूर्यके समान लाल वर्णकी कान्तिवाली, हाथोंमें ज्ञान मुद्रा, अभय मुद्रा, वर मुद्रा तथा पुस्तकका धारण करनेवाली, कमल पर बैठी हुई अत्यन्त सुन्दर रूपवाली, चन्द्रमाका धारण करनेवाली, प्रसिद्ध हरप्रिया श्रीभैरवीको नमस्कार करता हूँ।

विमर्श–अब श्रीभैरवी महाविद्याके स्वरूपका वर्णन किया जा

रहा है–मुण्डस्रजमिति।

मुण्डस्रजम्–पाँचवीं महाविद्या है–श्रीभैरवी महाविद्या। 'मुण्ड' शब्दसे नरमुण्डका बोध होता है। 'स्रक्' कहते हैं–मालाको। श्रीभैरवी महाविद्याने नरमुण्डोंकी मालाका धारण किया है।

सम्पूर्ण देश-कालात्मक जगतको परिवर्त्तित करनेकी शक्ति मनुष्य योनिमें है और मनुष्य ही 'देश और काल' रूपी व्यवहारका नियन्त्रण करता है। देश और काल दोनों परिवर्त्तनशील हैं। उनका बार-बार परिवर्त्तन होना ही उनका 'संहार' है। अगणित मुण्डोंकी माला असङ्ख्य संहारकी परिचायिका है। इन सबकी धारिका शक्ति एकमात्र महाविद्या श्रीभैरवी है। इसने उन सबका संहार करके अपने शरीरमें धारण कर लिया है। इसलिए उन समस्त व्यवहारोंके नियन्त्रणका अधिकार ज्ञानात्मिका शक्ति श्रीभैरवी महाविद्याको प्राप्त है। इस प्रकारसे हम देखते हैं कि श्रीभैरवी महाविद्या 'निग्रह'की शक्तिसे पूर्णरूपसे युक्त है।

त्रिनयनाम्–श्रीभैरवी महाविद्याकी अग्नि-सूर्य-चन्द्ररूपी तीन आँखें हैं। इसलिए वह 'त्रिनेत्रा' कहलाती है।

नवभानुभासाम्–'नव' कहते हैं–नवीनको। 'भानु' कहते हैं–सूर्यको। 'नवभानु' शब्दसे उदयकालीन सूर्यका बोध होता है। श्रीभैरवी महाविद्याके शरीरकी कान्ति उगते हुए सूर्यकी कान्तिके समान लाल वर्णकी है।

विद्यास्वभीतिवरपुस्तकपाणिपद्माम्–'विद्या' कहते हैं–ज्ञान मुद्राको। 'अभीति' कहते हैं–अभय मुद्राको। 'सु' शब्द अभयकी प्राप्तिका सुनिश्चय करता है। श्रीभैरवी महाविद्या 'चतुर्भुजा' है। उसके चारों हाथोंमें चार शस्त्र–१. ज्ञान मुद्रा, २. अभय मुद्रा, ३. वर मुद्रा तथा ४. पुस्तक सुशोभित हो रहे हैं। श्रीभैरवी महाविद्या ज्ञानकी अधिष्ठात्री शक्ति है। इसकी कृपासे सम्पूर्ण व्यावहारिक जगतका ज्ञान प्राप्त होता है जिससे कि साधकको 'सर्वज्ञता'की सिद्धि मिलती है।

व्यावहारिक जगतके ज्ञानको प्राप्त करानेके लिए श्रीभैरवी महाविद्याके पास दो शस्त्र हैं–ज्ञानमुद्रा तथा पुस्तक। ये दोनों शस्त्र अज्ञान रूपी शत्रुको पराजित करानेके लिए पूर्णरूपसे समर्थ हैं। पुस्तक 'ज्ञान'का साधन है जिसमें कि सम्पूर्ण जगतका वैज्ञानिक विवेचन प्रस्तुत हुआ है। वैज्ञानिक अध्ययनसे ही पदार्थोंका तात्त्विक ज्ञान होता है और तात्त्विक ज्ञानसे ही साधक 'सर्वज्ञ' बनता है। इसलिए यह पुस्तक तात्त्विक ज्ञानका अगाध भण्डार है।

ज्ञानमुद्रा सदैव अज्ञानताको दूर करनेवाला प्रधान शस्त्रके रूपमें विराजमान है। यह मुद्रा साधकको सक्रियता प्रदान करती है जिससे साधक निरन्तर अपने कर्तव्य कर्मके अनुष्ठानमें लगा रहता है। इससे उसे धर्मकी सिद्धि प्राप्त होती है और धर्मकी सिद्धिसे साधक 'सर्वज्ञता' शक्तिको प्राप्त कर लेता है।

सर्वज्ञताका प्रदान करनेवाली 'ज्ञानमुद्रा'की सिद्धिके परिणामके लिए श्रीभैरवी महाविद्याकी उपासना सर्वश्रेष्ठ आलम्बनके रूपमें आगम तथा शास्त्रोंमें ख्यात है।

अध्यात्मको नियन्त्रित करनेके लिए श्रीभैरवी महाविद्याके दो करकमलोंमें दो शस्त्र हैं–अभय मुद्रा तथा वर मुद्रा।

'भय' कहते हैं–हानिकारक 'वृत्ति'को। यह हानि होनेकी पूर्वावस्था है। जब हानि हो जाती है तब यह पारिणामिक रूपका धारण कर लेती है। 'भय'के तीन कारण होते हैं। जैसे:–१. प्राण-हानिकी सम्भावना, २. मानहानिकी सम्भावना तथा ३. धन-हानिकी सम्भावना। इन तीन प्रकारकी होनेवाली हानिकी आशङ्काके भयसे व्यक्ति ऐसे महानुभावके शरणमें जाता है जहाँ वह निर्भय हो सके। श्रीभैरवी महाविद्या इन तीन कारणोंसे होनेवाले भयसे शरणागतको 'अभय मुद्रा'के द्वारा मुक्त करती है।

व्यक्ति किसी 'अज्ञात' वस्तुसे ही भयभीत होता है; क्योंकि उसे अज्ञात वस्तुके नाम, रूप, जाति तथा धर्म आदिका ज्ञान नहीं

रहता है। 'ज्ञात' वस्तुसे प्राप्त होनेवाले भयको दूर करनेके लिए उपचार तो व्यक्ति निश्चिन्त होकर ढूँढ लेता है किन्तु अज्ञात वस्तुके लिए यह सम्भव नहीं है। वस्तुतः सांसारिक भावनाएँ ही भयको उत्पन्न करती हैं। इसलिए संसार 'घोर तथा भयङ्कर' शब्दोंसे लोकमें जाना जाता है। सांसारिक भावनाओंसे ग्रस्त व्यक्ति ही 'भयभीत' होता है। निर्भय व्यक्तिके लिए यह 'घोर भयङ्कर संसार' वैषयिक आनन्दके साधनके रूपमें उपस्थित रहता है। इस प्रकारसे जब भयभीत व्यक्ति श्रीभैरवी महाविद्याके शरणमें जाता है तब वह 'अभय' हो जाता है।

प्रसन्न हृदय निर्भय साधककी आराधनासे भगवती प्रसन्न होकर उसे अभीष्ट कामनाकी पूर्ति हेतु वर प्रदान करती है। श्रीभैरवी महाविद्याके करकमलमें सुशोभित यह 'वर मुद्रा' भोग तथा मोक्षरूपी व्यवहार तथा अध्यात्म दोनों प्रकारकी सिद्धियोंका प्रदान करनेमें सक्षम है। इस मुद्राकी सिद्धिसे साधक समस्त संसारिक व्यवहारमें निपुण हो जाता है।

अरविन्दसंस्थाम्–'अरविन्द' कहते हैं–कमल पुष्पको। श्रीभैरवी महाविद्या कमलके पुष्प पर बैठी हुई है।

रम्याम्–श्रीभैरवी महाविद्याकी लावण्य कान्ति मनका हरण कर रही है। वह अत्यन्त सुन्दर लग रही है।

चन्द्रकलावतंसाम्–'अवतंस' कहते हैं–मस्तक पर धारण किये जानेवाले आभरणोंको। 'चन्द्रकला' शब्दसे अर्द्ध चन्द्रका बोध होता है। श्रीभैरवी महाविद्याने अपने मस्तक पर आभरणके रूपमें अर्द्ध चन्द्रका धारण किया है। वह 'चन्द्रधरा' है।

हरनुताम्–'हर' कहते हैं–हरण करनेवाले रुद्रको। यहाँ पर 'हर' शब्दका प्रयोग व्यावहारिक जगतसे सम्बन्धित अज्ञानका संहार करनेवाले 'रुद्र'के रूपमें किया गया है। 'हर'का दूसरा नाम 'भैरव' भी है। भैरवकी प्रिया 'भैरवी' है। इसलिए यह महाविद्या 'हरप्रिया' तथा

'रुद्रपत्नी'के नामसे भी जानी जाती है।

किल–'किल' यहाँ पर प्रसिद्धार्थक है। हरकी प्रिया, श्रीभैरवकी शक्ति तथा रुद्रपत्नीके रूपमें श्रीभैरवी महाविद्या प्रसिद्ध है।

श्रीभैरवीम्–षोडशानना श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी श्रीमहाषोडशी परा-विद्याकी कलात्मरूपिणी दश महाविद्याओंमें 'श्रीभैरवी महाविद्या'को पञ्चम स्थान प्राप्त है। इसलिए यह 'पञ्चमी महाविद्या' कहलाती है।

नमामि–मैं पूर्ववर्णित श्रीभैरवकी शक्ति उस श्रीभैरवी महाविद्याको नमस्कार करता हूँ।

अब हम इस 'पञ्चमी महाविद्या'के पञ्चमीत्वके सम्बन्धमें विवेचन प्रस्तुत करते हैं:–

समग्र ब्रह्माण्ड पृथिवी, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश रूपी पञ्चमहाभूतोंसे निर्मित है। पिण्ड तो ब्रह्माण्डका एक इकाई है। इसलिए ब्रह्माण्डके समान पिण्ड भी पञ्चमहाभूतात्मक है। 'व्यावहारिक जीव' ही व्यष्ट्यात्मक पिण्ड है; जब कि व्यावहारिक 'जगत' समष्ट्यात्मक ब्रह्माण्ड है। व्यवहारमें हम देखते हैं कि ज्ञान अथवा अज्ञान किसी व्यष्टि जीवको ही होता है और यही ज्ञानी अथवा अज्ञानी कहलाता है। समष्टि जगतका ज्ञान अथवा अज्ञानसे कोई सम्बन्ध नहीं है और न ही उसकी सत्ता ज्ञानी अथवा अज्ञानीकी परिभाषासे परिभाषित है। सत्ता तो सदैव उस परम तत्त्वकी होती है जो कि सत्स्वरूप है तथा निर्विकल्प है।

ज्योतिःशास्त्रके अन्तर्गत जातकका विशिष्ट रूपसे विचार हुआ है। इसके अनुसार जगतमें जातक जब जन्म लेता है तब वह जन्मतः 'तनु' आदि द्वादश भावोंसे नियन्त्रित हो जाता है। जातकका पञ्चम भाव लोक तथा शास्त्रोंमें 'विद्या' तथा 'सन्तान' स्थानके रूपमें विख्यात है। आगमोंमें पञ्चम भावको सर्वाधिक महत्त्व प्राप्त है; क्योंकि इसी पञ्चम भावसे ही 'अध्यात्म तथा व्यवहार'का निर्देश प्राप्त होता है।

अब हम 'अध्यात्म तथा व्यवहार'की दृष्टिसे विद्याका विवेचन करते हैं:-

आध्यात्मिक दृष्टिसे 'या विद्या सा विमुक्तये।' 'विद्या' वही है जो विमुक्तिके लिए हो। विद्याको ज्ञान तथा अविद्याको अज्ञान भी कहते हैं। अविद्या ही बन्धनका कारण है। इस बन्धनसे मुक्ति पाना है तो 'विद्या' रूपी परम शस्त्रका प्रयोग करना होगा। संसारके सभी पदार्थ जीवको बन्धन प्रदान करते हैं; क्योंकि उनके तात्त्विक ज्ञान जीवको नहीं रहता है। ज्ञात पदार्थ जीवके लिए बन्धनकारी न होकर विमुक्तिके साधन बन जाते हैं; क्योंकि साधक उनका प्रयोग प्राकृतिक विधिके अनुरूप कर लेता है। 'प्रकृति' ही पराविद्या है। ज्ञानात्मिका पराविद्या सदैव मोक्षप्रदा होती है। 'ज्ञानादेव तु कैवल्यम्।' ज्ञानसे ही कैवल्यकी सिद्धि होती है।

व्यावहारिक दृष्टिसे 'विद्यासे हीन व्यक्ति पशुके समान होता है। विद्या जीवन-यापनकी कला है। विद्या मानव-निर्माणकी कला है।' विद्या व्यवहारकी शिक्षा देती है। यही कर्तव्य तथा अकर्तव्यका निर्धारण करती है। इसीकी सहायतासे लोकमें व्यक्ति मर्यादित आचरणका पालन करनेमें सुखका अनुभव करता है। पुस्तकोंका अध्ययन अथवा ग्रन्थोंका अनुशीलन मात्र विद्या नहीं है; बल्कि व्यक्ति प्राकृतिक वातावरण अथवा समाजसे जो कुछ भी शिक्षा पाता है वही उसके लिए 'विद्या' है। प्रकृति तो प्राणीके जन्मकालसे ही स्वाभावि रूपसे उसकी शिक्षिका बन जाती है; जबकि समाजको शिक्षक बननेका अवसर बादमें कालक्रमसे ही प्राप्त होता है।

शिक्षक सदैव 'गुरु'के पद पर आसीन रहता है और 'गुरुपद' कभी भी रिक्त नहीं रहता है; क्योंकि 'व्यक्ति, प्रकृति तथा समाज' ये तीनों परस्पर सापेक्ष हैं और एक दूसरेके विना सदैव निरर्थक सिद्ध होते हैं। इनमें 'गुरु-शिष्य'का सम्बन्ध प्रगाढ़ रूपसे विद्यमान रहता है। 'गुरु' विद्या क्षेत्रका स्वामी होता है और उसकी अवस्थिति मात्रसे ही स्थान स्वतः प्रभावकारी हो जाता है। सक्रिय अवस्थामें

उसकी कृपादृष्टि तो सदैव अत्यधिक कल्याणकारिणी सिद्ध होती है। यही है पञ्चमी विद्या। इसलिए आगमगकी दृष्टिमें जातकके पञ्चम भावको विशिष्ट स्थान प्राप्त है। ज्योतिःशास्त्र आदि विभिन्न ग्रन्थोंमें भी इस पर विस्तृत विवेचन प्राप्त होते हैं। निष्कर्ष रूपसे हम यही कह सकते हैं कि पञ्चमी विद्या ही व्यक्तिको आध्यात्मिक तथा व्यावहारिक सर्वज्ञताका प्रदान करती है।

अब हम 'अध्यात्म तथा व्यवहार'की दृष्टिसे सन्तति पर विवेचन प्रस्तुत करते हैं:-

आध्यात्मिक दृष्टिसे 'पुत्र वही है जो नरकसे पितरोंकी रक्षा करे।' जातकका पञ्चम भाव 'सन्तान' स्थानके लिए जाना जाता है। 'सन्तान' शब्दसे 'पुत्र तथा पुत्री' दोनोंका ग्रहण होता है। अध्यात्मसे 'परलोक' तथा व्यवहारसे 'लोक'का विचार किया जाता है। परलोक-की दृष्टिसे 'पुम्' कहते हैं-नरकको। जो नरकसे रक्षा करे उसे 'पुत्र' कहते हैं। 'सद्गति' ही स्वर्ग है तथा 'दुर्गति' ही नरक है। मृत्युके पश्चात् जो पूर्वज पितर परलोकमें चले जोते हैं उनकी सद्गतिके लिए उनके सन्तान पिण्डदान, तर्पण तथा श्राद्ध आदि कर्मोंका अनुष्ठान किया करते हैं। आस्थावान धार्मिक प्रवृत्तिसे युक्त सन्तानोंके द्वारा श्रद्धापूर्वक किये गये कर्म सफल होते हैं और उनसे जनित पुण्यके प्रभावसे पितर 'पितृलोक'को अवश्य प्राप्त करते हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं है।

शास्त्रोंमें कहा गया है-'कर्मणा पितृलोकः।' शास्त्रोक्त विधिके अनुसार अनुष्ठित कर्मसे पितृलोककी प्राप्ति होती है। कर्म दो प्रकारके होते हैं-सकाम तथा निष्काम। कामनाओंके साथ जो कर्म किया जाता है वह 'सकाम कर्म' कहलाता है। 'विना किसी प्रयोजनके कोई भी व्यक्ति किसी भी कार्यमें कभी प्रवृत्त नहीं होता है।' जब कर्तृत्व भावसे भावित होकर प्रयोजन पूर्वक कर्म किया जाता है तब वह कर्म 'सकाम कर्म' कहलाता है; जबकि कर्तृत्वकी भावनासे रहित होकर सहज भावसे किया गया कर्म 'निष्काम कर्म' कहलाता है।

जिस प्रकारसे किये गये सकाम कर्मसे पितृलोककी प्राप्ति होती है उसी प्रकारसे किये गये निष्काम कर्मसे व्यक्तिके अन्तःकरणकी शुद्धि हो जाती है।

अन्तःकरण कहते हैं–मन, बुद्धि, चित्त तथा अहङ्कारको। जिस व्यक्तिका अन्तःकरण जितना शुद्ध हाता है वह व्यक्ति उतना प्रभाव-शाली होता है और ऐसा प्रभावशाली व्यक्ति समाजमें निश्चित रूपसे गणमान्य होता है। उसकी वाणीमें वशीकरणकी शक्ति होती है। वह सदैव सद्वस्तु तथा असद्वस्तुके विवेचन करनेमें पारङ्गत होता है। ऐसा विवेकी व्यक्ति 'वैराग्यवान्' कहलाता है। इतना ही नहीं बल्कि शास्त्रोंमें तो यहाँ तक कहा गया है कि वैराग्यवान सन्यासी अपने स्वरूपके बोधसे ही समस्त पूर्वजोंको सद्गतिको प्राप्त कराता है। इसलिए परलोकके कल्याणके लिए पुत्र अथवा पुत्रियोंका होना अत्यन्त आवश्यक है।

व्यावहारिक दृष्टिसे 'सन्तान ही जगतमें सुख देनेवाला महान तत्त्व है।' इसी विचारको अङ्गीकृत करके गृहीजन गृहस्थ जीवनमें प्रवृत्त होते हैं। सद्गुणोंसे युक्त सन्तान ही समाजमें अपने कुलकी कीर्ति-पताकाको फहरा पाता है। व्यक्ति अपने सन्तानोंके माध्यमसे समाजका सेवा करता रहता है जिससे समाजमें विधिव्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। एक स्वस्थ समाजके लिए पारस्परिक सहयोगकी सदैव अपेक्षा रहती है और इसके लिए संस्कारवान शिक्षित सन्तानोंका होना परम आवश्यक है।

संस्कारवान व्यक्तिको सदैव कर्तव्यका बोध रहता है और विशेषतः समाजके लिए तो वह अत्यधिक सतर्क रहता है। कर्तव्य परायण व्यक्ति 'प्राकृतिक विधिव्यवस्था'के अन्तर्गत स्वतः परिचालित होते हैं। उनका अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है और अत्यधिक संवेदन-शील बन जाता है। यदि सामाजिक विधिव्यवस्था 'प्राकृतिक विधि'-के अनुरूप न हो तो इस बातकी सूचना आन्तरिक रूपसे कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तिको प्राप्त हो जाती है; क्योंकि उसके हृदयमें आन्तरिक नियमन

करनेवाला तत्त्व 'अन्तर्यामी'के रूपमें विराजमान है। इसी अन्तर्यामी तत्त्वको 'धर्म' कहते हैं। इसलिए व्यक्तिको कभी चिन्ता नहीं करनी चाहिए कि वह किस प्रकारसे धर्माधर्मका विवेचन कर सके। उसे तो केवल निष्काम भावसे 'नित्य कर्म' करते रहना चाहिए। 'कर्तव्य' ही नित्य कर्म है। कर्तव्यके अनुष्ठानसे स्वतः धर्मका पालन हो जाता है। धर्मका पालन करनेवाला धर्मका ज्ञाता होता है। धर्म ही 'सर्व' शब्दसे परिचित है। धर्मको जाननेवाला लोकमें 'धर्मज्ञ'के रूपसे ख्यातिको प्राप्त करता है और यही धर्मज्ञ व्यक्ति 'सर्वज्ञता'को शीघ्र ही प्राप्त कर लेता है और 'सर्वज्ञ' बन जाता है। सर्वज्ञताकी प्राप्तिका यही सबसे सरल उपाय है। अब हम सर्वज्ञताका बोध करानेवाले धर्मके तात्त्विक विवेचनको निम्नलिखित रूपसे प्रस्तुत करते हैं:-

'प्रकृति' ही जगतकी धारिका शक्ति धर्म है। 'धारयते प्रजा अनेनेति 'धर्मः'। यहाँ पर 'प्रजा' शब्दसे जगतके कार्यजात सभी पदार्थोंका ग्रहण होता है; चाहे वे सजीव अथवा निर्जीव क्यों न हो। धर्मका स्वरूप है-अभ्युदय तथा निश्रेयः।

'अभ्युदय' कहते हैं-उन्नतिको। अभ्युदयस्वरूप धर्म कार्यजातके व्यावहारिक विकासकी वृद्धि कराता है। कार्यजातके व्यावहारिक विकास ही 'भोग'की उपलब्धि है। विश्वात्मक यह जगत 'भोग' ही तो है। व्यक्ति इसी जगदात्मक भोगको प्राप्त करनेके लिए सदैव लालायित रहता है; किन्तु वह यह जान नहीं पाता है कि यह भोग 'धर्म'का ही रूप है और 'धर्म'के पालनसे ही इसकी प्राप्ति स्वतः हो जाती है। धर्मको जान लेना एक बात है और धर्मका पालन करना दूसरी बात है। धर्मके पूर्ण रूपको समझ पाना व्यक्तिके लिए असम्भव प्रतीत होता है; किन्तु उस धर्मस्वरूपिणी प्रकृतिकी कृपासे सब कुछ सम्भव है। वह स्वयं अपने आपको जना देती है और उसकी व्यवस्थाके अनुसार चलनेवाला व्यक्ति स्वतः ही धर्मके स्वरूप को जानने लगता है। व्यक्ति जिस परिमाणमें धर्मका पालन करता है उसी परिमाणमें उसके सम्मुख 'भोग'की उपस्थिति होती

है। इसलिए व्यक्तिको सदैव धर्मके पालनमें तत्पर रहना चाहिए।

'निश्रेयः' कहते हैं–कल्याणको। व्यक्तिका तब कल्याण होता है जब उसे परम शान्तिकी प्राप्ति होती है। परम शान्तिको 'भोग'के द्वारा किसी भी प्रकारसे प्राप्त नहीं किया जा सकता है। वह तो मोक्षात्मिका है। इसलिए 'निश्रेयः' शब्द आगममें धर्मस्वरूपात्मक 'मोक्ष'के रूपमें परिचित है। शास्त्रोंमें मोक्षको 'कैवल्य' भी कहा गया है और कैवल्यकी प्रप्ति ज्ञानसे ही होती है। यह शास्त्र सम्मत सिद्धान्त है। इस ज्ञानकी प्राप्ति भी धर्मके पालनसे ही होती है। समाजके प्रत्येक व्यक्तिको अपने अपने धर्मका पालन करना चाहिए। व्यक्तिके धर्म उसके सम्मुख मातृधर्म, पितृधर्म, गुरुधर्म, राजधर्म आदि अनेक धर्मोंके रूपमें उपस्थित होते हैं। उसके सम्मुख ऐसे भी अवसर आते रहते हैं जब वह 'स्वधर्म'के निर्णय करनेमें असमर्थ हो जाता है। ऐसे अवसर पर अपनी आराध्य शक्ति धर्मस्वरूपिणी भगवती 'श्रीभैरवी'का स्मरण करना चाहिए। वह ज्ञानके प्रकाशसे व्यक्तिको मार्ग दिखाती है और तत्काल व्यक्तिकी बुद्धि निश्चितात्मक स्वरूपमें अवस्थित हो जाती है; तब व्यक्तिको स्वधर्मके पालनमें कोई कठिनाई नहीं होती है। यही है श्रीभैरवी महाविद्याकी उपासनाका विशिष्ट परिणाम और पञ्चमी विद्याका रहस्य। इसलिए सन्तानको समाजके हितमें धार्मिक एवं विद्वान् होना चाहिए और यही उसकी उन्नतिका विशिष्ट उपाय है। इन्हीं सबका ज्ञान जातकके पञ्चम भावसे प्राप्त होता है और इसमें श्रीभैरवी महाविद्या अधिष्ठात्री शक्तिके तथा श्रीदक्षिणामूर्त्ति 'शिव' आदिगुरुके रूपमें नित्य विराजमान हैं। इसलिए आगम शास्त्रोमें पञ्चम भावको महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।

निष्कर्ष रूपसे हम यही कह सकते हैं कि धर्मका स्वरूप उभयात्मक है और उसके पालनसे 'भोग' तथा 'मोक्ष' उभयकी प्राप्ति होती है। यही सर्वात्मिका 'प्रकृति' है और इसका ज्ञाता 'सर्वज्ञ' होता है। दश महाविद्याओंमें श्रीभैरवी महाविद्याको ही विशेषतः 'सर्वज्ञ-कारिणी शक्ति' प्राप्त है। इसलिए यह 'सर्वज्ञकारिणी विद्या'के रूपमें

जानी जाती है। 'श्रीभैरवी' पञ्चमी महाविद्या 'आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक' दोनों प्रकारकी उन्नतिको प्राप्त करानेमें सक्षम है। इन्हीं विशेषताओंके कारण वह 'पञ्चमी महाविद्या'के नामसे आगममें ख्यात है। आगम शास्त्रोंमें शिवको 'भैरव'के रूपमें विशिष्ट रूपसे ख्याति प्राप्त है। इसकी क्रियात्मिका शक्ति जब क्रियात्मक जगतके व्यापारमें संलिप्त रहती है और जगतके समस्त सांसारिक कार्यजात पदार्थोंमें कारणात्मिका शक्तिके रूपमें नित्य अवस्थित होती है। इसलिए यह महाविद्या 'श्रीभैरवी'के रूपमें आगममें प्रसिद्ध है।

अब श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रसे सम्बन्धित विशिष्ट रहस्योंका प्रतिपादन निम्नलिखित प्रकारसे किया जा रहा है:-

आदिगुरु श्रीदक्षिणामूर्त्ति 'शिव'की परम्परामें श्रीविद्यान्तर्गत श्री-भैरवी महाविद्याका मन्त्र है:-

'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा।'

यह पारम्परिक मन्त्र दशाक्षरी है। इस मन्त्रके पूर्वमें स्थित 'ॐ ह्रीं श्रीं' त्र्यक्षरी मूलमन्त्र दीपनी है। यह दीपनी किसी भी मन्त्रके पूर्वमें प्रयुक्त होने पर मन्त्र स्वतः प्रदीप्त हो जाता है।*

मन्त्रमें 'ॐ' प्रणव उस निराकार परब्रह्म परप्रकाश परम तत्त्व 'शिव'का वाचक है जो कि सबका 'आधार' है।

'ऐं' वाग्बीज विद्यात्मिका वाणीका वाचक है। आगम शास्त्रोंमें इसे 'वाक्' भी कहते हैं। यह कालक्रम तथा देशक्रमसे 'परा, पश्यन्ती, मध्यमा तथा वैखरी'के रूपमें प्रतिभासित होती रहती है। जगतका सम्पूर्ण व्यवहार 'वाणी'से ही नियन्त्रित होता है। इसलिए मन्त्रमें वाग्बीजकी अवस्थिति है। 'ऐं' अन्तःकरणको नियन्त्रित करने-वाली बुद्धिको शक्ति प्रदान करनेवाला ज्ञानात्मक वाग्बीज है। वाग्बीज

---

*द्रष्टव्य-***श्रीचक्रनिरूपणम्।** श्रीविद्यान्तर्गतम्। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दीव्याख्या-सहितम्। 'ज्ञान'-'सपर्या'-खण्डात्मकम्। लेखकः-गोस्वामी प्रह्लाद गिरि 'वेदान्तकेशरी'। प्राप्तिस्थान-चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-२२१००१ (उत्तर प्रदेश)

ही सत्य अथवा असत्य वस्तुके विवेचन करनेमें व्यक्तिका सहायक सिद्ध होता है और यही साधकको वस्तुके यथार्थ स्वरूपका बोध कराता है। वस्तुके यथार्थका बोध 'ज्ञान शक्ति'से होता है। ज्ञान शक्ति ही वाग्बीज 'ऐं'के रूपमें ख्यात है। इस वाग्बीजकी कृपासे साधक सर्वज्ञताको प्राप्त करके समस्त सांसारिक पदार्थोंसे अस्पृष्ट रहकर शान्तिका अनुभव करता रहता है। इसलिए 'ऐं' उपर्युक्त मन्त्रके विद्यात्मक 'बीज'के रूपमें स्थित है।

'ह्रीं' मायाबीज सर्वकारणात्मिका शक्तिका बोधक है। 'सर्व-कारणभूता शक्ति' सदैव अव्याकृत अवस्थामें रहती है। इसलिए माया अव्याकृत प्रकृतिके रूपमें जानी जाती है।

'श्रीं' लक्ष्मीबीज व्याकृत प्रकृति है जो कि समष्टिगत सर्वरूपा विश्वात्मिका शक्ति है। यह भी वर्ण-मन्त्र-पदात्मक 'कालक्रम' तथा कला-तत्त्व-भुवनात्मक 'देशक्रम'से षडध्वाके रूपमें प्रतिभासित होती रहती है। इसलिए 'श्रीं' मन्त्रमें 'सर्वता'के बोध हेतु 'शक्ति'के रूपमें विद्यमान है। इसका विस्तृत विवेचन 'षोडशावरण'के अन्तर्गत किया गया है।*

'क्लीं' कामबीज समष्टिगत तथा व्यष्टिगतके रूपमें कार्य करता है। यह समष्टिमें 'काल'का बोधक है; जबकि व्यष्टिमें 'कामना'के रूपमें प्रसिद्ध है। सङ्कल्प-विकल्पात्मक वृत्तिरूप मनकी अवान्तर वृत्तियाँ हैं–कामनाएँ। ये समस्त कामनाएँ कालके अन्तर्गत सीमित होकर उत्थान एवं पतनको प्राप्त होती रहती हैं। यहाँ पर समस्त कल्पनाएँ स्वप्नके समान भासित होती रहती हैं। ये कल्पनाएँ तभी साकार हो सकेंगी जब मनसे ऊपर उठकर निर्णयात्मिका वृत्तिरूपा बुद्धिके क्षेत्रमें पहुँचा जा सके। इसलिए मन्त्रमें 'क्लीं' कामबीज 'कीलक'के रूपमें विद्यमान है। इस बीजकी कृपासे यह कार्य सम्भव

---

*द्रष्टव्य–***श्रीचक्रनिरूपणम्।** श्रीविद्यान्तर्गतम्। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दीव्याख्या-सहितम्। 'ज्ञान'-'सपर्या'-खण्डात्मकम्। लेखकः–गोस्वामी प्रह्लाद गिरि 'वेदान्तकेशरी'। प्राप्तिस्थान–चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-२२१००१ (उत्तर प्रदेश)

हो जाता है।

ध्यान रहे कि सदैव महाविद्याओंके प्रयोगात्मक मन्त्रोंके अनुष्ठानमें विपक्षी साध्य आदिके नामके साथ 'षट्कोण'का प्रयोग करना चाहिए। इससे साधकको शीघ्र सफलता प्राप्त होती है।

एकादशावरणमें परब्रह्मात्मक चक्रका वर्णन किया गया है। दशम सर्वानन्दमय बैन्दव चक्रके अन्तर्गत कल्पित एकादश महा-बैन्दव चक्रको 'परब्रह्मात्मक चक्र' कहते हैं। यह चक्र कल्पित है और व्यवहारसे परे है। इस चक्रमें परब्रह्मकी प्रकृतिकी उपासना पीठ-शक्तिके रूपमें की जाती है।

पीठस्वरूप परब्रह्म–दशम सर्वानन्दमय बैन्दव चक्रके अन्तर्गत कल्पित एकादश महाबैन्दव चक्र व्यवहारसे परे है। महाबैन्दव चक्रको परब्रह्मात्मक चक्र कहते हैं; क्योंकि इस चक्रमें परब्रह्मकी सत्ता है। परब्रह्म ही परम प्रकाश है; क्योंकि इसी प्रकाशसे व्यावहारिक प्रकाशक अग्नि, सूर्य तथा चन्द्र प्रकाशित होकर अन्य पदार्थोंको प्रकाशित करते हैं। इसलिए परब्रह्म परम प्रकाशको 'सर्वावभासक' कहते हैं। परब्रह्मात्मक चक्रमें स्थित परब्रह्म परप्रकाशका पीठदेवके रूपमें पूजन नहीं होता है; क्योंकि वह नित्य निर्गुण निर्विकार सर्वाधार पीठस्वरूप है। इसके प्रकाशसे प्रकाशित होकर पीठशक्ति अधिष्ठात्री शक्ति सदैव सक्रिय बनी रहती है। इसलिए उपासना पीठशक्तिकी की जाती है; न कि पीठस्वरूप परब्रह्मकी।

ध्यान रहे कि यहाँ पर परम प्रकाश 'शिव'का मूर्त्तरूप है–श्रीशाम्भव। इसी प्रकार 'शक्ति'का मूर्त्तरूप है–श्रीभैरवी महाविद्या पीठ-शक्ति। इसलिए यहाँ पर पीठशक्तिके पहले 'श्रीमहाशाम्भव'की आरा-धना की जाती है जो कि 'श्रीशाम्भव'के रूपमें विख्यात है।

श्रीभैरवी महाविद्या पीठशक्ति–दशम सर्वानन्दमय बैन्दव चक्रके अन्तर्गत कल्पित एकादश महाबैन्दव चक्रमें श्रीभैरवी महाविद्या पीठ-शक्तिके रूपमें विराजमान है। यह इस पीठकी अधिष्ठात्री शक्ति है।

इसकी ही उपासना परम उपासना कहलाती है। यही 'नित्य-सर्वज्ञकारिणी' शक्ति है। इसकी उपासनासे साधकको श्रीयन्त्रके समस्त फल अनायास ही प्राप्त हो जाते हैं तथा 'सर्वज्ञकारिणी' शक्तिकी उपलब्धि होती है। साधक स्वयं सम्पूर्ण व्यावहारिक जगतके सम्बन्धमें ज्ञान प्राप्त करनेवाला 'सर्वज्ञ' बनकर दूसरेको भी जगतके कल्याणके लिए 'सर्वज्ञ' बनाता रहता है। इससे उसे दिव्यानन्दकी अनुभूति होती रहती है॥५॥ इति शिवम्॥

॥ इत्येकादशावरणम् ॥

॥ ज्ञानखण्ड सम्पूर्ण ॥

॥श्रीः॥

श्रीविद्यान्तर्गता

(पञ्चमी)

भैरवी महाविद्या

सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्यासहिता

(सपर्याखण्डम्)

।। श्रीभैरवी-यन्त्रम् ।।



'चतुरस्रं त्रिवृत्तञ्च पत्रषोडशकं तथा।
अष्टदलञ्च मन्वस्रं दशारञ्च दशारकम्।।१।।
अष्टारकं त्रिकोणञ्च बैन्दवं चार्चयेत्क्रमात्।
श्रीभैरवी-महाविद्या-यन्त्रमेतन्महेश्वरि।।२।।'

॥श्रीः॥

श्रीविद्यान्तर्गता

(पञ्चमी)

भैरवी महाविद्या

सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्यासहिता

(दीक्षात्मकं सपर्याखण्डम्)

❖❖❖

श्रीभैरवी-महाविद्या-परम्परा

॥ नमो भैरव्यै ॥

'श्रीभैरवी-महाविद्या-पीठं श्रीयन्त्ररूपकम्।
वक्ष्यामि तत्स्वरूपञ्च शृणुष्व परमेश्वरि॥१॥

भैरवी महाविद्या (सपर्याखण्डम्)—'सपर्याखण्ड' दीक्षात्मक, पूजात्मक तथा वन्दनात्मक है। प्रस्तुत 'दीक्षात्मक सपर्याखण्ड' में श्रीभैरवी महाविद्याकी परम्पराके अन्तर्गत जो साधक सद्गुरुओंके दर्शनकी दुर्लभताके कारण श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रसे दीक्षित नहीं हुए हैं उनके लिए 'आदेश' क्रममें यह 'दीक्षात्मक सपर्याखण्ड' प्रस्तुत है जिससे वे अपने आप इस दीक्षाविधिसे दीक्षित हो सकें। इस दीक्षाविधिसे उनकी उपासना अवश्य सफल होगी।

श्रीभैरवी महाविद्याकी परम्परा—षोडशानना पराशक्ति श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी श्रीमहा-षोडशी पराविद्याकी कलात्मरूपिणी दश महाविद्याओंमें 'श्रीभैरवी महाविद्या'को पञ्चम स्थान प्राप्त है। इसलिए वह 'पञ्चमी महाविद्या' कहलाती है।

श्रीभैरवी-यन्त्र—'श्रीभैरवी महाविद्या'की उपासनाका पीठ है—श्रीयन्त्र। इसके अन्तर्गत दश चक्र विद्यमान हैं। दश चक्र हैं—'१. चतुरस्र, २. त्रिवृत्तक, ३.

चतुरस्रं त्रिवृत्तञ्च पत्रषोडशकं तथा।
अष्टदलञ्च मन्वस्रं दशारञ्च दशारकम्॥२॥
अष्टारकं त्रिकोणञ्च बैन्दवं चार्चयेत्क्रमात्।
श्रीभैरवी-महाविद्या-यन्त्रमेतन्महेश्वरि॥३॥
चतुरस्रं त्रिवृत्तञ्च पत्रषोडशकं तथा।
अष्टदलञ्चतुश्चक्रं सृष्टिचक्रं वरानने॥४॥
स्थितिचक्रन्तु मन्वस्रं दशारञ्च दशारकम्।
अथाष्टारं त्रिकोणञ्च बैन्दवं संहृतिर्भवेत्॥५॥'

श्रीभैरवी-यन्त्रम्–'१. चतुरस्रम्, २. त्रिवृत्तकम्, ३. षोडशदलम्, ४. अष्टदलम्, ५. चतुर्दशारम्, ६. बहिर्दशारम्, ७. अन्तर्दशारम्, ८. अष्टकोणम्, ९. त्रिकोणम्, १०. बिन्दु।' अत्र दशचक्रात्मकस्य श्रीभैरवी-यन्त्रस्य पूजनमपि स्यादिति परम्परा।

'श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्रं वक्ष्ये सनातनम्।
यस्योच्चारणमात्रेण सर्वज्ञानं भवेत्क्षणात्॥१॥
तारो विरिञ्चिभार्या च माया लक्ष्मीः रतिप्रियः।
भैरवी च चतुर्थ्यन्ता वह्निजायासमन्विता॥२॥
दशार्णकात्ममन्त्रोऽयं श्रीभैरव्याः प्रकीर्त्तितः।
यस्य विज्ञानमात्रेण सर्वज्ञस्तु भवेन्नरः॥३॥'

श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्रः–'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं

षोडशदल, ४. अष्टदल, ५. चतुर्दशार, ६. बहिर्दशार, ७. अन्तर्दशार, ८. अष्टकोण, ९. त्रिकोण, १०. बिन्दु।' इनका पूजनक्रम भी उपर्युक्त क्रमसे है। १-४ चक्र 'सृष्टिचक्र', ५-७ चक्र 'स्थितिचक्र' तथा ८-१० चक्र 'संहारचक्र'के रूपसे जाने जाते हैं। इस प्रकारसे 'श्रीयन्त्र' को ही 'श्रीभैरवी-यन्त्र' कहते हैं। 'श्रीभैरवी महाविद्या' इस यन्त्रकी पीठेश्वरी है। यही परम्परा है।

श्रीभैरवी महाविद्याका मन्त्र–'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा।'

भैरव्यै स्वाहा।' मन्त्रोऽयं त्र्यक्षरीयुतो दशाक्षरात्मक-रूपेण प्रथितः स्यादिति परम्परा।

॥ श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः ॥

'शान्तं त्रिनेत्रं विधुकान्तिशुभ्रं
संविभ्रतं दोष्कशुभैः चतुर्भिः।
मुक्ताक्षमालां कलशं सुधायाः
श्रीज्ञानमुद्रामपि पुस्तकं च॥१॥
दिव्याम्बरं चन्दनगन्धलेपैः
समुज्ज्वलाङ्गं मणिरत्नकैः च।
वीरासनस्थं च शशाङ्कचूडं
श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरुं स्मरामि॥२॥'

अत्र शान्तः, त्रिनेत्रः, चन्द्रकान्तिशुभ्रः, चतुर्भुजः, मुक्ताक्षमाला-सुधाकलश-ज्ञानमुद्रा-पुस्तकाढ्यः, दिव्याम्बरः, चन्दनगन्ध-लेपैः मणि-रत्नकैश्च समुज्ज्वलाङ्गः, वीरासनस्थः, चन्द्रशेखरः, श्रीदक्षिणामूर्त्तिः शिव एव गुरुः स्यादिति परम्परा।

यह श्रीभैरवी महाविद्याका त्र्यक्षरीयुत दशाक्षरी मन्त्र है। यह मन्त्र 'सर्वज्ञानकारिणी विद्या'के रूपमें शास्त्रोंमें प्रसिद्ध है। यही परम्परा है।

गुरु-परम्परा–'श्रीभैरवी महाविद्या'के मन्त्रकी परम्परामें श्रीगुरुदेवके रूपमें श्रीदक्षिणामूर्त्ति 'शिव' विराजमान हैं; 'श्रीभैरवी महाविद्या'के मन्त्रद्रष्टा ऋषि हैं; मन्त्रप्रदाता गुरु हैं और दीक्षागुरुमें कलात्मरूपसे विराजमान रहते हैं। ये 'आदिगुरु' हैं। इसलिए शास्त्रमें कहा गया है–'श्रीगुरुः सर्वकारणभूता शक्तिः।'

श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरु–श्रीदक्षिणामूर्त्ति 'शिव' चन्द्र-सूर्य-वह्नि रूपी तीन आँखों-वाले हैं। उनके शरीरकी कान्ति चन्द्रमाके समान उज्ज्वल शुभ्र है। वे चतुर्भुज हैं। उनके चार हाथोंमें मुक्ताकी अक्षमाला, अमृतका कलश, ज्ञान मुद्रा तथा पुस्तक सुशोभित हो रहे हैं। दिव्य वस्त्रोंवाले उनके अङ्ग चन्दन-गन्धके लेपनसे तथा मणि-रत्नोंके धारण करनेसे समुज्ज्वल प्रतीत हो रहे हैं। वीरासन पर आसीन श्रीदक्षिणामूर्त्ति

॥ नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम् ॥

'होत्राग्नि-हौत्राग्नि-हविष्य-होतृ-
होमादि-सर्वाकृति-भासमानम्।
यद्ब्रह्मतद्बोधवितारिणीभ्यां
नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम्॥'

श्रीभैरवी-महाविद्यायाः परम्परायां श्रीगुरुपादुकायाः स्थानं सर्वोपरि विद्यते। यतो हि श्रीगुरुपादुकैव स्वतन्त्र-शिवस्य स्वातन्त्र्यं स्वभावं प्रददाति। श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरोः पादुकैव सर्वत्र श्रीगुरुपादुकारूपेण पूजनीया वर्तत इति परम्परा स्यादिति निश्चप्रचम्। इति शिवम्॥

'शिव' ही गुरुके रूपमें विराजमान हैं। यही परम्परा है।

श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुपादुका–ब्रह्म ज्ञानका वितरण करनेवाला तत्त्व श्रीगुरुपादुका ही है। 'श्रीभैरवी महाविद्या'की परम्परामें सर्वोच्च स्थान श्रीगुरुपादुकाको प्राप्त है; क्योंकि यह स्वतन्त्र शिवके स्वातन्त्र्य स्वभावका प्रदान करती है। 'श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी पादुका ही सर्वत्र श्रीगुरुपादुकाके रूपमें पूजनीया है।' यही परम्परा है॥ इति शिवम्॥

श्रीभैरवी-मन्त्र-दीक्षाविधिः

श्रीभैरवी-महाविद्यामन्त्रस्य दीक्षाग्रहणं विना तस्योपासना साफल्यं नैव भजत इति परम्परा स्यात्। श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्र-दीक्षाप्रदातृ-सद्गुरूणामपि दर्शनं दुर्लभं स्यादिति चेत्तर्हि तस्योपासना कथं सम्भवेत! इत्याशङ्काया निर्मूलनाय दीक्षाविहीनानां साधकानां श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्रस्य सिद्ध्यर्थञ्चादेशक्रमेण श्रीभैरवी-महाविद्याया मन्त्र-दीक्षा-विधिः प्रस्तूयते। तद्यथा–"शुक्लपक्षे कस्मिंश्चित् शुभ-दिने, उत्साहे तु कस्मिंश्चिदपि गुरुवासरे वा श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्रदीक्षाविहीनः साधकः स्वयं श्रीदक्षिणामूर्त्तिं स्वगुरुं मन्यमानः श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्रस्य दीक्षाग्रहणं कुर्यात्। साधकः श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरु-पूजनपूर्वकं श्रीभैरवी-महाविद्याया मन्त्रग्रहणं कृत्वा पुनश्चादिष्ट-क्रमेण तत्पादुका-पूजनं कुर्यादिति।"

अनुष्ठातृपुरुषशुद्धिः

कृतनित्यक्रियः पुरुषोऽनुष्ठानं समारभेत्। *आचमनम्*–'ॐ विष्णुः।

श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रकी दीक्षाविधि–'श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रकी दीक्षाके विना श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रकी उपासना सफलताको नहीं प्राप्त कर सकती है' यही परम्परा है। श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रकी दीक्षाका प्रदान करनेवाले सद्गुरुओंका दर्शन भी दुर्लभ है तो फिर उसकी उपासना कैसे सम्भव हो! इस आशङ्काके निर्मूलनके लिए तथा साधकोंके श्रीभैरवी महाविद्या मन्त्रकी सिद्धिके लिए सबसे पहले 'आदेश' क्रमसे श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रकी दीक्षाविधिको प्रस्तुत करते हैं। जैसे:–"शुक्ल पक्षके किसी शुभ दिनमें अथवा उत्साहमें किसी भी गुरुवारके दिनमें श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रकी दीक्षासे विहीन साधक स्वयं श्रीदक्षिणामूर्त्तिको अपना गुरु मानता हुआ श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रका दीक्षाग्रहण करें। साधक श्रीदक्षिणामूर्त्तिका पूजन करके श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रका ग्रहण करके फिर 'आदिष्ट' विधिसे उनकी पादुकाका पूजन करें।"

अनुष्ठान करनेवाले साधककी शुद्धि–नित्यक्रिया करके साधक अनुष्ठानका प्रारम्भ

ॐ विष्णुः। ॐ विष्णुः।' *शिखाबन्धनम्*–'ॐ ह्रीं।' *प्राणायामः*–'ॐ ह्रीं श्रीं।' इति मन्त्रेण वामनासया वायुमापूर्य, कुम्भके चतुर्वारं मन्त्रं पठित्वा, द्विवारं मन्त्रमुच्चरन् दक्षनासया रेचयेत्। *सेकः*–'ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपि वा। यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।। इति सर्वं शुचि।'

सङ्कल्पः

'ॐ श्रीगणेशाय नमः। गजाननम्भूतगणाधिसेवितं कपित्थजम्बूफलचारुभक्षणम्। उमासुतं शोकविनाशकारकं नमामि विघ्नेश्वरपादपङ्कजम्।। श्रीमन्महागणाधिपतये नमः।। सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।। श्रीमहागौर्यै नमः।। शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये।। ॐ विष्णवे नमः। ॐ विष्णवे नमः। ॐ विष्णवे नमः। ॐ अद्य ब्रह्मणेऽह्नि द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे-ऽष्टा-विंशतितमे कलियुगे कलि-प्रथमचरणे बौद्धावतारे भूर्लोके जम्बूद्वीपे भरतखण्डे भारतवर्षे---नामकक्षेत्रे---नामकसंवत्सरे---मासे---पक्षे---तिथौ---वासरे---गोत्रीय---अहम्---काले श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरोः शिष्यं स्वं मन्यमानः श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरुप्रीत्यर्थं श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरुपादुका-पूजनं करिष्ये।'

पृथ्वीशोधनम्

कल्पितासनाधो जलादिना त्रिकोणं विलिखेत्। *विनियोगः*–'ॐ

करें। *आचमन*–'ॐ...विष्णुः।'का उच्चारण करके आचमन करें। *शिखा-बन्धन*–'ॐ ह्रीं श्रीं।'का उच्चारण करके शिखाका बन्धन करें। *प्राणायाम*–'ॐ ह्रीं श्रीं।'का मानसिक उच्चारण करते हुए वायें नाकके छिद्रसे वायुको भर कर, कुम्भकमें चार वार मन्त्रको पढकर, दो वार मन्त्रका उच्चारण करते हुए दायें नाकके छिद्रसे छोडें। *सेक*–'ॐ...शुचि।'का उच्चारण करते हुए अपने ऊपर जल छिडकें।

सङ्कल्प–'ॐ...करिष्ये।'का उच्चारण करके सङ्कल्प करें।

पृथ्वीशोधन–कल्पित आसनके नीचे जल आदि पदार्थसे एक त्रिकोणका विलेखन

पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुनोद्धृता। त्वं च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरु चासनम्॥ इतिमन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः, सुतलं छन्दः, कूर्मो देवता, आसने विनियोगः।' *ध्यानम्*–'ॐ चतुर्भुजां शुक्लवर्णां कूर्मपृष्ठोपरि स्थिताम्। प्रसन्नवदनां चक्रशूलशङ्खं प्रधारिणीम्॥' *आवाहनम्*–'ॐ आगच्छ सर्वकल्याणि वसुधे लोकधारिणि। पृथिवि लोकदत्तासि काश्यपेनाभिवन्दिते॥ ॐ ह्रीं आधारशक्तिकमलासनाय नमः। ॐ पृथिव्यै नमः।' *पृथ्वीस्पर्शनम्*–'ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुनोद्धृता। त्वं च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरु चासनम्॥' इति गन्धादिभिः सम्पूजयेत्। *प्रणमनम्*–'ॐ उद्धृतासि वराहेण कृष्णेन शतबाहुना। दंष्ट्राग्रैर्लीलया देवि यज्ञार्थं प्रणमाम्यहम्॥'

स्थलशुद्धिः

चतुर्दिक्षु अक्षतक्षेपणम्–'ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भुवि संस्थिताः। ये भूता विघ्नकर्त्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया॥ अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम्। सर्वेषामविरोधेन पूजाकर्म समारभेत्॥'

दीपस्थापनम्

कर्मसाक्षित्वेन दीपस्थापनं कुर्यात्। 'ॐ ह्रीं श्रीं।' इति मन्त्रेणाचम्य, प्राणानायम्य प्रणवेन पूरकं (३२) द्वात्रिंशद्धा, कुम्भकं

करें। *विनियोग*–'ॐ...विनियोगः।'का उच्चारण करके विनियोग करें। *ध्यान*–'ॐ चतुर्भुजां...प्रधारिणीम्॥'का उच्चारण करके देवी पृथ्वीका ध्यान करें। *आवाहन*–'ॐ आगच्छ...नमः।'का उच्चारण करके देवी पृथ्वीका आवाहन करें। *पृथ्वीस्पर्शन*–'ॐ पृथ्वि...चासनम्॥'का उच्चारण करके पृथ्वीका स्पर्श करके गन्ध आदि पदार्थोंसे देवी पृथ्वीका पूजन करें। *प्रणमन*–'ॐ...प्रणमाम्यहम्॥'का उच्चारण करके देवी पृथ्वीको प्रणाम करें।

स्थलशुद्धि–'ॐ अपसर्पन्तु...समारभेत्॥'का उच्चारण करते हुए चारों दिशाओंमें अक्षत फेंके।

दीपस्थापन–कर्मके साक्षीके रूपमें दीपका स्थापन करें। 'ॐ ह्रीं श्रीं।' इस मन्त्रसे आचमन करके, प्राणायाम करके 'ॐ'का बत्तीस वार चिन्तन करते हुए पूरक करें; चौंषठ वार चिन्तन कुम्भकमें तथा षोलह वार रेचकमें करें। अपने सम्मुख गन्धसे त्रिकोणाकार

(६४) चतुषष्ट्या, रेचकं क्रमात् (१६) षोडशसङ्ख्यया कुर्यात्। तत्र दीपाधार-यन्त्रं गन्धेन स्वाग्रतस्त्रिकोणं विलिख्य, 'ॐ दीपाधार-यन्त्राय नमः।' इति मन्त्रेण सम्पूज्य, तदुपरि घृतदीपं संस्थाप्य, गन्धादिना सम्पूज्य प्रार्थयेत्। *प्रार्थना*–'ॐ भो दीप देवीरूपस्त्वं कर्मसाक्षी ह्यविघ्नकृत्। यावत्कर्मसमाप्तिः स्यात् तावत् त्वं सुस्थिरो भव।।'

मालापूजनम्

'ॐ माले माले महामाले सर्वतत्त्वस्वरूपिणि। चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव।। ॐ ह्रीं मालायै नमः।' इत्यनेन मालां दक्षिणकरे निधाय, हृत्प्रदेशे समानीय, शिरसि धृत्वा, ततः पात्रे धृत्वा, 'ॐ ह्रीं सिद्ध्यै नमः।' इतिमन्त्रेण मालां गन्धादिभिः सम्पूज्य प्रार्थयेत्। *प्रार्थना*–'त्वं माले सर्वभूतानां सर्वलोकप्रिया मता। शिवं कुरुष्व मे भद्रे यशो वीर्यं च देहि मे।।'

विघ्नोत्सारणमात्मरक्षणञ्च

"ॐ ह्रीं श्रीं।' इति दिव्यदृष्ट्यावलोकनेन दिव्यान् विघ्नानुत्सारयामि। 'ॐ फट्' इति प्रोक्षणेनान्तरिक्षान् विघ्नानुत्सारयामि। 'ॐ फट्' इति वामपादपार्ष्णिघातेन भौमान् विघ्नानुत्सारयामि। 'ॐ

दीपाधारयन्त्रका विलेखन करके 'ॐ...नमः।' इस मन्त्रसे उसका पूजन करके उस पर घीके दीपकको स्थापित कर गन्ध आदि पदार्थोंसे उसका पूजन कर प्रार्थना करें। *प्रार्थना*–'ॐ...भव।।'का उच्चारण करते हुए दीपककी प्रार्थना करें।

मालापूजन–'ॐ माले...नमः।'का उच्चारण करते हुए मालाको दायें हाथमें रखकर, हृदय प्रदेशमें लाकर, शिर पर रखकर उसके बाद पात्रमें रखकर 'ॐ...नमः।' इस मन्त्रसे गन्ध आदि पदार्थोंसे मालाका पूजन करके प्रार्थना करें। *प्रार्थना*–'त्वं...देहि मे।।'का उच्चारण करके मालाकी प्रार्थना करें।

विघ्नोत्सारण तथा आत्मरक्षण–'ॐ ह्रीं श्रीं।' इति दिव्यदृष्ट्यावलोकनेन दिव्यान् विघ्नानुत्सारयामि।'का उच्चारण करते हुए 'मैं दिव्यदृष्टिके द्वारा अवलोकनमात्रसे ही दिव्य विघ्नोंका उत्सारण करता हूँ।' इस प्रकारसे चिन्तन करें। "ॐ फट्' इति प्रोक्षणेनान्तरिक्षान् विघ्नानुत्सारयामि।"का उच्चारण करते हुए 'मैं प्रोक्षणके द्वारा अन्तरिक्ष विघ्नोंका उत्सारण करता हूँ।' इस प्रकारसे चिन्तन करें। "ॐ फट्' इति वामपादपार्ष्णिघातेन भौमान्

अस्त्राय फट्' इति तालत्रयेण दिग्बन्धनं करोमि।''

अन्तर्मातृकान्यासः

विनियोगः–'ॐ अस्यान्तर्मातृकान्यासस्य ब्रह्मा ऋषिः, गायत्री छन्दः, मातृकासरस्वती देवता, हलो बीजानि, स्वराः शक्तयः, लं कीलकम्, मातृकान्यासे विनियोगः। ॐ अं नमः। ॐ आं नमः। ॐ इं नमः। ॐ ईं नमः। ॐ उं नमः। ॐ ऊं नमः। ॐ ऋं नमः। ॐ ॠं नमः। ॐ ऌं नमः। ॐ ॡं नमः। ॐ एं नमः। ॐ ऐं नमः। ॐ ओं नमः। ॐ औं नमः। ॐ अं नमः। ॐ अः नमः। ॐ कं नमः। ॐ खं नमः। ॐ गं नमः। ॐ घं नमः। ॐ ङं नमः। ॐ चं नमः। ॐ छं नमः। ॐ जं नमः। ॐ झं नमः। ॐ ञं नमः। ॐ टं नमः। ॐ ठं नमः। ॐ डं नमः। ॐ ढं नमः। ॐ णं नमः। ॐ तं नमः। ॐ थं नमः। ॐ दं नमः। ॐ धं नमः। ॐ नं नमः। ॐ पं नमः। ॐ फं नमः। ॐ बं नमः। ॐ भं नमः। ॐ मं नमः। ॐ यं नमः। ॐ रं नमः। ॐ लं नमः। ॐ वं नमः। ॐ शं नमः। ॐ षं नमः। ॐ सं नमः। ॐ हं नमः। ॐ क्षं नमः।'

भूतशुद्धिः

पृथिवी-तत्त्वम्–पादादि-जानुपर्यन्तं पृथिवीस्थानम्, चतुरस्रं चतुर्दिक्षु लाञ्छितम्, तन्मध्ये पीतवर्णं लंबीजयुक्तं ध्यायेत्। 'लं भूम्यै

विघ्नानुत्सारयामि।''का उच्चारण करते हुए 'मैं वाम पादके पार्ष्णिघातसे भौम विघ्नोंका उत्सारण करता हूँ।' इस प्रकारसे चिन्तन करें। ''ॐ अस्त्राय फट्' इति तालत्रयेण दिग्बन्धनं करोमि।'का उच्चारण करते हुए 'मैं तीन वार ताल बजाकर दिशाओंका बन्धन करता हूँ।' इस प्रकारसे चिन्तन करें।

अन्तर्मातृका न्यास–विनियोग करके अन्तर्मातृकान्यास करें। *विनियोग*–'अन्तर्मातृकान्यासस्य...ॐ क्षं नमः।'का उच्चारण करके विनियोग करें।

भूतशुद्धि–पञ्च महाभूतोंसे निर्मित अपने शरीरके विशिष्ट स्थानों पर पञ्च महाभूतोंकी क्रमसे शुद्धि करें।

पृथिवी-तत्त्व–पाद आदिसे जानु पर्यन्त पृथिवीका स्थान, चतुरस्राकार, चारों

नमः।'

जल-तत्त्वम्–जान्वादि-नाभिपर्यन्तमपां स्थानम्, धनुराकारमुभयोः कोट्योः श्वेतपद्मलाञ्छितम्, तन्मध्ये श्वेतवर्णं वंबीजयुक्तं ध्यायेत्। 'वं अद्भ्यो नमः।'

अग्नि-तत्त्वम्–नाभ्यादि-हृदय-पर्यन्तमग्नि-स्थानम्, त्रिकोणं स्वस्तिक-लाञ्छितम्, तन्मध्ये रक्तवर्णं रंबीजयुक्तं ध्यायेत्। 'रं अग्नये नमः।'

वायु-तत्त्वम्–हृदयादि-भ्रूमध्यपर्यन्तं वायु-स्थानम्, षट्कोणं षड्-बिन्दु-लाञ्छितम्, तन्मध्ये धूम्रवर्णं यंबीजयुक्तं ध्यायेत्। 'यं वायवे नमः।'

आकाश-तत्त्वम्–भ्रूमध्यादि-ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्तमाकाश-स्थानम्, वृत्ताकारं ध्वज-लाञ्छितम्, तन्मध्ये नीलवर्णं हंबीजयुक्तं ध्यायेत्। 'हं आकाशाय नमः।'

दिशाओंसे चिह्नित है। उसके मध्यमें 'लं' बीजसे युक्त पीतवर्ण पृथिवी तत्त्वका ध्यान करें। 'लं भूम्यै नमः।'का उच्चारण करते हुए पूर्वोक्त प्रकारसे पृथिवी तत्त्वका ध्यान करें।

जल-तत्त्व–जानु आदिसे नाभि पर्यन्त जलका स्थान, धनुषाकार, दोनों कोटियोंके श्वेत पद्मसे चिह्नित है। उसके मध्यमें 'वं' बीजसे युक्त श्वेतवर्ण जल तत्त्वका ध्यान करें। 'वं अद्भ्यो नमः।'का उच्चारण करते हुए पूर्वोक्त प्रकारसे जल तत्त्वका ध्यान करें।

अग्नि-तत्त्व–नाभि आदिसे हृदय पर्यन्त अग्निका स्थान, त्रिकोणाकार, स्वस्तिक चिह्नसे चिह्नित है। उसके मध्यमें 'रं' बीजसे युक्त रक्तवर्ण अग्नि तत्त्वका ध्यान करें। 'रं अग्नये नमः।'का उच्चारण करते हुए पूर्वोक्त प्रकारसे अग्नि तत्त्वका ध्यान करें।

वायु-तत्त्व–हृदय आदिसे भ्रूमध्य पर्यन्त वायुका स्थान, षट्कोणाकार, षट् बिन्दुओंसे चिह्नित है। उसके मध्यमें 'यं' बीजसे युक्त धूम्रवर्ण वायु तत्त्वका ध्यान करें। 'यं वायवे नमः।'का उच्चारण करते हुए पूर्वोक्त प्रकारसे वायु तत्त्वका ध्यान करें।

आकाश-तत्त्व–भ्रूमध्य आदिसे ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त आकाशका स्थान, वृत्ताकार, ध्वजसे चिह्नित है। उसके मध्यमें 'हं' बीजसे युक्त नीलवर्ण आकाश तत्त्वका ध्यान करें। 'हं आकाशाय नमः।'का उच्चारण करते हुए पूर्वोक्त प्रकारसे आकाश तत्त्वका ध्यान करें।

प्रविलापनम्–'पृथिवीं पञ्चगुणां लंबीजेन षडुद्घातप्रयोगेणाप्सु प्रविलापयामि। लं लं लं लं लं लं। चतुर्गुणा अपः वंबीजेन पञ्चोद्घातप्रयोगेणाग्नौ प्रविलापयामि। वं वं वं वं वं। त्रिगुणं वह्निं रंबीजेन चतुरुद्घातप्रयोगेण वायौ प्रविलापयामि। रं रं रं रं। द्विगुणं वायुं यंबीजेन त्रिरुद्घातप्रयोगेणाकाशे प्रविलापयामि। यं यं यं। एक-गुणमाकाशं हंबीजेन द्विरुद्घातप्रयोगेणाहङ्कारे प्रविलापयामि। हं हं। तमहङ्कारं महत्तत्त्वे प्रविलापयामि। तन्महत्तत्त्वं प्रकृतौ प्रविलापयामि। तां प्रकृतिं परब्रह्मणि प्रविलापयामि।' इति प्रविलाप्य, 'शुद्धोऽहम्, मुक्तो-ऽहम्, सच्चिदानन्द-स्वरूपोऽहम्, ब्रह्माहमस्मि।' इति चिरं भावयेत्। 'तस्मात् सर्वज्ञात् सर्वशक्तेः परब्रह्मणः सकाशात् प्रकृतिः, प्रकृतेर्महान्,

---

प्रविलापन–'पृथिवीं...लं।'का उच्चारण करते हुए 'मैं पाँच गुणवाले पृथ्वी-तत्त्वका 'लं' बीजके द्वारा छह उद्घातके प्रयोगसे जल-तत्त्वमें प्रविलापन करता हूँ।' इस प्रकार चिन्तन करके छह वार 'लं' बीजका उच्चारण करें। 'चतुर्गुणा अपः...वं।'का उच्चारण करते हुए 'मैं चार गुणवाले जल-तत्त्वका 'वं' बीजके द्वारा पाँच उद्घातके प्रयोगसे अग्नि-तत्त्वमें प्रविलापन करता हूँ।' इस प्रकार चिन्तन करके पाँच वार 'वं' बीजका उच्चारण करें। 'त्रिगुणं...रं।'का उच्चारण करते हुए 'मैं तीन गुणवाले अग्नि-तत्त्वका 'रं' बीजके द्वारा चार उद्घातके प्रयोगसे वायु-तत्त्वमें प्रविलापन करता हूँ।' इस प्रकार चिन्तन करके चार वार 'रं' बीजका उच्चारण करें। 'द्विगुणं...यं।'का उच्चारण करते हुए 'मैं दो गुणवाले वायु-तत्त्वका 'यं' बीजके द्वारा तीन उद्घातके प्रयोगसे आकाश-तत्त्वमें प्रविलापन करता हूँ।' इस प्रकार चिन्तन करके तीन वार 'यं' बीजका उच्चारण करें। 'एकगुण...हं।'का उच्चारण करते हुए 'मैं एक गुणवाले आकाश-तत्त्वका 'हं' बीजके द्वारा दो उद्घातके प्रयोगसे अहङ्कार-तत्त्वमें प्रविलापन करता हूँ।' इस प्रकार चिन्तन करके दो वार 'हं' बीजका उच्चारण करें। 'तमहङ्कारं...प्रविलापयामि।'का उच्चारण करते हुए 'मैं उस अहङ्कार-तत्त्वका महत्-तत्त्वमें प्रविलापन करता हूँ।' इस प्रकार चिन्तन करें। 'तन्...प्रविलापयामि'का उच्चारण करते हुए 'मैं उस महत्-तत्त्वका प्रकृति-तत्त्वमें प्रविलापन करता हूँ।' इस प्रकार चिन्तन करें। 'तां...प्रविलापयामि।'का उच्चारण करते हुए 'मैं उस प्रकृति-तत्त्वका परब्रह्ममें प्रविलापन करता हूँ।' इस प्रकार चिन्तन करें। इस प्रकार प्रविलापन करके 'शुद्धो...ब्रह्माहमस्मि।'का उच्चारण करते हुए 'मैं शुद्ध हूँ, मैं मुक्त हूँ, मैं सच्चिदानन्द-स्वरूप हूँ, मैं ब्रह्म हूँ।' इस प्रकार देर तक चिन्तन करें। 'तस्मात्...रसमयः।'का उच्चारण करते हुए 'उस सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् परब्रह्मसे उसकी प्रकृति, प्रकृतिसे महान्, महान्से अहङ्कार, अहङ्कारसे

महतो-ऽहङ्कारः, अहङ्कारादाकाशः, आकाशाद् वायुः, वायोरग्निः, अग्नेरापः, अद्भ्यः पृथिवी, पृथिव्या ओषधयः, ओषधिभ्योऽन्नम्, अन्नाद् रेतः, रेतसः पुरुषः, स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः।' इति देहोत्पत्तिं विभाव्य पुनर्जीवात्मानं 'हंसः' इति मन्त्रेणाङ्कुशमुद्रया सुषुम्ना-नाडी-मार्गेण ब्रह्मरन्ध्रादानीय हृदि प्रतिष्ठापयेत्। 'हंसः सोऽहम्।' इति।

श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरुपादुका-स्थापनम्

वेदिकायामष्टदलं विलिख्य तन्मध्ये कलशं संस्थाप्य तस्मिन् गन्ध-पुष्प-फल-सर्वौषधि-दूर्वा-पञ्चपल्लव-सप्तमृत्तिका निक्षिप्य वस्त्र-द्वयेनावेष्ट्य तदुपरि पूर्णपात्रं निधाय कलशे वरुणादिदेवता आवाह्य पूजयेत्।

कलशपूजनम्–'ॐ अपां पतये वरुणाय नमः। अस्मिन् कलशे वरुणं साङ्गं सपरिवारं सायुधं सशक्तिकमावाहयामि। कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रितः। मूले त्वस्य स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः।। कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपा वसुन्धरा। ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः। अङ्गैश्च सहिताः सर्वे कलशं तु समाश्रिताः।। अत्र गायत्री सावित्री शान्ति-पुष्टिकरी तथा। आयान्तु देवपूजार्थं दुरितक्षयकारकाः।। गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।

आकाश, आकाशसे वायु, वायुसे अग्नि, अग्निसे जल, जलसे पृथिवी, पृथिवीसे ओषधियाँ, ओषधियोंसे अन्न, अन्नसे रेतस्, रेतस्से पुरुष, वह या यह पुरुष अन्नरसमय है।' इस प्रकार देहकी उत्पत्तिका विचार करके फिर जीवात्माको 'हंसः' इस मन्त्रसे अङ्कुश-मुद्रासे सुषुम्ना नाडीके मार्गसे ब्रह्मरन्ध्रसे लाकर हृदयमें प्रतिष्ठित करें। 'हंसः सोऽहम्।'का उच्चारण करते हुए इसका चिन्तन करें।

श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी पादुकाका स्थापन–वेदिकामें अष्टदल कमलका अङ्कन करके उसके मध्यमें जलपूर्ण कलशकी स्थापना करके उसमें गन्ध, पुष्प, फल, सर्वौषधि, दूर्वा, पञ्च पल्लव तथा सप्त मृत्तिका अथवा जो भी पदार्थ उपलब्ध हो डाल कर, उसको दो वस्त्रोंसे ढँक कर, उसके ऊपर पूर्णपात्रकी स्थापना करके कलशमें वरुण आदि देवताओंका आवाहन करके उनका पूजन करें।

कलशपूजन–'ॐ अपां...स्थापयामि।'का उच्चारण करके कलशमें वरुण आदि

नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।। सर्वे समुद्राः सरितस्तीर्थानि जलदा नदाः। आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षयकारकाः।। ॐ वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः। कलशे वरुणाद्यावाहितदेवताः स्थापयामि।' 'ॐ वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः।' इतिमन्त्रेण गन्धादिना पञ्चोपचारेण पूजयेत्। *प्रार्थना*–'देव-दानवसंवादे मथ्यमाने महोदधौ। उत्पन्नोऽसि तदा कुम्भ विधृतो विष्णुना स्वयम्।। त्वत्तये सर्वतीर्थानि देवाः सर्वे त्वयि स्थिताः। त्वयि तिष्ठन्ति भूतानि त्वयि प्राणाः प्रतिष्ठिताः।। शिवः स्वयं त्वमेवासि विष्णुस्त्वं च प्रजापतिः। आदित्या वसवो रुद्रा विश्वेदेवाः सपैतृकाः।। त्वयि तिष्ठन्ति सर्वेऽपि यतः कामफलप्रदाः। त्वत्प्रसादादिमां पूजां कर्तुमिहे जलोद्भव। सान्निध्यं कुरु मे देव प्रसन्नो भव सर्वदा।।' ततः कलशस्य पूर्वस्यां दिशि पीठकं सिंहासनं वा संस्थाप्य, तस्योपरि काष्ठेन, पाषाणेन, ताम्रेण, रौप्येण, स्वर्णेन वा विनिर्मितां गुरुपादुकां प्रतिष्ठाप्य, श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरोर्ध्यानपूर्वकं पञ्चोपचारेण पूजनं कुर्यादिति।

श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरु-पूजनम्

आदौ हस्ते पुष्पं गृहीत्वा श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरोर्ध्यानं कुर्यात्।

ध्यानम्–

'शान्तं त्रिनेत्रं विधुकान्तिशुभ्रं
संविभ्रतं दोष्कशुभैः चतुर्भिः।

आवाहित देवताओंकी स्थापना करें। 'ॐ वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः।' इस मन्त्रका उच्चारण कर गन्ध आदि पञ्चोपचारसे वरुण आदि आवाहित देवताओंका पूजन करें। *प्रार्थना*–'देवदानव-संवादे...भव सर्वदा।।'का उच्चारण करके कलशकी प्रार्थना करें। उसके बाद कलशकी पूर्व दिशामें पीठ अथवा सिंहासनकी स्थापना करके उस पर लकड़ी, पाषाण, ताम्र, रौप्य अथवा स्वर्णसे विनिर्मित गुरुपादुकाकी स्थापना करके श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुका ध्यानपूर्वक पञ्चोपचारसे पूजन करें।

श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुका पूजन–पहले हाथमें पुष्प लेकर श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुका ध्यान करें। *ध्यान*–'शान्तं...श्रीदक्षिणामूर्तिगुरुं स्मरामि।।२।।'का उच्चारण करके इस प्रकारसे

मुक्ताक्षमालां कलशं सुधायाः
श्रीज्ञानमुद्रामपि पुस्तकं च॥१॥
दिव्याम्बरं चन्दनगन्धलेपैः
समुज्ज्वलाङ्गं मणिरत्नकैः च।
वीरासनस्थं च शशाङ्कचूडं
श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरुं स्मरामि॥२॥'

एवं ध्यानं कृत्वा श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरुपादुकायां गृहीतं पुष्पमर्पयेत्।

गन्धम्–'ॐ ह्रीं श्रीं श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरु-प्रीत्यर्थं गन्धं समर्पयामि।'

पुष्पम्–'ॐ ह्रीं श्रीं श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरु-प्रीत्यर्थं पुष्पं समर्पयामि।'

धूपः–'ॐ ह्रीं श्रीं श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरु-प्रीत्यर्थं धूपमाघ्रापयामि।'

दीपः–'ॐ ह्रीं श्रीं श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरु-प्रीत्यर्थं दीपं दर्शयामि।'

नैवेद्यम्–'ॐ ह्रीं श्रीं श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरु-प्रीत्यर्थं नैवेद्यं निवेदयामि। मध्ये पानीयम्, उत्तरापोऽशनार्थं मुख-प्रक्षालनार्थञ्च जलं समर्पयामि।'

पुष्पाञ्जलिः–'ॐ ह्रीं श्रीं श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणा-मूर्त्तिगुरु-प्रीत्यर्थं मन्त्रपुष्पं समर्पयामि।'

ध्यान करके श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी पादुका पर लिये हुए पुष्पका अर्पण करें।

गन्ध–'ॐ...समर्पयामि।'से गुरुपादुका पर गन्धका अर्पण करें। *पुष्प*–'ॐ..समर्पयामि।'से गुरुपादुका पर पुष्पका अर्पण करें। *धूप*–'ॐ...समर्पयामि।'से गुरुपादुकाको धूपका आघ्राण करावें। *दीप*–'ॐ...समर्पयामि।'से गुरुपादुकाको दीपका दर्शन करावें। *नैवेद्य*–'ॐ...समर्पयामि।'से गुरुपादुकाको नैवेद्यका निवेदन करें। बीचमें पानीय, बादमें पीने हेतु तथा मुख प्रक्षालनके लिए जलका समर्पण करें। *पुष्पाञ्जलि*–

श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्र-दीक्षा

त्रिखण्डा-मुद्रया हस्ते पुष्पं गृहित्वा, "श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरु-मुखादागतः 'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा।' श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्रो मत्कर्णे प्रविष्टो मया च हृदि धृतः" एवं भावनां कृत्वा, गृहीतं पुष्पं स्वहृदि क्षणं संस्थाप्य, श्रीभैरवी-महाविद्यायाः स्वाभिन्नतया चिन्तनं कुर्यादिति।

न्यासः

विनियोगः–'ॐ अस्य श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्रस्य श्रीदक्षिणा-मूर्त्तिः ऋषिः, पङ्क्तिश्छन्दः, श्रीभैरवी-महाविद्या देवता, ऐं बीजम्, श्रीं शक्तिः, क्लीं कीलकम्, श्रीभैरवी-महाविद्या-प्रीत्यर्थं न्यासे विनियोगः।'

ऋष्यादिन्यासः–'श्रीदक्षिणामूर्त्तये ऋषये नमः' शिरसि। 'पङ्क्ति-च्छन्दसे नमः' मुखे। 'श्रीभैरवी-महाविद्या-देवतायै नमः' हृदि। 'ऐं बीजाय नमः' गुह्ये। 'श्रीं शक्तये नमः' पादयोः। 'क्लीं कीलकाय नमः' नाभौ।

करन्यासः–'ॐ अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ऐं तर्जनीभ्यां नमः। ह्रीं मध्यमाभ्यां नमः। श्रीं अनामिकाभ्यां नमः। क्लीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः।

'ॐ...समर्पयामि।'से गुरुपादुका पर पुष्पोंका अर्पण करें।

श्रीभैरवी महाविद्या मन्त्रकी दीक्षा–त्रिखण्डा मुद्रासे हाथमें पुष्प लेकर, "श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुके मुखसे आया हुआ 'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा।' श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्र मेरे कर्णमें प्रविष्ट हुआ और मैंने हृदयमें धारण किया" इस प्रकार भावना करके हाथमें लिये हुए पुष्पको अपने हृदयमें क्षणभर रख कर, श्रीभैरवी-महाविद्याका अपनेसे अभिन्न मान कर चिन्तन करें।

न्यास–विनियोग करके न्यास करें।

विनियोग–'ॐ...न्यासे विनियोगः।'का उच्चारण करके विनियोग करें।

ऋष्यादिन्यास–'श्रीदक्षिणामूर्त्तये ऋषये नमः'से शिर स्थानका स्पर्श करनेकी भावना करें। इसी प्रकार नाभि स्थान पर्यन्त स्पर्श करनेकी भावना करें।

करन्यास–'ॐ...नमः।'का उच्चारण करते हुए दोनों हाथोंकी अङ्गुष्ठाओंका अपनी-

भैरव्यै स्वाहा करतल-करपृष्ठाभ्यां नमः।'

षडङ्गन्यासः–'ॐ हृदयाय नमः। ऐं शिरसे स्वाहा। ह्रीं शिखायै वषट्। श्रीं कवचाय हुम्। क्लीं नेत्रत्रयाय वौषट्। भैरव्यै स्वाहा अस्त्राय फट्।'

एवं न्यासं कृत्वा पुनः निम्नलिखितविधिना श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरोः पूजनं कुर्यात्।

श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरु-पूजनम्

आदौ हस्ते पुष्पं गृहीत्वा श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरोर्ध्यानं कुर्यात्।

ध्यानम्–

'शान्तं त्रिनेत्रं विधुकान्तिशुभ्रं
संविभ्रतं दोष्कशुभैः चतुर्भिः।
मुक्ताक्षमालां कलशं सुधायाः
श्रीज्ञानमुद्रामपि पुस्तकं च॥१॥

अपनी तर्जनी अङ्गुलियोंसे स्पर्श करें। इसी प्रकार अङ्गुष्ठाओंसे अपनी-अपनी अङ्गुलियोंका स्पर्श करते हुए करन्यास करें।

षडङ्गन्यास–'ॐ...नमः।'का उच्चारण करते हुए हृदय स्थानका स्पर्श करें। 'ऐं...स्वाहा।'का उच्चारण करते हुए शिर स्थानका स्पर्श करें। 'ह्रीं...वषट्।'का उच्चारण करते हुए शिखाका स्पर्श करें। 'श्रीं...हुम्।'का उच्चारण करते हुए हाथोंसे कवच अर्थात् परस्पर एक दूसरे बाहुओंका स्पर्श करें। 'क्लीं...वौषट्।'का उच्चारण करते हुए बीचकी तीन अङ्गुलियोंसे एक साथ दोनों नेत्र तथा भ्रूमध्य स्थानका स्पर्श करें। 'भैरव्यै...फट्।'का उच्चारण करते हुए बीचकी तीन अङ्गुलियोंको शिरके चारों ओर घूमा कर उनसे दूसरी हथेली पर ताड़न करें।

इस प्रकारसे न्यास करके फिर निम्न लिखित विधिसे श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुका पूजन करें।

श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुका पूजन–पहले हाथमें पुष्प लेकर श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुका ध्यान करें। *ध्यान*–'शान्तं...स्मरामि॥२॥'का उच्चारण करके इस प्रकारसे ध्यान करके श्रीदक्षिणामूर्त्ति

दिव्याम्बरं चन्दनगन्धलेपैः
समुज्ज्वलाङ्गं मणिरत्नकैः च।
वीरासनस्थं च शशाङ्कचूडं
श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरुं स्मरामि॥२॥'

एवं ध्यानं कृत्वा श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरुपादुकायां गृहीतं पुष्पमर्पयेत्।

गन्धम्–'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरु-प्रीत्यर्थं गन्धं समर्पयामि।'

पुष्पम्–'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरु-प्रीत्यर्थं पुष्पं समर्पयामि।'

धूपः–'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरु-प्रीत्यर्थं धूपमाघ्रापयामि।'

दीपः–'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरु-प्रीत्यर्थं दीपं दर्शयामि।'

नैवेद्यम्–'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरु-प्रीत्यर्थं नैवेद्यं निवेदयामि। मध्ये पानीयम्, उत्तरापोऽशनार्थं मुखप्रक्षालनार्थञ्च जलं समर्पयामि।'

जपविधिः

गुरुकी पादुका पर हाथमें लिये हुए पुष्पका अर्पण करें।

गन्ध–'ॐ...समर्पयामि।'से गुरुपादुका पर गन्धका अर्पण करें।

पुष्प–'ॐ...समर्पयामि।'से गुरुपादुका पर पुष्पका अर्पण करें।

धूप–'ॐ...समर्पयामि।'से गुरुपादुकाको धूपका आघ्राण करावें।

दीप–'ॐ...समर्पयामि।'से गुरुपादुकाको दीपका दर्शन करावें।

नैवेद्य–'ॐ...समर्पयामि।'से गुरु पादुकाको नैवेद्यका निवेदन करें। बीचमें पानीय, बादमें पीने हेतु तथा मुख प्रक्षालनके लिए जलका समर्पण करें।

जपविधि–जपविधिके अन्तर्गत विनियोग पूर्वक जप करें।

विनियोगः–'ॐ अस्य श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्रस्य श्रीदक्षिणा-मूर्त्तिः ऋषिः, पङ्क्तिश्छन्दः, श्रीभैरवी-महाविद्या देवता, ऐं बीजम्, श्रीं शक्तिः, क्लीं कीलकम्, श्रीभैरवी-महाविद्या-प्रीत्यर्थं जपे विनियोगः।'

ऋष्यादिन्यासः–'श्रीदक्षिणामूर्त्तये ऋषये नमः' शिरसि। 'पङ्क्ति-च्छन्दसे नमः' मुखे। 'श्रीभैरवी-महाविद्या-देवतायै नमः' हृदि। 'ऐं बीजाय नमः' गुह्ये। 'श्रीं शक्तये नमः' पादयोः। 'क्लीं कीलकाय नमः' नाभौ।

करन्यासः–'ॐ अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। ऐं तर्जनीभ्यां नमः। ह्रीं मध्यमाभ्यां नमः। श्रीं अनामिकाभ्यां नमः। क्लीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः। भैरव्यै स्वाहा करतल-करपृष्ठाभ्यां नमः।'

षडङ्गन्यासः–'ॐ हृदयाय नमः। ऐं शिरसे स्वाहा। ह्रीं शिखायै वषट्। श्रीं कवचाय हुम्। क्लीं नेत्रत्रयाय वौषट्। भैरव्यै स्वाहा अस्त्राय फट्।'

जपादौ मालापूजनम्

विनियोग–'ॐ...जपे विनियोगः।'का उच्चारण करके विनियोग करें।

ऋष्यादिन्यास–'श्रीदक्षिणामूर्त्तये ऋषये नमः'का उच्चारण करते हुए शिर स्थानका स्पर्श करनेकी भावना करें। इसी प्रकार नाभि स्थान पर्यन्त स्पर्श करनेकी भावना करें।

करन्यास–'ॐ अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।'का उच्चारण करते हुए दोनों हाथोंकी अङ्गुष्ठाओंका अपनी-अपनी तर्जनी अङ्गुलियोंसे स्पर्श करें। इसी प्रकार अङ्गुष्ठाओंसे अपनी-अपनी अङ्गुलियोंका स्पर्श करते हुए करन्यास करें।

षडङ्गन्यास–'ॐ...नमः।'का उच्चारण करते हुए हृदय स्थानका स्पर्श करें। 'ऐं...स्वाहा।'का उच्चारण करते हुए शिर स्थानका स्पर्श करें। 'ह्रीं...वषट्।'का उच्चारण करते हुए शिखाका स्पर्श करें। 'श्रीं...हुम्।'का उच्चारण करते हुए हाथोंसे कवच अर्थात् परस्पर एक दूसरे बाहुओंका स्पर्श करें। 'क्लीं...वौषट्।'का उच्चारण करते हुए बीचकी तीन अङ्गुलियोंसे एक साथ दोनों नेत्र तथा भ्रूमध्य स्थानका स्पर्श करें। 'भैरव्यै...फट्।'का उच्चारण करते हुए बीचकी तीन अङ्गुलियोंको शिरके चारों ओर घूमा कर उनसे दूसरी हथेली पर ताड़न करें।

जपके प्रारम्भमें मालापूजन–जप प्रारम्भ करनेके पहले मालाका पूजन करें।

पूजनम्–'ॐ माले माले महामाले सर्वतत्त्व-स्वरूपिणि। चतुर्वर्ग-स्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव।। ॐ ह्रीं मालायै नमः।' इत्यनेन मालां दक्षिणकरे निधाय, हृत्प्रदेशे समानीय, शिरसि धृत्वा, ततः पात्रे धृत्वा, 'ॐ ह्रीं सिद्ध्यै नमः।' इतिमन्त्रेण मालां गन्धादिभिः सम्पूज्य प्रार्थयेत्। *प्रार्थना*–'त्वं माले सर्वभूतानां सर्वलोकप्रिया मता। शिवं कुरुष्व मे भद्रे यशो वीर्यं च देहि मे।।'

जपः–'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा।' इति श्रीभैरवी-महाविद्या-मन्त्रमष्टोत्तरशतसङ्ख्यया (१०८) जपेत्।

जपान्ते मालापूजनम्

पूजनम्–'ॐ ह्रीं मालायै नमः।' इतिमन्त्रेण मालां गन्धादिभिः सम्पूज्य प्रार्थयेत्। *प्रार्थना*–'त्वं माले सर्वदेवानां सर्वसिद्धिप्रदा मता। तेन सत्येन मे सिद्धिं देहि मातर्नमोऽस्तु ते।। गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्। सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादात् सुरेश्वरि।।'

कर्पूरार्तिक्यम्

'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा श्रीदक्षिणा-मूर्त्तिगुरवे नमः। श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरु-प्रीत्यर्थं कर्पूरार्तिक्यं दीपं दर्शयामि।'

पूजनम्–'ॐ माले...नमः।'का उच्चारण करते हुए मालाको दायें हाथमें रखकर, हृदय प्रदेशमें लाकर, शिर पर रखकर उसके बाद पात्रमें रखकर 'ॐ...नमः।' इस मन्त्रसे गन्ध आदि पदार्थोंसे मालाका पूजन करके प्रार्थना करें। *प्रार्थना*–'त्वं...देहि मे।।'का उच्चारण करके मालाकी प्रार्थना करें।

जप–'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा।' इस श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्रका १०८ बार जप करें।

जपके अन्तमें मालापूजन–जपके अन्तमें मालाका पूजन करें।

पूजनम्–'ॐ ह्रीं मालायै नमः।' इस मन्त्रसे गन्ध आदि पदार्थोंसे मालाका पूजन करके प्रार्थना करें। *प्रार्थना*–'त्वं माले...सुरेश्वरि।।'का उच्चारण करके मालाकी प्रार्थना करें।

कर्पूरकी आरती–'ॐ...दर्शयामि।'का उच्चारण करके श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी प्रसन्नताके लिए कर्पूरकी आरती करें।

पुष्पाञ्जलिः

'ॐ श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरवे नमः।

होत्राग्नि-हौत्राग्नि-हविष्य-होतृ-

होमादि-सर्वाकृति-भासमानम्।

यद्ब्रह्मतद्बोधवितारिणीभ्यां

नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम्।।'

इति मन्त्रेण श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरुपादुकायां पुष्पाञ्जलिमर्पयेत्।

देवगणप्रत्यागमनम्

पूजनान्ते श्रीदक्षिणामूर्त्तिगुरुपादुकां विहाय सर्वेषां देवगणानां प्रत्यागमनं यथास्थानं कारयेत्।

अक्षतक्षेपणम्–'यान्तु देवगणाः सर्वे पूजामादाय पार्थिवीम्। इष्टकामसमृद्ध्यर्थं पुनरागमनाय च।।' इति मन्त्रेणाक्षतक्षेपणेन सर्वदेवानां प्रत्यागमनं कारयेत्। इति शिवम्।।

।। इति दीक्षात्मकं सपर्याखण्डम् ।।

पुष्पाञ्जलि–'ॐ...गुरुपादुकाभ्याम्।।'का उच्चारण करके श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी पादुका पर पुष्पाञ्जलिका अर्पण करें।

देवगणका प्रत्यागमन–पूजाके अन्तमें श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी पादुकाको छोड़कर सभी देवगणोंका प्रत्यागमन यथास्थान करावें।

अक्षतक्षेपण–'यान्तु... च।।'का उच्चारण करके अक्षत छोड़ते हुए सभी देवगणोंका प्रत्यागमन करावें।। इति शिवम्।।

।। दीक्षात्मक सपर्याखण्ड सम्पूर्ण ।।

॥श्रीः॥

श्रीविद्यान्तर्गता

(पञ्चमी)

भैरवी महाविद्या

सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्यासहिता

(पूजात्मकं सपर्याखण्डम्)

❖❖❖

श्रीभैरवी-यन्त्र-पूजाविधिः

अनुष्ठातृपुरुषशुद्धिः

कृतनित्यक्रियः पुरुषोऽनुष्ठानं समारभेत्। *आचमनम्*–'ॐ विष्णुः। ॐ विष्णुः। ॐ विष्णुः।' *शिखाबन्धनम्*–'ॐ ह्रीं।' *प्राणायामः*–'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा।' इतिमन्त्रेण वामनासया

भैरवी महाविद्या (सपर्याखण्डम्)– 'सपर्याखण्डम्' दीक्षात्मक, पूजात्मक तथा वन्दनात्मक है। प्रस्तुत 'पूजात्मक सपर्याखण्ड'में श्रीभैरवी महाविद्याकी परम्पराके अन्तर्गत श्रीभैरवी-यन्त्रके पूजनका उल्लेख किया गया है।

श्रीभैरवी-यन्त्रकी पूजाविधि–श्रीभैरवी महाविद्याके पूजनका सर्वश्रेष्ठ साधन श्रीयन्त्रात्मक श्रीभैरवी-यन्त्र है। यह यन्त्र दशचक्रात्मक है।

अनुष्ठान करनेवाले साधककी शुद्धि

नित्यक्रिया करके साधक अनुष्ठानका प्रारम्भ करें। *आचमन*–'ॐ...विष्णुः।'का उच्चारण करके आचमन करें। *शिखाबन्धन*–'ॐ ह्रीं।'का उच्चारण करके शिखाका बन्धन करें। *प्राणायाम*–श्रीभैरवी महाविद्याके मन्त्र 'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै

वायुमापूर्य, कुम्भके चतुर्वारमुच्चार्य, पुनर्द्विवारमुच्चरन् दक्षनासया रेचयेत्। *सेकः*–'ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपि वा। यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।। इति सर्वं शुचि।'

सङ्कल्पः

'ॐ श्रीगणेशाय नमः। गजाननम्भूतगणाधिसेवितं कपित्थ-जम्बूफलचारुभक्षणम्। उमासुतं शोकविनाशकारकं नमामि विघ्नेश्वर-पादपङ्कजम्।। श्रीमन्महागणाधिपतये नमः।। सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।। श्रीमहागौर्यै नमः।। शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्न-वदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये।। ॐ विष्णवे नमः। ॐ विष्णवे नमः। ॐ विष्णवे नमः। ॐ अद्य ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेत-वाराह-कल्पे वैवस्वत-मन्वन्तरे-ऽष्टा-विंशतितमे कलियुगे कलि-प्रथम-चरणे बौद्धावतारे भूर्लोके जम्बूद्वीपे भरतखण्डे भारतवर्षे---नामकक्षेत्रे-----नामकसंवत्सरे---मासे---पक्षे---तिथौ---वासरे---गोत्रीय---अहम्-----काले श्रीभैरवी-महाविद्या-प्रीत्यर्थं यन्त्रपूजनं करिष्ये।'

पृथ्वीशोधनम्

कल्पितासनाधो जलादिना त्रिकोणं विलिखेत्। *विनियोगः*–'ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुनोद्धृता। त्वं च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरु चासनम्।। इतिमन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः, सुतलं छन्दः, कूर्मो देवता, आसने विनियोगः।' *ध्यानम्*–'ॐ चतुर्भुजां शुक्लवर्णां कूर्मपृष्ठोपरि स्थिताम्। प्रसन्नवदनां चक्रशूलशङ्खं प्रधारिणीम्।।'

स्वाहा।'का मानसिक उच्चारण करते हुए वायें नाकके छिद्रसे वायुको भर कर, कुम्भकमें चार वार उच्चारण कर, फिर दो वार उच्चारण करते हुए दायें नाकके छिद्रसे छोडें। *सेक*–'ॐ...शुचि।'का उच्चारण करते हुए अपने ऊपर जल छिड़कें।

सङ्कल्प–'ॐ...करिष्ये।'का उच्चारण करके सङ्कल्प करें।

पृथ्वीशोधन–कल्पित आसनके नीचे जल आदि पदार्थसे एक त्रिकोणका विलेखन करें। *विनियोग*–'ॐ...विनियोगः।'का उच्चारण करके विनियोग करें। *ध्यान*–'ॐ

आवाहनम्–'ॐ आगच्छ सर्वकल्याणि वसुधे लोकधारिणि। पृथिवि लोकदत्तासि काश्यपेनाभिवन्दिते।। ॐ ह्रीं आधारशक्तिकमलासनाय नमः। ॐ पृथिव्यै नमः।' *पृथ्वीस्पर्शनम्*–'ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुनोद्धृता। त्वं च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरु चासनम्।।' इति गन्धादिभिः सम्पूजयेत्। *प्रणमनम्*–'ॐ उद्धृतासि वराहेण कृष्णेन शतबाहुना। दंष्ट्राग्रैर्लीलया देवि यज्ञार्थं प्रणमाम्यहम्।।'

स्थलशुद्धिः

चतुर्दिक्षु अक्षतक्षेपणम्–'ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भुवि संस्थिताः। ये भूता विघ्नकर्त्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया।। अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम्। सर्वेषामविरोधेन पूजाकर्म समारभेत्।।'

दीपस्थापनम्

कर्मसाक्षित्वेन *दीपस्थापनं कुर्यात्। 'ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं भैरव्यै स्वाहा।' इति मन्त्रेणाचम्य, प्राणानायम्य प्रणवेन पूरकं (३२) द्वात्रिंशद्धा, कुम्भकं (६४) चतुषष्ट्या, रेचकं क्रमात् (१६) षोडशसङ्ख्यया कुर्यात्। तत्र दीपाधार-यन्त्रं गन्धेन देवीदक्षिणतस्त्रिकोणं विलिख्य, 'ॐ दीपाधार-यन्त्राय नमः।' इति मन्त्रेण सम्पूज्य, तदुपरि

**दीपविधानं यथा*–घृतदीपो भवेद् दक्षे तैलदीपस्तु वामतः। सितवर्तिर्भवेद् दक्षे रक्तवर्तिस्तु वामतः।।

अक्षतक्षेपण–'यान्तु...पुनरागमनाय च॥'का उच्चारण करके अक्षत छोड़ते हुए सभी देवगणोंका प्रत्यागमन करावें॥ इति शिवम्॥

॥ पूजात्मक सपर्याखण्ड सम्पूर्ण ॥

॥श्रीः॥

श्रीविद्यान्तर्गता

(पञ्चमी)

भैरवी महाविद्या

सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्यासहिता

(वन्दनात्मकं सपर्याखण्डम्)

❖❖❖

श्रीभैरवी-यन्त्रावरण-वन्दनम्

प्रथमावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

दिव्यां परां सुधवलारुणचक्रताप्तां
मूलादिबिन्दुपरिपूर्णकलात्मरूपाम्।
स्थित्यात्मिकां शरधनुःसृणिपाशहस्तां
श्रीचक्रतां परिणतां सततं नमामि॥१॥

परदेवताकी वन्दना–मैं उस परदेवताको नमस्कार करता हूँ कि जिसने श्वेत-रक्तवर्णरूपी शिव-शक्तिस्वरूपात्मक चक्रताको प्राप्त कर ली है, जो मूलादिसे लेकर बिन्दु पर्यन्त सूक्ष्मरूपसे परिपूर्ण है, जो

भूःपूस्त्रिवृत्तकमथेन्दुकलारविन्द-
मष्टारकं च मनुकोणमथो दशारम्।
दिक्कोणकं च गजकोणमथ त्रिकोणं
वन्दे च बिन्दुसहितं परयन्त्रराजम्॥२॥

देवेन्द्रं तं वज्रहस्तं सुपीतं
रक्ताभं वैश्वानरं शक्तिहस्तम्।
श्रीमत्सौरिं दण्डहस्तञ्च कृष्णं
बन्धूकाभं नैऋतं खड्गहस्तम्॥

पाशाढ्यं श्रीपाशिनं श्वेतवर्णं
वायुं सृण्याढ्यं हरिद्वर्णदेहम्।
पौलस्त्यं वै शुक्लवर्णं गदाढ्य-
मीशानं श्रीशूलहस्तञ्च शुभ्रम्॥

हाथोंमें बाण, धनुष, अङ्कुश तथा पाशका धारण करके स्थूलरूपसे विराजमान है और जिसने श्रीचक्रके रूपमें परिणतिको प्राप्त कर ली है॥१॥

परयन्त्रराजकी वन्दना–मैं भूपुर, त्रिवृत्तक, षोडशदल, अष्टदल, चतुर्दशार, बहिर्दशार, अन्तर्दशार, अष्टकोण, त्रिकोण तथा बिन्दुके साथ परयन्त्रराजकी वन्दना करता हूँ॥२॥

भूपुरके बाहरमें इन्द्र आदि दश दिक्पालोंकी वन्दना–मैं भूपुरके बाहरमें स्थित 'गाढ़ पीत वर्णवाला तथा हाथसे वज्रका धारण करनेवाला इन्द्र देव; लाल वर्णवाला तथा हाथसे शक्तिका धारण करनेवाला अग्नि देव; कृष्ण वर्णवाला तथा हाथसे दण्डका धारण करनेवाला यम देव; बन्धूक पुष्पके समान लाल वर्णवाला तथा

ब्रह्माणं तं पद्महस्तं सुपीतं
रम्यं श्यामं चक्रहस्तं ह्यनन्तम्।
तान् सर्वान् नौमि भूपुर्बहिस्थान्
पूर्वादारभ्याभिवर्त्तक्रमेण।।३।।

रेखात्रयैः धवलरक्तसुकृष्णवर्णैः
सन्निर्मितं कृतमुखं वसुधाख्यचक्रम्।
रम्यं महाप्रकटयोगिनिकासमेतं
त्रैलोक्यमोहनकरं सततं नमामि।।४।।

नानायुधाढ्याः सकलमनोज्ञा
नानाम्बराढ्या विविधाकृतीः च।

हाथसे खड्गका धारण करनेवाला नैऋत देव; श्वेत वर्णवाला तथा हाथसे पाशका धारण करनेवाला वरुण देव; हरित वर्णके शरीरवाला तथा हाथसे अङ्कुशका धारण करनेवाला वायु देव; श्वेत वर्णवाला तथा हाथसे गदाका धारण करनेवाला कुबेर देव; श्वेत वर्णवाला तथा हाथसे शूलका धारण करनेवाला ईशान देव; गाढ़ पीत वर्णवाला तथा हाथसे कमलका धारण करनेवाला ब्रह्मा देव और रमणीय श्याम वर्णवाला तथा हाथसे चक्रका धारण करनेवाला अनन्त देव' इन सभी दिक्पालोंको पूर्वसे आरम्भ करके अभिवर्त्त क्रमसे नमस्कार करता हूँ।।३।।

भूपुरकी वन्दना–मैं श्वेत, रक्त और अत्यन्त कृष्ण वर्णवाली तीन रेखाओंसे निर्मित, चार द्वारोंसे युक्त, रमणीय, तीनों लोकोंका सम्मोहक तथा महाप्रकट योगिनियोंके समेत भूपुर चक्रको प्रणाम करता हूँ।।४।।

पश्चिम द्वारमें स्थित द्वारपाल सर्वयोगिनीरूपी सर्वभूतोंकी

योगिन्य एता अपि सर्वभूतान्
नानास्वरूपानतिभीमरूपान्।।
अनेकशस्त्राङ्कितहस्तयुक्ता-
ननेकवक्त्रान्वितघोरवक्त्रान्।
स्मराम्यहं तान् सकलान् प्रसन्नान्
श्रीद्वारपालान् किल पश्चिमस्थान्।।५।।
नीलाञ्जनाभं परमं त्रिनेत्रं
चञ्चत्कृपाणं नृकपालपात्रम्।
श्रीशूलकं सड्डमरुं च मुद्रां
दण्डं दधानं रसपाणिपद्मैः।।
श्रीद्वारपालं किल पूर्वसंस्थं
स्मराम्यहं क्षेत्रपतिं प्रसन्नम्।।६।।

वन्दना–मैं अनेक आयुधोंसे युक्त, अनेक वस्त्रोंसे भूषित, अनेक आकृतिवाली इन सभी योगिनियोंका और सभी भूत जो कि अनेक आकृतिवाले, अत्यन्त भयङ्कर रूपवाले, अनेक शस्त्रोंसे चिह्नित हाथों-वाले, अनेक मुखोंसे युक्त भयङ्कर मुखवाले तथा पश्चिम द्वार पर स्थित हैं उन सभी प्रसन्न द्वारपालोंका स्मरण करता हूँ।।५।।

पूर्व द्वारमें स्थित द्वारपाल क्षेत्रपतिकी वन्दना–मैं सुरमेके समान कृष्णकान्तिवाले, विशाल त्रिनेत्रधारी, छह भुजाओंसे चमकता हुआ तलवार, नरकपाल पात्र, शूल, डमरु, मुद्रा तथा दण्डका धारण किये हुए, प्रसिद्ध पूर्वद्वारमें स्थित द्वारपाल प्रसन्नस्वरूप क्षेत्रपतिका स्मरण करता हूँ।।६।।

लम्बोदरं नीलतनुं गजास्यं
पाशाङ्कुशौ चैव कपालशूले।
करैः वहन्तं गणनायकं तं
श्रीद्वारपं नौमि च दक्षिणस्थम्।।७।।

बालं विशुद्धस्फटिकप्रभास्यं
श्रीशूलदण्डौ दधतं त्रिनेत्रम्।
देवीसुतं श्रीवटुकाभिधानं
श्रीद्वारपं नौमि सदोत्तरस्थम्।।८।।

श्यामाननाब्जामरुणत्रिनेत्रां
कृष्णाम्बरां नीलहयाधिरूढाम्।
गदां च खड्गं दधतीं कराभ्या-
मधस्कराभ्यां मधुपूर्णकुम्भम्।।

दक्षिण द्वारमें स्थित द्वारपाल गणनायककी वन्दना–मैं उस गणनायकको प्रणाम करता हूँ कि जिसका उदर लम्बा है, शरीर नीला है, हाथीके समान मुख है; जिसने हाथोंसे पाश, अङ्कुश, कपाल तथा शूलका धारण किया है और जो दक्षिणी द्वारका द्वारपाल है।।७।।

उत्तर द्वारमें स्थित द्वारपाल वटुक भैरवकी वन्दना–मैं बालरूप, विशुद्ध स्फटिककी प्रभाके समान मुखवाले, शूल तथा दण्डका धारण करनेवाले, त्रिनेत्रधारी, सदैव उत्तरद्वारमें स्थित रहनेवाले द्वारपाल, श्रीवटुक भैरव नामक देवीके पुत्रको प्रणाम करता हूँ।।८।।

भूपुरके नैऋत्य कोणमें स्थित तिरस्करी देवीकी वन्दना–मैं कृष्ण वर्ण मुखवाली, लाल वर्णकी तीन आँखोंवाली, कृष्ण वर्णके वस्त्रका

तां दर्शयन्तीं निजरम्ययोनिं
विमोहयन्तीं पशुवर्गकान् च।
तिरस्करीं चारुमुखीं मनोज्ञां
नैर्ऋत्यसंस्थां मनसा स्मरामि॥९॥

श्रीश्यामलाङ्गीं धृतचन्द्रचूडां
शङ्खं रथाङ्गं करवालबाणान्।
सत्तर्जनीं चर्म च खेटकाख्यं
चापं भुजाब्जैः ननु धारयन्तीम्॥
स्मेराननाब्जां मणिरत्नभूषां
रक्ताम्बराढ्यां वनपूर्वदुर्गाम्।
आग्नेयसंस्थां मनसा स्मरामि॥१०॥

धारण करनेवाली, कृष्ण वर्णके घोड़े पर आरूढ़, ऊपरके दोनों हाथोंसे गदा और खड्ग तथा नीचेके हाथोंसे मधुसे भरे हुए घडेको ली हुई, अपनी रम्य योनिका प्रदर्शन करती हुई और पशुवर्गको विमोहित करती हुई नैर्ऋत्य कोणमें स्थित सुन्दर मुखवाली तिरस्करी देवीका मनसे स्मरण करता हूँ॥९॥

आग्नेय कोणमें स्थित वनदुर्गाकी वन्दना–मैं श्याम अङ्गवाली, मस्तक पर चन्द्रमाका धारण करनेवाली, करकमलोंसे शङ्ख, चक्र, तलवार, बाण, तर्जनी मुद्रा, चर्म, खेटक तथा धनुषका धारण करनेवाली, विहसित मुखवाली, मणिरत्नोंसे अलङ्कृत, रक्त वस्त्रका धारण करनेवाली, आग्नेय कोणमें स्थित वनदुर्गाका मनसे स्मरण करता हूँ॥१०॥

बन्धूकखट्वाङ्गधरं मनोज्ञं
पुष्पेक्षुकोदण्डधरं द्विहस्तम्।
ईशानसंस्थं कुसुमादिभूषं
रत्यान्वितं काममहं स्मरामि॥११॥

स्मेराननाढ्यं शरदिन्दुगौरं
प्रीत्या युतं श्रीऋतुराजराजम्।
रत्नादिभूषं ललितं वसन्तं
वायव्यसंस्थं सततं नमामि॥१२॥

श्रीपद्ममालाङ्कितदिव्यदेहौ
स्मेराननाब्जौ वरदाभयाढ्यौ।

ईशान कोणमें स्थित कामदेवकी वन्दना–मैं एक हाथमें बन्धूक पुष्प तथा दूसरे हाथमें पुष्पबाण एवं ईखसे बने हुए धनुषका धारण करनेवाले, दो हाथोंवाले, कुसुम आदिसे विभूषित, रतिसे युक्त, अत्यन्त सुन्दर, ईशान कोणमें स्थित कामदेवका स्मरण करता हूँ॥११॥

वायव्य कोणमें स्थित वसन्तकी वन्दना–मैं वसन्तको निरन्तर प्रणाम करता हूँ कि जो विहसित मुखसे युक्त है, शरत्कालीन चन्द्रमाके समान गौर वर्णवाला है, प्रीतिसे युक्त है, ऋतुओंका राजा है, रत्न आदिसे अलङ्कृत है, सुन्दर है तथा वायव्य कोणमें स्थित है॥१२॥

भूपुरके दोनों पार्श्वमें स्थित शंखनिधि तथा पद्मनिधिकी वन्दना–मैं उन शंखनिधि तथा पद्मनिधिका स्मरण करता हूँ कि जिनके पद्ममालासे चिह्नित दिव्य शरीर हैं; विहसित मुखकमल, हाथोंमें वर

श्रीपार्श्वसंस्थौ ललितौ प्रसन्नौ
तौ शङ्खपद्माख्यनिधी स्मरामि॥१३॥

देवीं खण्डेन्दुचूडां मदमुदितमुखां बर्बराकेशभारा-
मुद्यद्बालार्कभासां कुचभरनमितां सर्वभूषाभिरामाम्।
सिंहस्कन्धाधिरूढामभयवरकरामेकवक्त्रां त्रिनेत्रां
श्रीद्वारेशीं प्रतीच्यां कुलजननमितां कुब्जकेशीं नमामि॥१४॥

सत्खट्वाङ्गत्रिशूलाभयवरनृशिरःपाशकुम्भाङ्कुशासि-
पात्राढ्यां सुप्रसन्नां ललितदशभुजां श्रीशरच्चन्द्रगौरीम्।

मुद्रा तथा अभय मुद्रा शुशोभित हैं; जो भूपुरके दोनों पार्श्वमें स्थित हैं; सुन्दर तथा प्रसन्नस्वरूप हैं॥१३॥

पश्चिम द्वारमें स्थित द्वारनायिका कुब्जकेशीकी वन्दना–मैं देवी कुब्जकेशीको प्रणाम करता हूँ कि जिसने मस्तक पर अर्द्ध चन्द्रका धारण किया है; जिसके मुखमें दर्पके कारण प्रसन्नता छाई हुई है; जो विखरे हुए बालवाली, उगते हुए सूर्यके समान कांतिवाली, स्तनोंके भारसे झुकी हुई, सभी अलंकरणोंसे सुन्दर लगनेवाली, सिंहके कंधे पर बैठी हुई, अभय मुद्रा तथा वर मुद्राका धारण करनेवाली, एक मुखवाली, तीन आँखोंवाली, पश्चिम द्वारकी द्वार नायिका है तथा शक्ति समूहसे वंदित है॥१४॥

उत्तर द्वारमें स्थित द्वारनायिका सिद्धलक्ष्मीकी वन्दना–मैं खाटके पाया, त्रिशूल, अभयमुद्रा, वरमुद्रा, नरमुण्ड, पाश, कुम्भ, अंकुश, तलवार तथा पानपात्रसे युक्त, अत्यन्त प्रसन्न स्वरूप, सुन्दर दश भुजाओंसे युक्त, शरत्कालीन चन्द्रमाके समान गौर-वर्णवाली, रुद्रके कंधे पर बैठी हुई, नवयुवति, पाँच मुखोंसे सुशोभित, विहसित मुखोंवाली तथा उत्तर द्वारमें स्थित द्वारनायिका सिद्धलक्ष्मीका स्मरण

रुद्रस्कन्धाधिरूढामभिनवयुवतिं पञ्चवक्त्राभिरामां
श्रीद्वारेशीमुदीच्यां स्मितमुखकमलां सिद्धलक्ष्मीं स्मरामि॥१५॥
उद्यद्भास्वत्समाभां सुललितवदनामिन्दुचूडां त्रिनेत्रा-
मम्बां पाशाङ्कुशेष्टाभयकरकमलां चारुहासां प्रसन्नाम्।
द्यौस्तन्माणिक्यरत्नैः ज्वलितसुललितालङ्कृतां रक्तवस्त्रां
श्रीद्वारेशीं हि पूर्वेऽरुणकमलगतामुन्मनीं तां नमामि॥१६॥
दण्डं चक्रं कपालाभयवरडमरून् तर्जनीखेटखड्गान्
खट्वाङ्गं पाशकुण्डीसुसृणिशरधनुर्मुण्डकान् धारयन्तीम्।

करता हूँ॥१५॥

पूर्व द्वारमें स्थित द्वारनायिका उन्मनीकी वन्दना–मैं उस उन्मनी देवीको नमस्कार करता हूँ कि जो उगते हुए सूर्यके समान कांतिवाली, अत्यन्त सुन्दर मुखवाली, मस्तक पर चन्द्रमाका धारण करनेवाली, तीन आँखोंवाली माता है; पाश, अंकुश, वर मुद्रा तथा अभय मुद्राका करकमलोंमें धारण करनेवाली, मन्द मुस्कानवाली, प्रसन्नस्वरूप, अलौकिक माणिक्य-रत्नोंसे दीप्त सुन्दर अलंकारोंसे अलंकृत, लाल वस्त्रवाली है; लाल कमल पर बैठी हुई है तथा पूर्व द्वारकी द्वारनायिका है॥१६॥

दक्षिण द्वारमें स्थित द्वारनायिका दक्षिण कालिकाकी वन्दना–मैं उस दक्षिण कालिकाको प्रणाम करता हूँ जो दण्ड, चक्र, कपाल, अभय मुद्रा, वर मुद्रा, डमरु, तर्जनी मुद्रा, खेट, खड्ग, खट्वाङ्ग, पाश, कमण्डलु, अङ्कुश, शर, धनुष तथा नर मुण्डका धारण करनेवाली, सम्पूर्ण रूपसे खुले बालवाली, अर्द्धचन्द्रका धारण करनेवाली, व्याघ्र चर्मरूपी वस्त्रसे युक्त है तथा दक्षिणमें द्वारनायिकाके रूपमें

निश्शेषीं मुक्तकेशीं शशिशकलधरां व्याघ्रचर्माम्बराढ्यां
द्वारेशीं दक्षिणे तां तरुणरविनिभां नौम्यहं पञ्चवक्त्राम्।।१७।।

पूर्णाणिमां च गरिमां लघिमाख्यसिद्धिं
सिद्धिं च तां सुमहिमां सकलप्रसिद्धाम्।
ईशित्वसिद्धिमथ शुद्धवशित्वसिद्धिं
प्राकाम्यकां निखिलभुक्तिकरीं स्पृहाख्याम्।।
प्राप्त्याख्यसिद्धिमथ तां सकलार्थसिद्धिम्।।
रेखाद्यगाः च सकलाः प्रकटादिसिद्धीः
बालेन्दुमौलिमुकुटा निधिवाहनस्थाः।
पाशाङ्कुशाब्जयुगयुक्तकराः त्रिनेत्रा
रक्ताम्बरा अरुणकान्तियुताः स्मरामि।।१८।।

स्थित है; मध्याह्न कालीन सूर्यके समान है तथा पाँच मुखोंवाली है।।१७।।

भूपुरकी प्रथम रेखामें स्थित अणिमा आदि ग्यारह सिद्धियोंकी वन्दना–मैं पूर्ण स्वरूप अणिमा, गरिमा, लघिमा, सर्वप्रसिद्ध महिमा, ईशित्व, शुद्ध वशित्व, प्राकाम्य, सर्वभुक्ति, इच्छा, प्राप्ति तथा सर्वार्थ सिद्धि नामक उन सिद्धियोंका स्मरण करता हूँ जो कि प्रथम रेखामें स्थित हैं, महा प्रकट सिद्धि योगिनियाँ हैं; मस्तक पर अर्द्ध-चन्द्राकार मुकुटोंका धारण करनेवाली, निधि रूपी वाहनों पर स्थित हैं; पाश, अङ्कुश, कमल युगलसे युक्त हाथोंवाली, तीन आँखोंवाली, लाल वर्णके वस्त्रोंका धारण करनेवाली तथा रक्त वर्णकी कान्तिसे युक्त हैं।।१८।।

ब्राह्मीमथावरणरूपधरां तथैव
माहेश्वरीमथ कुमारवरस्य सत्ताम्।
श्रीवैष्णवीं विटमुखीं सुरराजशक्तिं
चामुण्डिकामपि महापदयुक्तलक्ष्मीम्।।
अष्टा इमा अरुणपद्मकपालहस्ता
नीलाम्बुजन्मसुषमारुचिराः त्रिनेत्राः।
वन्दे सदा ह्यरुणवस्त्रसुरत्नभूषाः
रेखारुणे परिगताः प्रकटादिकाम्बाः।।१९।।
सङ्क्षोभिणीपरमयोनिसुविद्रवाख्या
आकर्षिणीं वशकरीं निखिलोन्मदाख्याम्।
श्रेष्ठाङ्कुशां नभचरीं च समस्तबीजां
योनिं च तामपि शुभां सकलत्रिखण्डाम्।।

भूपुरकी द्वितीय रेखामें स्थित ब्राह्मी आदि आठ मातृकाओंकी वन्दना–मैं आवरण रूपका धारण करनेवाली ब्राह्मी, उस प्रकार माहेश्वरी, कुमार वरकी सत्ता कौमारी, वैष्णवी, शूकर मुखवाली वाराही, दवेराजकी शक्ति माहेन्द्री, चामुण्डा तथा महालक्ष्मी प्रकट अम्बाओंकी सर्वदा वन्दना करता हूँ जो कि लाल कमल तथा कपालसे युक्त हाथोंवाली हैं; जिनके शरीरकी कान्ति नील कमलके समान अत्यन्त सुन्दर है; जो तीन आँखोंवाली हैं; लाल वस्त्र तथा रत्नके आभूषणोंसे अलंकृत हैं और लाल रेखाके चारों ओर विराजमान हैं।।१९।।

तृतीय रेखामें सर्वसंक्षोभिणी आदि ग्यारह मुद्राओंकी वन्दना–मैं सर्वसंक्षोभिणी, महायोनि, सर्वविद्राविणी, – सर्वाकर्षिणी, सर्व-

पाशाङ्कुशाढ्यनिजमुद्रितदोश्चतुष्का
नेत्रत्रयैः विकसिताननपङ्कजाढ्याः।
रेखातृतीयगमिताः प्रकटादिमुद्राः
नानातिरम्यमणिरत्नधराः स्मरामि॥२०॥

बिम्बौष्ठीं शरदिन्दुगौरवदनां रत्नादिभूषोज्ज्वलां
विद्याक्षाब्जयुगाङ्कितैः भुजवरैः संशोभितां त्र्यम्बकाम्।
श्रीसङ्क्षोभणिकाणिमाख्यसहितां चार्वाकशास्त्रैः युतां
साक्षाच्छ्रीत्रिपुरां नमामि धरणीचक्रेश्वरीं मोहिनीम्॥२१॥

॥ इति प्रथमावरणवन्दनम् ॥

वशङ्करी, सर्वोन्मादिनी, सर्वमहाङ्कुशा, सर्वखेचरी, सर्वबीजा, सर्वयोनि तथा सर्वत्रिखण्डा प्रकट मुद्राओंका स्मरण करता हूँ कि जो पाश, अङ्कुश, तथा अपनी दो मुद्राओंसे युक्त चार भुजाओंवाली हैं; तीन आँखोंवाली तथा प्रसन्न मुख कमलसे युक्त तृतीय रेखामें स्थित हैं; प्रकट मुद्रा योगिनी हैं तथा नाना प्रकारके अत्यन्त सुन्दर मणि-रत्नोंका धारण करनेवाली हैं॥२०॥

भूपुर चक्रेश्वरी श्रीत्रिपुराकी वन्दना–मैं बिम्ब फलके समान लाल ओष्ठवाली, शरत्कालीन चन्द्रमाके समान गौर मुखवाली, रत्नादि आभूषणोंसे उज्ज्वल कान्तिवाली, पुस्तक, अक्षमाला तथा कमल युगलसे अङ्कित भुजाओंसे सुशोभित, तीन आँखोंवाली, संक्षोभिणी मुद्रा तथा अणिमा सिद्धिके साथ चार्वाक दर्शनसे युक्त, मोहन करनेवाली, भूपुर चक्रकी नायिका श्रीत्रिपुराको नमस्कार करता हूँ॥२१॥

द्वितीयावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

वृत्तत्रयैः सुधवलारुणकृष्णवर्णैः
सन्निर्मितं परममातृकयोगिनीभिः।
त्रैवर्गसाधनकरं भुवि दुर्लभं च
वृत्तत्रयाख्यमपरं प्रणमामि चक्रम्॥१॥
श्रीकालरात्रीमथ खातिताम्बां
गात्रीं च घण्टां विधृताम्बिकां च।
डार्णात्मिकां भीषणरूपचण्डां
श्रीछात्मिकां चैव जयाख्यमूर्त्तिम्॥

वृत्तत्रय चक्रकी वन्दना–मैं श्वेत, लाल तथा कृष्ण वर्णके तीन वृत्तोंसे निर्मित, परम मातृका योगिनियोंके साथ धर्म, अर्थ तथा कामरूपी त्रिवर्गको सिद्ध करनेवाला और भूलोकमें दुर्लभ वृत्तत्रय नामक एक अन्य चक्रको प्रणाम करता हूँ॥१॥

प्रथम वृत्तमें स्थित कालरात्री आदि ऊनतीस मातृकाओंकी वन्दना–मैं कालरात्री मातृका, उसके बाद खातिता मातृका, मातृका पदके धारण करनेवाली गान करनेवाली गायत्री मातृका तथा घण्टा मातृका, डार्णात्मिका मातृका, भयङ्कर रूपवाली चण्डा मातृका, छात्मिका मातृका तथा जया नामक मूर्तिरूपिणी जया मातृका, झङ्कारिणी मातृका तथा ज्ञानरूपी शरीरवाली ज्ञानशरीरिणी मातृका, अतिदिव्य रूपवाली टङ्कहस्ता मातृका, ठङ्कारिणी मातृका, डकारिणी

झङ्कारिणीं ज्ञानशरीरिणीं च
श्रीटङ्कहस्तामतिदिव्यरूपाम्।
ठङ्कारिणीं चैव डकारिणीं च
ढङ्कारिणीं चैव णकारिणीं ताम्।।
तकारिणीं थाणिकमूर्त्तिरूपां
दाक्षायणीं चैव तथा च धात्रीम्।
नादामथो पर्वतराजकन्यां
फेट्कारिणीं बन्धिनिकां तथा ताम्।।
श्रीभद्रकालीमथ विष्णुमायां
श्रियं च षण्ढां च सरस्वतीं च।
पुनः च तां हंसवतीं समस्ता
एकोनत्रिंशच्छुभमातृकाः ताः।।
अमूः स्मितास्याः सृणिपाशहस्ताः
समुद्यदादित्यनिभाः त्रिनेत्राः।

मातृका और ढङ्कारिणी मातृका तथा णकारिणी मातृका, तकारिणी मातृका, थाणिक मूर्तिरूपिणी थाणी मातृका और दाक्षायणी मातृका तथा उस प्रकार धात्री मातृका, नादा मातृका, उसके बाद पर्वतराजकी पुत्री पार्वती मातृका, फेट्कारिणी मातृका, उस प्रकार बन्धिनी मातृका, भद्रकाली मातृका, उसके बाद विष्णुकी माया माया मातृका तथा श्री मातृका, षण्ढा मातृका और सरस्वती मातृका, फिर हंसवती मातृका, उन सभी ऊनतीस शुभ मातृकाएँ जो विहसित मुखवाली, अङ्कुश तथा पाशका धारण करनेवाली, उगते हुए सूर्यके समान रक्त वर्णवाली, तीन आँखोंवाली, रक्तवर्णके वस्त्रोंसे युक्त तथा अर्द्धचन्द्रका

रक्ताम्बराः चन्द्रकलावतंसा
आद्ये च वृत्ते सततं नमामि।।२।।
अथोऽमृतां मात्रभिधाम्बिकां ता-
माकर्षिणीं चैव महेन्द्रशक्तिम्।
ईशानिकां शक्तिमुमाख्यशक्तिं
महोर्ध्वकेशीं तत ऋद्धिरात्रीम्।।
ऋद्धीश्वरीं चैव लृतां लृकां च
तामेकपादाभिधमातृकाम्बाम्।
ऐश्वर्यिकां तां प्रणवात्मिकां तां
महौषधां चैव महाम्बिकां च ।।
वर्णात्मिकाः षोडशमातृकाम्बा
एता हि रक्ताः शरचापहस्ताः।

धारण करनेवाली हैं, को प्रथम वृत्तमें निरन्तर नमस्कार करता हूँ।।२।।

द्वितीय वृत्तमें स्थित अमृता आदि षोलह मातृकाम्बाओंकी वन्दना–मैं अब मातृका नामका धारण करनेवाली उस अमृता मातृकाम्बा, आकर्षिणी मातृकाम्बा, महेन्द्रकी शक्ति इन्द्राणी मातृकाम्बा, ईशानकी शक्ति ईशानी मातृकाम्बा, उमा नामक शक्ति उमा मातृकाम्बा, महान् ऊर्ध्वकेशी मातृकाम्बा, उसके बाद ऋद्धिरात्री मातृकाम्बा, ऋद्धीश्वरी मातृकाम्बा, लृता मातृकाम्बा, लृका मातृकाम्बा, उस एक पादवाली एकपादा मातृकाम्बा, उस ऐश्वर्यिका मातृकाम्बा, उस ओंकारात्मिका मातृकाम्बा, महान् औषधा मातृकाम्बा, अम्बिका मातृकाम्बा तथा अक्षरात्मिका मातृकाम्बा जो कि षोडश मातृकाम्बा हैं; इन रक्त वर्णवाली, बाण तथा धनुषसे युक्त हाथोंवाली, विहसित

स्मिताननना इन्दुधराः त्रिनेत्रा
मध्यस्थवृत्ते सततं नमामि॥३॥
कामेश्वरीं श्रीभगमालिनीं च
क्लिन्नां च भेरुण्डकलां हुतस्थाम्।
वज्रेश्वरीं श्रीशिवदूतिकाम्बां
श्रीसत्वराम्बां कुलसुन्दरीं च॥
ततः च श्रीमद्विमलां च नील-
पताकिनीं श्रीविजयात्मिकां च।
श्रीमङ्गलां ज्वालशिखां विचित्रां
श्रीसुन्दरीं षोडशनित्यरूपाः॥
एता हि साक्षात्तिथिमातृकाम्बाः
पाशाङ्कुशौ चापशरान्दधानाः।
चतुर्भुजा बालरविप्रभास्याः
तार्तीयवृत्ते सततं स्मरामि॥४॥

मुखवाली, चन्द्रमाका धारण करनेवाली तथा तीन आँखोंवालीको मध्यस्थ वृत्तमें नमस्कार करता हूँ॥३॥

तृतीय वृत्तमें स्थित कामेश्वरी आदि षोलह तिथिमातृकाम्बाओंकी वन्दना–मैं कामेश्वरी, भगमालिनी, नित्यक्लिन्ना, भेरुण्डा, वह्नि-वासिनी, वज्रेश्वरी, शिवदूती, त्वरिता, कुलसुन्दरी, उसके बाद विमला, नीलपताका, विजया, मङ्गला, ज्वालामालिनी, विचित्रा तथा श्रीसुन्दरी, इन षोलह नित्यरूपा साक्षात् तिथिमातृकाम्बा, पाश, अङ्कुश, धनुष तथा बाणका धारण की हुई चार भुजाओंवाली, उगते

तप्तस्वर्णनिभां स्मितास्यकमलां विद्यामभीतिं वरं
चाक्षस्रग्दधतीं चतुर्भुजधरां चन्द्रार्द्धचूडामणिम्।
शास्त्रस्मार्तमहासुयोनिगरिमासिद्धित्रयैः संयुतां
वृत्ताख्ये त्रिपुरेशिनीं भगवतीं चक्रेश्वरीं नौम्यहम्॥५॥

॥ इति द्वितीयावरणवन्दनम् ॥

हुए सूर्यकी प्रभाके समान लाल मुखवालीको तृतीय वृत्तमें निरन्तर स्मरण करता हूँ॥४॥

वृत्तत्रय चक्रेश्वरी त्रिपुरेशिनीकी वन्दना–मैं तपे हुए स्वर्णके समान कान्तिवाली, विहसित मुखवाली, पुस्तक, अभयमुद्रा, वरमुद्रा तथा अक्षमालाका धारण करनेवाली, चार भुजाओंवाली, मस्तक पर चूड़ामणिके रूपमें अर्द्ध चन्द्रका धारण करनेवाली, स्मार्तशास्त्र, महायोनि मुद्रा तथा गरिमा सिद्धि, इन तीनोंसे युक्त चक्रेश्वरी भगवती त्रिपुरेशिनीको वृत्तत्रय चक्रमें नमस्कार करता हूँ॥५॥

तृतीयावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

श्रीसर्वाशापूरकं पद्मरूपं
दिव्यं शुद्धं श्रीनिशानाथतुल्यम्।
रम्यैः पत्रैरिन्दुभिः शोभमानं
वन्दे चक्रं श्रीसुधावर्षकं हि॥१॥

आदौ कामाकर्षिणीं नित्यशक्तिं
श्रीमद्बुद्ध्याकर्षिणीं नित्यशक्तिम्।
चाहङ्काराकर्षिणीं नित्यशक्तिं
भूयः शब्दाकर्षिणीं नित्यशक्तिम्॥

देवीं स्पर्शाकर्षिणीं नित्यशक्ति-
मन्यां रूपाकर्षिणीं नित्यशक्तिम्।

षोडशदल चक्रकी वन्दना–मैं सभी आशाओंको पूर्ण करनेवाले, कमलाकार, चन्द्रमाके समान दिव्य तथा शुद्ध षोलह सुन्दर दलोंसे संशोभित, अमृतकी वृष्टि करनेवाले चक्रकी वन्दना करता हूँ॥१॥

षोडशदल चक्रमें स्थित कामाकर्षिणी आदि षोलह नित्य-शक्तियोंकी वन्दना–मैं सबसे पहले कामाकर्षिणी नित्यशक्ति तथा बुद्ध्याकर्षिणी नित्यशक्ति, अहंकाराकर्षिणी नित्यशक्ति, फिर शब्दाकर्षिणी नित्य-शक्ति, देवी स्पर्शाकर्षिणी नित्यशक्ति तथा दूसरी रूपाकर्षिणी नित्यशक्ति, साक्षात् नित्य शक्ति उस रसाकर्षिणी

साक्षान्नित्यां श्रीरसाकर्षिणीं तां
भूयो गन्धाकर्षिणीं नित्यशक्तिम्।।
देवीं चित्ताकर्षिणीं नित्यशक्तिं
श्रीमद्धैर्याकर्षिणीं नित्यशक्तिम्।
श्रीस्मृत्याकर्षिणीं नित्यशक्तिं
श्रीमन्नामाकर्षिणीं नित्यशक्तिम्।।
भूयो बीजाकर्षिणीं नित्यशक्तिं
साक्षादात्माकर्षिणीं नित्यशक्तिम्।
नित्यां शक्तिं चामृताकर्षिणीं तां
पश्चाद् देहाकर्षिणीं नित्यशक्तिम्।।
वन्दे श्रीमद्गुप्तयोगिन्य एताः
शुभ्राः त्र्यक्षाः श्रीनिशानाथभूषाः।
हस्तैः पाशं चाङ्कुशं स्फाटिकां च
पूर्णं पात्रं सद्वरं सन्दधानाः।।२।।

नित्यशक्ति, फिर गन्धाकर्षिणी नित्यशक्ति, देवी चित्ताकर्षिणी नित्यशक्ति, धैर्याकर्षिणी नित्यशक्ति, स्मृत्याकर्षिणी नित्यशक्ति, नामाकर्षिणी नित्यशक्ति, फिर बीजाकर्षिणी नित्यशक्ति, साक्षात् आत्माकर्षिणी नित्यशक्ति तथा उस अमृताकर्षिणी नित्यशक्ति, उसके बाद देहाकर्षिणी नित्यशक्तिको जो कि शुभ्र वर्णकी हैं; तीन आँखोंवाली हैं; चन्द्रमाका धारण करनेवाली हैं; हाथोंमें पाश-अंकुश, स्फाटिककी माला, पूर्णपात्र तथा वर मुद्राका धारण की हुई हैं; इन गुप्त योगिनियोंकी वन्दना करता हूँ।।२।।

तां विद्रावणिकां सुसिद्धिलघिमाबौद्धाख्यशास्त्रैः युतां
साक्षादिन्दुमरीचिगौरवदनां स्मेराननाम्भोरुहाम्।
पाशं सत्यसृणिं ह्यभीतिवरदे दोर्भिः सदा विभ्रतीं
वन्देऽहं त्रिपुरेश्वरीं शशिधरां सोमात्मचक्रेश्वरीम्॥३॥

॥ इति तृतीयावरणवन्दनम् ॥

षोडशदल चक्रेश्वरी त्रिपुरेश्वरीकी वन्दना–मैं उस विद्राविणीमुद्रा, लघिमा सिद्धि तथा बौद्ध दर्शनसे युक्त, साक्षात् चन्द्रमाकी किरणोंके समान गौर वर्णकी मुखवाली, विहसित मुखकमलवाली, हाथोंमें सर्वदा पाश, अंकुश, अभय मुद्रा तथा वर मुद्राका धारण करनेवाली, चन्द्रमाका धारण करनेवाली, चन्द्रात्मक षोडशदल चक्रेश्वरी त्रिपुरेश्वरी-की वन्दना करता हूँ॥३॥

चतुर्थावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

देदीप्यमानं सुरसैन्यपूज्यं
शुभाष्टपत्राब्जमयं मनोज्ञम्।
बन्धूकपुष्पारुणविग्रहं श्री-
सङ्क्षोभणं चक्रमहं भजामि॥१॥

आदावनङ्गकुसुमां स्मरमेखलाम्बां
साक्षादनङ्गमदनां मदनातुरां च।
रेखां तथा मदनवेगिनिकाख्यदेवीं
माराङ्कुशां मदनमालिनिकां समक्षम्॥

इत्थं स्मिताः त्रिनयना नवयौवनाढ्या
बन्धूकपुष्पसदृशारुणरम्यदेहाः।

अष्टदल चक्रकी वन्दना–मैं देदीप्यमान, देव सैन्योंके द्वारा पूजित, शुभ अष्टदल कमल वाले, सुन्दर, बन्धूक पुष्पके समान लाल वर्णके विग्रहवाले संक्षोभण चक्रका भजन करता हूँ॥१॥

अष्टदल चक्रमें स्थित अनङ्गकुसुमा आदि आठ देवियोंकी वन्दना–मैं पहले अनङ्गकुसुमा, माता अनङ्गमेखला, साक्षात् अनङ्ग-मदना और अनङ्गमदनातुरा, उस प्रकार अनङ्गरेखा, अनङ्गवेगिनी नामकी देवी, अनङ्गाङ्कुशा तथा अनङ्गमालिनी जो सभी विहसित मुखवाली, तीन आँखोंवाली, नवयुवतियाँ हैं; बन्धूक पुष्पके समान

नीलाब्जनीलमणिपाशसृणीः दधाना
अष्टौ हि गुप्ततरयोगिनिकाः स्मरामि॥२॥

सर्वाकर्षिणिका-सुसिद्धिमहिमा-श्रीगाणपत्यैः युता
विद्याक्षाभयसद्वराङ्कितकरा नेत्रत्रयोद्भासिता।
ध्येया सा किल सुन्दरी त्रिपुरयुक् व्योमात्मचक्रेश्वरी॥३॥

॥ इति चतुर्थावरणवन्दनम् ॥

लाल वर्णके सुन्दर शरीरवाली हैं; नीलकमल, नीलमणि, पाश तथा अङ्कुशका धारण करनेवाली हैं; इन आठ गुप्ततर योगिनियोंका स्मरण करता हूँ॥२॥

अष्टदल चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरीकी वन्दना–सर्वाकर्षिणी मुद्रा, महिमा सिद्धि तथा गाणपत्य दर्शनकी विशिष्ट शक्तिसे युक्त; पुस्तक, अक्षमाला, अभय मुद्रा तथा वर मुद्रासे युक्त हाथोंवाली; तीन आँखों-से सुशोभित; आकाशात्मक अष्टदल चक्रकी प्रसिद्ध चक्रेश्वरी उस त्रिपुरसुन्दरीका ध्यान करना चाहिए॥३॥

पञ्चमावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

सिन्दूरवर्णान्वितचक्रमन्यच्
चतुर्दशारैः च विनिर्मितं च।
सौभाग्यदं देवगणैः सदार्च्यं
स्मरामि भक्त्या मनसा सदैव॥१॥

सङ्क्षोभिणीं विद्रावणात्मशक्ति-
माकर्षिणीं चन्द्रविवर्द्धिनीं च।
सम्मोहिनीं स्तम्भनकारिणीं तां
विजृम्भिणीं सर्ववशङ्करीं च॥

श्रीरञ्जिनीं श्रीमदमादिनीं च
ह्यर्थान् च सर्वान् च सुसाधिनीं ताम्।

चतुर्दशार चक्रकी वन्दना–मैं अन्य एक चक्र जो कि चतुर्दशार-से विनिर्मित, सिन्दूर वर्णसे युक्त, सौभाग्यको देनेवाला तथा देवगणोंके द्वारा सर्वदा पूज्य है उसका निरन्तर भक्तिपूर्वक मनसे स्मरण करता हूँ॥१॥

चतुर्दशार चक्रमें स्थित सर्वसंक्षोभिणी आदि चौदह शक्तियोंकी वन्दना–मैं सर्वसंक्षोभिणी, सर्वविद्राविणी, सर्वाकर्षिणी, सर्वाह्लादिनी, सर्वसम्मोहिनी, सर्वस्तम्भिनी, सर्वजृम्भिणी, सर्ववशङ्करी, सर्वरञ्जनी, सर्वोन्मादिनी, सर्वार्थसाधिनी, सर्वसम्पत्तिपूर्णा, सर्वमन्त्रमयी तथा

सम्पत्तिपूर्णामथ मन्त्रदेहां
द्वन्द्वक्षयङ्कारिणिकाभिधां च।।
दिक्तुर्यसङ्ख्या इतरा हि रक्ताः
श्रीसम्प्रदायाभिधयोगिनीः ताः।
पाशाङ्कुशौ दर्पणपानपात्रे
करैः दधानाः सततं नमामि।।२।।

सिन्दूरारुणविग्रहा स्मितमुखी दिव्यैः चतुर्भिः भुजैः
विद्यास्फाटिकमालिकाभयवरान् संविभ्रती त्र्यम्बका।
सिद्धीशित्व-वशङ्करी-विविधषण्न्यायादिशास्त्रैः युता
ध्येया सा त्रिकवासिनी त्रिपुरयुङ् मायात्मचक्रेश्वरी।।३।।

।। इति पञ्चमावरणवन्दनम् ।।

सर्वद्वन्द्वक्षयङ्कारिणी नामक शक्तियाँ जो कि रक्त वर्णवाली तथा हाथोंसे पाश, अङ्कुश, दर्पण और पानपात्रका धारण करनेवाली हैं, उन चौदह सम्प्रदाय योगिनियोंको निरन्तर नमस्कार करता हूँ।।२।।

चतुर्दशार चक्रेश्वरी त्रिपुरवासिनीकी वन्दना–मैं सिन्दूरके समान लाल वर्णके शरीरवाली, विहसित मुखवाली, दिव्य चार भुजाओंसे पुस्तक, स्फाटिक मालिका, अभय मुद्रा तथा वर मुद्राका धारण करनेवाली, तीन आँखोंवाली, ईशिता सिद्धि, सर्ववशङ्करी मुद्रा तथा विविध छह न्यायादि शास्त्रोंसे युक्त, मायात्मक चक्रकी चक्रेश्वरी उस त्रिपुरवासिनीका ध्यान करता हूँ।।३।।

●

षष्ठावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

चक्रं चान्यं दाडिमीपुष्पवर्णं
दीप्ताभं श्रीदशाराङ्किताङ्गम्।
तत्सर्वाढ्यं ह्यर्थसाध्याभिधं च
वन्दे जोषं वायुतत्त्वात्मकाढ्यम्॥१॥

सिद्धिप्रदां सर्वसम्पत्प्रदां च
प्रियङ्करीं मङ्गलकारिणीं च।
कामप्रदां दुःखविमोचिनीं ता-
मशेषपञ्चत्वविनाशिनीं च॥

समस्तदुर्विघ्ननिवारिणीं तां
सर्वाङ्गपूर्वामथ सुन्दरीं च।

बहिर्दशार चक्रकी वन्दना–मैं एक अन्य चक्रकी हृदयसे वन्दना करता हूँ; जो कि दाड़िम पुष्पके समान लाल वर्णवाला, दीप्त कान्तिवाला, दश अराओंसे अङ्कित अङ्गवाला, सर्वार्थसाधक तथा वायुतत्त्वात्मक है॥१॥

बहिर्दशार चक्रमें स्थित सर्वसिद्धिप्रदा आदि दश देवियोंकी वन्दना–मैं 'सर्वसिद्धिप्रदा, सर्वसम्पत्प्रदा, सर्वप्रियङ्करी, सर्वमङ्गल-कारिणी, सर्वकामप्रदा, सर्वदुःखविमोचिनी, सर्वमृत्युविनाशिनी, सर्व-विघ्न-निवारिणी, सर्वाङ्गसुन्दरी तथा सर्वसौभाग्यदायिनी' इन प्रसिद्ध

समस्तसौभाग्यप्रदाभिधां च
योगिन्य एताः किल कौलरूपाः।।
पाशाङ्कुशाभीतिवरान् दधानाः
रक्ताम्बराः स्मेरमुखाब्जयुक्ताः।
बन्धूकरक्ता धृतचन्द्रलेखा
नमाम्यहं रत्नविभूषिताङ्गीः।।२।।
उत्तप्तहेमरुचिरां त्रिपुराश्रियं तां
मुक्ताक्षपुस्तकवराभयपाणिपद्माम्।
उन्मादिनीनिगमशास्त्रवशित्वयुक्तां
वन्दे सदा पवनचक्रमहाधिराज्ञीम्।।३।।

॥ इति षष्ठावरणवन्दनम् ॥

कुल-योगिनियोंको नमस्कार करता हूँ; जो कि पाश, अङ्कुश, अभय मुद्रा तथा वर मुद्राका धारण की हुई हैं; रक्त वर्णके वस्त्रोंसे युक्त हैं; विहसित मुखकमलवाली हैं; बन्धूक पुष्पके समान रक्त वर्णकी कान्तिवाली हैं; अर्द्धचन्द्रका धारण की हुई हैं तथा रत्नोंसे अलंकृत अङ्गवाली हैं।।२।।

बहिर्दशार चक्रेश्वरी त्रिपुराश्रीका स्वरूप–मैं आगमें तपे हुए सोनेके समान सुन्दर कान्तिवाली उस त्रिपुराश्रीकी सर्वदा वन्दना करता हूँ; जो मुक्ताकी अक्षमाला, पुस्तक, वर मुद्रा तथा अभय मुद्रासे युक्त करकमलोंवाली है; सर्वोन्मादिनी मुद्रा, वैदिक दर्शन तथा वशित्व सिद्धिसे युक्त है; पवनात्मक बहिर्दशार चक्रेश्वरी है।।३।।

●

सप्तमावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

अन्यच्चक्रं श्रीजपापुष्पवर्णं
साक्षाच्छ्रीमत्सर्वरक्षाकरं वै।
श्रीदिक्कोणाकारकं तैजसाख्यं
वन्दे दिव्यं सौरशास्त्रात्मरूपम्॥१॥
सर्वज्ञां तां सर्वशक्तिस्वरूपां
सर्वैश्वर्यादिप्रदामन्यशक्तिम्।
भूयः सर्वज्ञानरूपात्मिकां तां
सर्वव्याध्युन्मूलनायोत्सुकां च॥
भूयः सर्वाधारमूर्त्तिं च सर्व-
पापघ्नीं चानन्दरूपाख्यशक्तिम्।

अन्तर्दशार चक्रकी वन्दना–मैं एक दूसरे चक्रकी वन्दना करता हूँ; जो कि जपा पुष्पके समान रक्त वर्णवाला, साक्षात् 'श्री'से युक्त, सर्वरक्षाकर, दश कोणाकार, तैजसात्मक, दिव्य तथा सौर-सिद्धान्तात्मक है॥१॥

अन्तर्दशार चक्रमें स्थित सर्वज्ञा आदि दश शक्तियोंकी वन्दना– मैं सर्वज्ञा शक्ति, उस सर्वशक्तिस्वरूपिणी शक्ति, अन्य शक्ति सर्वैश्वर्य-प्रदायिनी, सर्वज्ञानस्वरूपिणी, उस सभी व्याधियोंके उन्मूलन-के लिए उत्सुक सर्वव्याधिविनाशिनी देवी, सर्वाधारस्वरूपिणी और

शक्तिं श्रीमत्सर्वरक्षास्वरूपां
सद्भक्तानां चेप्सितार्थप्रदात्रीम्।।
एताः साक्षाद्दिङ्निगर्भाभिधाख्या
मुक्ताहाराः चन्द्रचूडाः त्रिनेत्राः।
बालार्काभा ज्ञानमुद्रावराढ्याः
श्रीमट्टङ्काभीतिहस्ता नमामि।।२।।
बालार्कमण्डलनिभां धृतचन्द्रलेखां
स्मेराननामरुणवस्त्रसुरत्नभूषाम्।
सोमाग्निसूर्यनयनत्रयशोभितां च
प्राकाम्यसिद्धिसहितां नवयौवनाढ्याम्।।
श्रीसौरदर्शनयुतां समहाङ्कुशां तां
श्रीतैजसात्मकदशारमहाधिराज्ञीम्।

सर्वपाप-विनाशिनी तथा आनन्दरूपा नामक सर्वानन्दस्वरूपिणी शक्ति, सर्व-रक्षास्वरूपिणी तथा सद्भक्तोंको वांछित फलका प्रदान करनेवाली, सर्वेप्सितार्थप्रदायिनीको नमस्कार करता हूँ; जो साक्षात् निगर्भयोगिनी कहलाती हैं; मुक्ताकी मालाका धारण करनेवाली, मस्तक पर चन्द्रमासे युक्त तीन आँखोंवाली, उगते हुए सूर्यके समान लाल कान्तिवाली हैं; ज्ञान मुद्रा, वर मुद्रा, टङ्क तथा अभय मुद्रासे युक्त हाथोंवाली हैं।।२।।

अन्तर्दशार चक्रेश्वरी त्रिपुरमालिनीकी वन्दना–मैं उगते हुए सूर्य-मण्डलके समान लाल कान्तिवाली, अर्द्ध चन्द्रका धारण करनेवाली, विहसित मुखवाली, लालवर्णके वस्त्र तथा अच्छे रत्नोंका धारण करनेवाली, चन्द्र, वह्नि तथा सूर्यरूपी तीन नेत्रोंसे सुशोभित, प्राकाम्य

पाशाङ्कुशाभयकपालवराक्षहस्तां
तत्त्वेश्वरीं त्रिपुरमालिनिकां नमामि।।३।।

॥ इति सप्तमावरणवन्दनम् ॥

सिद्धिसे युक्त, नवयुवति, सौरदर्शन तथा सर्वमहाङ्कुशा मुद्रासे युक्त; हाथोंमें पाश, अङ्कुश, अभय मुद्रा, कपाल, वर मुद्रा तथा अक्ष-मालाका धारण करनेवाली उस तैजसात्मक अन्तर्दशार चक्रेश्वरी तत्त्वेश्वरी त्रिपुरमालिनीको नमस्कार करता हूँ।।३।।

●

अष्टमावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

अन्यं दिव्यं सर्वरोगघ्नचक्रं
रम्यं स्पष्टं ह्यष्टकोणापक्लृप्तम्।
उद्दीप्ताभं पद्मरागप्रभं तद्
वन्दे चाहं श्रीकलात्मस्वरूपम्॥१॥

वाग्देवताम्बां वशिनीति नाम्नीं
कामेश्वरीं वाङ्निलयाधिदेवीम्।
श्रीमोहिनीं तां विमलां तथैव
वाग्देवताम्बामरुणाभिधां च॥

अष्टकोण चक्रकी वन्दना–मैं उस अन्य चक्रकी वन्दना करता हूँ; जो कि अलौकिक रूपवाला, सभी रोगोंका नाश करनेवाला, सुन्दर, स्पष्ट, अष्ट कोणोंसे संयोजित, उद्दीप्त कान्तिवाला, पद्मरागके समान प्रभावाला तथा कलात्मक है॥१॥

अष्टकोण चक्रमें स्थित वशिनी आदि आठ वाग्देवताम्बाओंकी वन्दना–मैं वशिनी नामकी वाग्देवताम्बा, वाङ्निलयकी अधिष्ठात्री देवी कामेश्वरी, उस प्रकार मोहिनी तथा विमला, अरुणा नामकी वाग्देवताम्बा और जयिनी नामकी वाग्देवताम्बा, सर्वेश्वरी तथा उस कौलिनीको सदैव नमस्कार करता हूँ; जो कि लाल वस्त्रवाली, मस्तक पर अर्द्ध चन्द्रका धारण करनेवाली, सर्वदा प्रसन्न रहनेवाली, स्तनोंके

वाग्देवताम्बां जयिनीति नाम्नीं
सर्वेश्वरीं कौलिनिकामिमां वै।।
रक्ताम्बराः चन्द्रकलावतंसाः
सिन्दूरवर्णान्वितवक्त्रपद्माः।
सदा प्रसन्नाः कुचभारनम्रा
मालाधनुःपुस्तकपाशहस्ताः।।
परापराख्याः च रहस्ययुक्ता
नमाम्यहं योगिनिकाः सदैव।।२।।
रोगघ्नकाष्टारकचक्रनाथां
श्रीखेचरीमुद्रिकया समेताम्।
रक्ताम्बराढ्यां शुभभुक्तिसिद्ध्या
समायुतां वैष्णवदर्शनेन।।
श्रीचन्द्रचूडां शरदिन्दुगौरीं
नेत्रत्रयोद्भासितवक्त्रपद्माम्।

भारसे झुकी हुई हैं तथा हाथोंमें माला, धनुष, पुस्तक तथा पाशका धारण करनेवाली परापर नामक रहस्ययोगिनियाँ हैं।।२।।

अष्टकोण चक्रेश्वरी त्रिपुरा सिद्धाकी वन्दना–मैं सर्वरोगहर अष्टकोण चक्रकी अधिष्ठात्री त्रिपुरा सिद्धाको नमस्कार करता हूँ; जो कि खेचरी मुद्राके साथ, रक्त वस्त्रोंसे युक्त, शुभ भुक्ति सिद्धि तथा वैष्णव दर्शनसे युक्त, मस्तक पर चन्द्रमाका धारण करनेवाली, शरत्कालीन चन्द्रमाके समान गौरवर्णवाली, तीन आँखोंसे सुशोभित

पाशाङ्कुशाभीतिकपालहस्तां
नमामि सिद्धां त्रिपुरेतिपूर्वाम्॥३॥

॥ इत्यष्टमावरणवन्दनम् ॥

मुखकमलवाली तथा पाश, अङ्कुश, अभय मुद्रा और कपालसे युक्त हाथोंवाली है॥३॥

नवमावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

बन्धूकपुष्पारुणदिव्यरूपं
समस्तसिद्धिप्रदनाम चक्रम्।
कोणत्रयेणैकविनिर्मितं च
स्मरामि नादात्मकचित्स्वरूपम्॥१॥

तस्य त्रिकोणस्य च पूर्वरेखा-
पूर्वे त्रिरेखा ननु चिन्तनीयाः।
तासु स्थिताः श्रीगुरुसन्ततीः ताः
स्वकल्पमार्गेण सदा स्मरामि॥

दिव्यौघ-सिद्धौघ-सुमानवौघान्
रेखाद्यगान् नौमि गुरून् च सर्वान्॥

त्रिकोण चक्रकी वन्दना–मैं बन्धूक पुष्पके समान लाल वर्णसे युक्त दिव्य रूपवाले, तीन कोणोंसे विनिर्मित, नादात्मक, चित्स्वरूप, सर्वसिद्धिप्रद नामक चक्रको नमस्कार करता हूँ॥१॥

त्रिकोणके पूर्वमें कल्पित तीन रेखाओंमें गुरुपरम्पराकी वन्दना– मैं उस त्रिकोणकी पूर्वी रेखाके पूर्वमें कल्पित तीन रेखाओंका चिन्तन करता हूँ तथा उनमें स्थित गुरुपरम्पराका अपने कल्पके अनुसार सदैव स्मरण करता हूँ॥

प्रथम रेखामें दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा सुमानवौघ गुरुजनोंकी

रेखाद्वितीयस्थितसुप्रसिद्धान्
गुरून् च सर्वान् स्वगुरुक्रमेण।
शान्तान् द्विनेत्रान् स्फटिकाभशुभ्रान्
सशक्तिकान् नौमि वराभयाढ्यान्।।
शान्तं त्रिनेत्रं विधुकान्तिशुभ्रं
संविभ्रतं दोष्कशुभैः चतुर्भिः।
मुक्ताक्षमालां कलशं सुधायाः
श्रीज्ञानमुद्रामपि पुस्तकं च।।
दिव्याम्बरं चन्दनगन्धलेपैः
समुज्ज्वलाङ्गं मणिरत्नकैः च।

वन्दना–मैं प्रथम रेखामें स्थित दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा सुमानवौघ सभी गुरुजनोंको नमस्कार करता हूँ।।

द्वितीय रेखामें स्थित अपनी श्रीगुरु आदि सात गुरुजनोंकी वन्दना–मैं द्वितीय रेखामें स्थित सुप्रसिद्ध, अपने गुरुके क्रमसे सभी गुरुजनोंको नमस्कार करता हूँ; जो कि शान्त स्वभाववाले, दो आँखोंवाले, स्फटिकके समान शुभ्र कान्तिवाले हैं; वर मुद्रा तथा अभय मुद्राका धारण करनेवाले हैं तथा अपनी शक्तियोंके साथ विराजमान हैं।।

तृतीय रेखामें स्थित श्रीदक्षिणामूर्त्ति गुरुकी वन्दना–मैं शान्त स्वरूपवाले, तीन आँखोंवाले, चन्द्रमाके समान शुभ्र कान्तिवाले, चार शुभ भुजाओंसे मोतीकी माला, अमृतका कलश, ज्ञान मुद्रा तथा पुस्तकका धारण करनेवाले, दिव्य वस्त्रोंसे युक्त, चन्दन गन्धके लेपसे तथा मणि-रत्नोंसे उज्ज्वल अङ्गवाले, वीरासन पर बैठे हुए, मस्तक

वीरासनस्थं च शशाङ्कचूडं
श्रीदक्षिणामूर्तिगुरुं स्मरामि।।२।।
स्यन्दे त्रिकोणाद्बहिरङ्गदेव्यः
षडङ्गपूर्वा हि युवत्यभिख्याः।
रक्ताः स्वमुद्राङ्कितपाणिपद्माः
प्रत्येककोणयुगलं स्मरामि।।३।।
एतत्त्रिकोणाद्बहिरग्रकोणे
नित्याकलां तां हि तिथिस्वरूपाम्।
दक्षे कलां सप्तदशीं च वामे
ह्यष्टादशीं तां सकलाः सुरम्याः।।
सिन्दूरवर्णा धृतचन्द्रचूडाः
प्रोत्फुल्लरक्ताब्जदलत्रिनेत्राः।

पर चन्द्रमाका धारण करनेवाले श्रीदक्षिणामूर्ति गुरुका स्मरण करता हूँ।।२।।

त्रिकोणके बाहर षडङ्गयुवतियोंकी वन्दना–मैं चक्रमें त्रिकोणके बाहर षडङ्गयुवति नामक अङ्गदेवियोंका स्मरण करता हूँ; जो कि रक्त वर्णवाली हैं; अपनी मुद्राओंके चिह्नसे अङ्कित हाथवाली हैं तथा प्रत्येक कोणमें युगलात्मक रूपसे स्थित हैं।।३।।

त्रिकोणके बाहर षोडशी-तिथि आदि तीन नित्याकलाओंकी वन्दना–मैं इस त्रिकोणके बाहर अग्र कोणमें तिथि स्वरूप उस नित्या कलाका, दक्षमें सप्तदशीका तथा वाममें उस अष्टादशीका निरन्तर स्मरण करता हूँ; जो कि सभी मनका रमण करानेवाली हैं; सिन्दूर वर्णवाली हैं; मस्तक पर चन्द्रमाका धारण करनेवाली हैं; विकसित

पाशं सृणिं चापशरान् दधानाः
नित्याकलाः ताः सततं स्मरामि॥४॥
विचिन्त्य भागं च चतुष्कमत्र
तस्मिन् स्थितां जृम्भणबाणशक्तिम्।
सम्मोहिनीं चापशरीरशक्तिं
श्रीपाशशक्तिं वशकारिणीं च॥
तां स्तम्भनाख्यां सृणिशक्तिमन्या-
मेताः चतुष्कायुधशक्तिनाम्न्यः।
सर्वाः स्मिताः स्वायुतमस्तकाः ता
वराभयाढ्या अरुणाः स्मरामि॥५॥
इच्छासिद्धिसुशाक्तदर्शनमहाबीजाख्यमुद्रायुतां
श्रीनादाभिधसिद्धिहेतुरुचिरे चक्रे स्थितां नायिकाम्।

लाल कमलके समान तीन आँखोंवाली हैं तथा पाश, अङ्कुश, धनुष और बाणका धारण करनेवाली नित्या कलाएँ हैं॥४॥

त्रिकोणके कल्पित चार भागोंमें स्थित चार आयुध शक्तियोंकी वन्दना–मैं यहाँ पर चार भागोंकी कल्पना करके उनमें स्थित जृम्भण करनेवाली बाणशक्ति, सम्मोहन करनेवाली चाप शक्ति, वशीकरण करनेवाली पाश शक्ति तथा स्तम्भन नामक अङ्कुश शक्तिका स्मरण करता हूँ; जो कि 'चार आयुध शक्ति' कहलाती हैं; सभी विहसित मुखसे युक्त अनगिनत मस्तकोंवाली, वर मुद्रा तथा अभय मुद्रासे युक्त, अरुण वर्णवाली हैं॥५॥

त्रिकोण चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिकाकी वन्दना–मैं नाद नामक सिद्धिके कारणस्वरूप सुन्दर चक्रमें स्थित चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बिकाकी वन्दना

चन्द्रार्द्धाङ्कितदिव्यरत्नमुकुटां बालार्ककोटिप्रभां
वन्दे श्रीत्रिपुराम्बिकामभयदां विद्यावरस्त्रक्कराम्॥६॥

॥ इति नवमावरणम् ॥

करता हूँ; जो कि उगते हुए सूर्यकी करोडों किरणोंके समान कान्तिवाली है; अर्द्ध चन्द्राङ्कित दिव्य रत्नोंसे निर्मित मुकुटका धारण करनेवाली है; अभय मुद्रा, पुस्तक, वर मुद्रा तथा अक्षमालासे युक्त हाथोंवाली है; इच्छा सिद्धि, शाक्त दर्शन तथा सर्वबीजा नामक मुद्रासे युक्त है॥६॥

●

दशमावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

भूयोऽन्यं श्रीबैन्दवाख्यं सुचक्रं
दिव्यं साक्षाच्छ्रीशिवात्माभिधं च।
देदीप्ताभं मिश्रबिन्दुस्वरूपं
सर्वानन्दस्वप्रकाशं स्मरामि॥१॥

आदौ रतिं प्रीतिमथो मनोभवां
श्रीद्राविणीं क्षोभणिकां वशीकराम्।
आकर्षिणीं चैव सुमीनकेतनां
भूयोऽन्यदेवीं सुभगां भगां तथा॥

बिन्दु चक्रकी वन्दना–मैं पुनः बिन्दु नामक अन्य सुन्दर चक्रका स्मरण करता हूँ; जो कि दिव्य रूपवाला है; साक्षात् शिवात्मक उद्दीप्त कान्तिवाला है; शुक्ल तथा अरुणके मिश्र वर्णवाला बिन्दु रूप सर्वानन्दमय है॥१॥

रति आदि पन्द्रह देवियोंकी वन्दना–मैं पहले रति; उसके बाद प्रीति, मनोभवा, द्राविणी, क्षोभिणी, वशिनी, आकर्षिणी तथा सुमीनकेतना; पुनः अन्य देवी सुभगा तथा भगा, उस भगसर्पिणी, पुनः देवी भगमालिनी; उस प्रकार देवी अनङ्गा, अनङ्ग मेखला तथा अनङ्ग मदनातुरा; इन देवियोंका स्मरण करता हूँ; जो कि रक्त वर्णकी हैं; मणिकी मालाका धारण करनेवाली हैं; हाथोंसे पाश, अङ्कुश,

श्रीसर्पिणीं तां भगपूर्वरूपिणीं
भूयः च शक्तिं भगमालिनीं तथा।
देवीमनङ्गां समनङ्गमेखलां
चानङ्गपूर्वां मदनातुरामिमाः।।

रक्ताः सुपाशाङ्कुशबाणचापकान्
करैः दधाना मणिमाल्यभूषिताः।
परापरा योगिनिकाः स्मराम्यहम्।।२।।

आदित्यमण्डलनिभां नरमुण्डमालां
सोमाग्निसूर्यनयनां शिवचक्रनाथाम्।
खण्डेन्दुराजमुकुटां नवयौवनाढ्यां
माणिक्यरत्नखचितारुणवस्त्रभूषाम्।।

संलिप्तशोणितकुचद्वययुक्तदेहां
मालास्वभीतिवरपुस्तकपाणिपद्माम्।

बाण तथा धनुषका धारण किया है तथा परापर योगिनियाँ कहलाती हैं।।२।।

बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुरभैरवीकी वन्दना–मैं बिन्दु चक्रेश्वरी त्रिपुर-भैरवीको नमस्कार करता हूँ; जो कि सूर्यमण्डलके समान रक्त वर्णकी कान्तिवाली नवयुवती है; नर मुण्डोंकी मालासे युक्त है; चन्द्र, सूर्य तथा अग्नि रूपी तीन आँखोंवाली है; मस्तक पर अर्द्ध चन्द्रका धारण करनेवाली है; माणिक्य रत्नोंसे युक्त लाल वर्णके वस्त्रोंसे अलङ्कृत

बिन्दौ हि लब्धिशुभयोनिसुशैवशास्त्रैः
युक्तां स्मितां त्रिपुरभैरविकां नमामि॥३॥

॥ इति दशमावरणवन्दनम् ॥

है; रक्तसे लिप्त स्तन युगलसे युक्त शरीरवाली है; हाथोंमें अक्षमाला, अभय मुद्रा, वर मुद्रा तथा पुस्तकका धारण करनेवाली है; बिन्दु चक्रमें प्राप्ति सिद्धि, योनि मुद्रा तथा शैव दर्शनसे युक्त है तथा विहसित मुखवाली है॥३॥

एकादशावरणवन्दनम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

सर्वानन्दाख्यचक्रान्तरस्थ-
मन्यं चक्रं श्रीमहाबैन्दवाख्यम्।
सद्रूपं वै परब्रह्मतत्त्वं
वन्देऽद्वैतं केवलं स्वप्रकाशम्॥१॥

साक्षाच्छ्रीकुलकौलदर्शनमहामुद्रात्रिखण्डायुतां
देवीं सर्वसुकामसिद्धिसहितां ब्रह्मात्मचक्रे स्थिताम्।
रक्तां पाशधनुःशराङ्कुशधरां दिव्यां जगन्मोहिनीं
वन्दे त्रैपुरसुन्दरीं समरसाकाराख्यचक्रेश्वरीम्॥२॥

बिन्दु चक्रान्तर्गत महाबैन्दव चक्रकी वन्दना–मैं सर्वानन्दमय चक्रके अन्तर्गत महाबैन्दव नामक एक अन्य चक्रकी वन्दना करता हूँ; जो कि परब्रह्म तत्त्वात्मक एकमात्र अद्वैत स्वरूप है॥१॥

महाबैन्दव चक्रेश्वरी त्रिपुरसुन्दरीकी वन्दना–मैं साक्षात् श्रीशक्तिसे सम्बन्धित कौल दर्शन, त्रिखण्डा महामुद्रा तथा सर्वकाम सिद्धिसे युक्त; रक्त वर्णकी कान्तिवाली; पाश, धनुष, बाण तथा अङ्कुशका धारण करनेवाली; दिव्य रूपवाली; जगतको मोहित करनेवाली तथा समरसाकार नामक ब्रह्मात्म चक्रमें स्थित देवी त्रिपुरसुन्दरीकी वन्दना

षट्कोणकं तत्र पुनः विचिन्त्य
षट्शाम्भवान् नौमि पुनः क्रमेण॥३॥

मध्ये च साक्षात्स्थितचित्स्वरूपं
षडन्वयेशं हि महेतिपूर्वम्।
षडाननं द्वादशपाणिपद्मं
श्रीशाम्भवं चन्द्रधरं नमामि॥४॥

मुण्डस्रजं त्रिनयनां नवभानुभासां
विद्यास्वभीतिवरपुस्तकपाणिपद्माम्।

करता हूँ॥२॥

कल्पित षट्कोणमें ब्रह्मा आदि छह शाम्भवोंकी वन्दना–मैं फिर वहाँ पर षट्कोणकी कल्पना करके फिर क्रमसे छह शाम्भवोंको नमस्कार करता हूँ॥३॥

षट्कोणके मध्यमें श्रीमहाशाम्भवकी वन्दना–मैं मध्यमें श्रीमहा-शाम्भवको नमस्कार करता हूँ; जो कि छह शाम्भवोंका ईश है; साक्षात् चैतन्यस्वरूप है; छह मुखोंवाला है; बारह हाथोंवाला है तथा मस्तक पर चन्द्रमाका धारण करनेवाला है॥४॥

महाबैन्दव चक्रमें श्रीभैरवी महाविद्या पीठशक्तिकी वन्दना–मैं मुण्डोंकी मालाका धारण करनेवाली, तीन आँखोंवाली, उगते हुए सूर्यके समान लाल वर्णकी कान्तिवाली, हाथोंमें ज्ञान मुद्रा, अभय मुद्रा, वर मुद्रा तथा पुस्तकका धारण करनेवाली, कमल पर बैठी हुई अत्यन्त सुन्दर रूपवाली, चन्द्रमाका धारण करनेवाली, प्रसिद्ध

श्रीभैरवीं हरनुतामरविन्दसंस्थां
रम्यां नमामि किल चन्द्रकलावतंसाम्॥५॥

॥ इत्येकादशावरणवन्दनम् ॥

॥ इति वन्दनात्मकं सपर्याखण्डम् ॥

हरप्रिया श्रीभैरवीको नमस्कार करता हूँ॥५॥

॥ वन्दनात्मक सपर्याखण्ड सम्पूर्ण ॥

॥ सपर्याखण्ड सम्पूर्ण ॥

परिशिष्टम्

॥ नमो भैरव्यै ॥

नित्यार्चनम्

श्रीभैरवी-महाविद्यायाः समुपासकानां कृते स्वल्पसमयावधिकं श्री-यन्त्रात्मकस्य श्रीभैरवी-यन्त्रस्य नित्यार्चन-विधानं प्रस्तूयते। तद्यथा–

श्रीयन्त्रस्थदेवतानां पूजनार्थं सदैव 'ॐ ह्रीं श्रीं'-पूर्वकः चतुर्थ्यन्तो 'नमः'शब्दान्तो मन्त्रो व्यवहृतो भवति। तद्यथा–'ॐ ह्रीं श्रीं श्रीपरदेवतायै नमः।' इति। तथैव चतुर्थ्यन्तः 'स्वाहा'शब्दान्तो मन्त्रो होमकार्यार्थं प्रयुक्तो भवति। तद्यथा–'ॐ ह्रीं श्रीं श्रीपरदेवतायै स्वाहा।' इति। अत्र 'ॐ ह्रीं श्रीं'-पूर्वकाः चतुर्थ्यन्ता मन्त्राः सन्ति। अन्तिमस्तु पीठेश्वर्याः पूर्णमन्त्रयुतः स्यादिति।

प्रथमावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं श्रीपरदेवतायै.
३ श्रीपरयन्त्रराजाय.
३ इन्द्राय.
३ अग्नये.
३ यमाय.
३ नैर्ऋताय.
३ वरुणाय.
३ वायवे.
३ कुवेराय.
३ ईशानाय.
३ ब्रह्मणे.
३ अनन्ताय.
३ भूपुर-चक्राय.
३ सर्वयोगिनी-स्वरूपसर्वभूतेभ्यः.
३ क्षेत्रपतये.
३ गणनायकाय.
३ वटुकभैरवाय.
३ तिरस्कर्यै.
३ वनदुर्गायै.
३ कामदेवाय.
३ वसन्ताय.

३ शङ्खनिधये.
३ पद्मनिधये.
३ कुब्जकेश्यै.
३ सिद्धलक्ष्म्यै.
३ उन्मन्यै.
३ दक्षिणकालिकायै.
३ अणिमा-सिद्ध्यै.
३ गरिमा-सिद्ध्यै.
३ लघिमा-सिद्ध्यै.
३ महिमा-सिद्ध्यै.
३ ईशिता-सिद्ध्यै.
३ वशिता-सिद्ध्यै.
३ प्राकाम्यका-सिद्ध्यै.
३ सर्वभुक्तिकरी-सिद्ध्यै.
३ इच्छा-सिद्ध्यै.
३ प्राप्ति-सिद्ध्यै.
३ सर्वार्थ-सिद्ध्यै.
३ ब्राह्मी-मातृकायै.
३ माहेश्वरी-मातृकायै.
३ कौमारी-मातृकायै.
३ वैष्णवी-मातृकायै.
३ वाराही-मातृकायै.
३ माहेन्द्री-मातृकायै.
३ चामुण्डा-मातृकायै.
३ महालक्ष्मी-मातृकायै.
३ सर्वसङ्क्षोभिणी-मुद्रायै.
३ महायोनि-मुद्रायै.
३ सर्वविद्राविणी-मुद्रायै.
३ सर्वाकर्षिणी-मुद्रायै.
३ सर्ववशङ्करी-मुद्रायै.
३ सर्वोन्मादिनी-मुद्रायै.
३ सर्वमहाङ्कुशा-मुद्रायै.
३ सर्वखेचरी-मुद्रायै.
३ सर्वबीजा-मुद्रायै.
३ सर्वयोनि-मुद्रायै.
३ सर्वत्रिखण्डा-मुद्रायै.
३ भूपुरचक्रेश्वरी-श्रीत्रिपुरायै.
॥५८॥

द्वितीयावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं वृत्तत्रयचक्राय.
३ कालरात्री-मातृकायै.
३ खातिता-मातृकायै.
३ गायत्री-मातृकायै.
३ घण्टा-मातृकायै.
३ ङार्णात्मिका-मातृकायै.
३ चण्डा-मातृकायै.
३ छात्मिका-मातृकायै.
३ जया-मातृकायै.

ॐ झङ्कारिणी-मातृकायै.
ॐ ज्ञानरूपा-मातृकायै.
ॐ टङ्कहस्ता-मातृकायै.
ॐ ठङ्कारिणी-मातृकायै.
ॐ डकारिणी-मातृकायै.
ॐ ढङ्कारिणी-मातृकायै.
ॐ णकारिणी-मातृकायै.
ॐ तकारिणी-मातृकायै.
ॐ थाणी-मातृकायै.
ॐ दाक्षायणी-मातृकायै.
ॐ धात्री-मातृकायै.
ॐ नादा-मातृकायै.
ॐ पार्वती-मातृकायै.
ॐ फेट्कारिणी-मातृकायै.
ॐ बन्धिनी-मातृकायै.
ॐ भद्रकाली-मातृकायै.
ॐ माया-मातृकायै.
ॐ श्री-मातृकायै.
ॐ षण्ढ-मातृकायै.
ॐ सरस्वती-मातृकायै.
ॐ हंस-मातृकायै.
ॐ अमृता-मातृकाम्बायै.
ॐ आकर्षिणी-मातृकाम्बायै.
ॐ इन्द्राणी-मातृकाम्बायै.
ॐ ईशानी-मातृकाम्बायै.
ॐ उमा-मातृकाम्बायै.
ॐ ऊर्ध्वकेशी-मातृकाम्बायै.
ॐ ऋद्धिरात्री-मातृकाम्बायै.
ॐ ऋद्धीश्वरी-मातृकाम्बायै.
ॐ लृता-मातृकाम्बायै.
ॐ लृका-मातृकाम्बायै.
ॐ एकपादा-मातृकाम्बायै.
ॐ ऐश्वर्यिका-मातृकाम्बायै.
ॐ ओङ्कारात्मिका-मातृकाम्बायै.
ॐ औषधा-मातृकाम्बायै.
ॐ अम्बिका-मातृकाम्बायै.
ॐ अक्षरात्मिका-मातृकाम्बायै.
ॐ कामेश्वरी-नित्याकलायै.
ॐ भगमालिनी-नित्याकलायै.
ॐ नित्यक्लिन्ना-नित्याकलायै.
ॐ भेरुण्डा-नित्याकलायै.
ॐ वह्निवासिनी-नित्याकलायै.
ॐ वज्रेश्वरी-नित्याकलायै.
ॐ शिवदूती-नित्याकलायै.
ॐ त्वरिता-नित्याकलायै.
ॐ कुलसुन्दरी-नित्याकलायै.
ॐ विमला-नित्याकलायै.
ॐ नीलपताका-नित्याकलायै.

३ विजया-नित्याकलायै.
३ सर्वमङ्गला-नित्याकलायै.
३ ज्वालामालिनी-नित्याकलायै.
३ विचित्रा-नित्याकलायै.
३ श्रीसुन्दरी-नित्याकलायै.
३ वृत्तत्रयचक्रेश्वरी-त्रिपुरेशिन्यै.
॥५८+६३=१२१॥

तृतीयावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं षोडशदलचक्राय.
३ कामाकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ बुद्ध्याकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ अहङ्काराकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ शब्दाकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ स्पर्शाकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ रूपाकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ रसाकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ गन्धाकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ चित्ताकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ धैर्याकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ स्मृत्याकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ नामाकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ बीजाकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ आत्माकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ अमृताकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ शरीराकर्षिणी-नित्यशक्तये.
३ षोडशदलचक्रेश्वरी-त्रिपुरेश्वर्यै.
॥१२१+१८=१३९॥

चतुर्थावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं अष्टदल-चक्राय.
३ अनङ्गकुसुमा-देव्यै.
३ अनङ्गमेखला-देव्यै.
३ अनङ्गमदना-देव्यै.
३ अनङ्गमदनातुरा-देव्यै.
३ अनङ्गरेखा-देव्यै.
३ अनङ्गवेगिनी-देव्यै.
३ अनङ्गाङ्कुशा-देव्यै.
३ अनङ्गमालिनी-देव्यै.
३ अष्टदलचक्रेश्वरी-त्रिपुरसुन्दर्यै.
॥१३९+१०=१४९॥

पञ्चमावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं चतुर्दशारचक्राय.
३ सर्वसङ्क्षोभिणी-शक्तये.
३ सर्वविद्राविणी-शक्तये.
३ सर्वाकर्षिणी-शक्तये.
३ सर्वाह्लादिनी-शक्तये.
३ सर्वसम्मोहिनी-शक्तये.
३ सर्वस्तम्भिनी-शक्तये.
३ सर्वजृम्भिणी-शक्तये.

३ सर्ववशङ्करी-शक्तये.
३ सर्वरञ्जिनी-शक्तये.
३ सर्वोन्मादिनी-शक्तये.
३ सर्वार्थसाधिनी-शक्तये.
३ सर्वसम्पत्तिपूर्णा-शक्तये.
३ सर्वमन्त्रमयी-शक्तये.
३ सर्वद्वन्द्वक्षयङ्करी-शक्तये.
३ चतुर्दशारचक्रेश्वरी-
त्रिपुरवासिन्यै.
॥१४९+१६=१६५॥

षष्ठावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं बहिर्दशारचक्राय.
३ सर्वसिद्धिप्रदा-देव्यै.
३ सर्वसम्पत्प्रदा-देव्यै.
३ सर्वप्रियङ्करी-देव्यै.
३ सर्वमङ्गलकारिणी-देव्यै.
३ सर्वकामप्रदा-देव्यै.
३ सर्वदुःखविमोचिनी-देव्यै.
३ सर्वमृत्युविनाशिनी-देव्यै.
३ सर्वविघ्ननिवारिणी-देव्यै.
३ सर्वाङ्गसुन्दरी-देव्यै.
३ सर्वसौभाग्यदायिनी-देव्यै.
३ बहिर्दशारचक्रेश्वरी-त्रिपुराश्रियै.
॥१६५+१२=१७७॥

सप्तमावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं अन्तर्दशारचक्राय.
३ सर्वज्ञा-देव्यै.
३ सर्वशक्तिमयी-देव्यै.
३ सर्वैश्वर्यप्रदायिनी-देव्यै.
३ सर्वज्ञानमयी-देव्यै.
३ सर्वव्याधिविनाशिनी-देव्यै.
३ सर्वाधारस्वरूपिणी-देव्यै.
३ सर्वपापहरा-देव्यै.
३ सर्वानन्दमयी-देव्यै.
३ सर्वरक्षास्वरूपिणी-देव्यै.
३ सर्वेप्सितार्थप्रदा-देव्यै.
३ अन्तर्दशारचक्रेश्वरी-
त्रिपुरमालिन्यै.
॥१७७+१२=१८९॥

अष्टमावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं अष्टारचक्राय.
३ वशिनी-वाग्देवताम्बायै.
३ कामेश्वरी-वाग्देवताम्बायै.
३ मोहिनी-वाग्देवताम्बायै.
३ विमला-वाग्देवताम्बायै.
३ अरुणा-वाग्देवताम्बायै.
३ जयिनी-वाग्देवताम्बायै.
३ सर्वेश्वरी-वाग्देवताम्बायै.

ॐ कौलिनी-वाग्देवताम्बायै.
ॐ अष्टारचक्रेश्वरी-त्रिपुरासिद्धायै.
॥१८९+१०=१९९॥

नवमावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं त्रिकोणचक्राय.
ॐ ब्रह्म-दिव्यगुरवे.
ॐ ब्रह्मशक्ति-दिव्यगुरवे.
ॐ विष्णु-दिव्यगुरवे.
ॐ विष्णुशक्ति-दिव्यगुरवे.
ॐ रुद्र-दिव्यगुरवे.
ॐ रुद्रशक्ति-दिव्यगुरवे.
ॐ ईश्वर-दिव्यगुरवे.
ॐ ईश्वरशक्ति-दिव्यगुरवे.
ॐ सदाशिव-दिव्यगुरवे.
ॐ सदाशिवशक्ति-दिव्यगुरवे.
ॐ आदिनाथ-दिव्यगुरवे.
ॐ आदिनाथशक्ति-दिव्यगुरवे.
ॐ शुक-सिद्धगुरवे.
ॐ व्यास-सिद्धगुरवे.
ॐ वामदेव-सिद्धगुरवे.
ॐ रैवतक-सिद्धगुरवे.
ॐ दत्तात्रेय-सिद्धगुरवे.
ॐ ऋभुक्षज-सिद्धगुरवे.
ॐ सनत्सुजात-सिद्धगुरवे.
ॐ सनत्कुमार-सिद्धगुरवे.
ॐ सनातन-सिद्धगुरवे.
ॐ सनन्द-सिद्धगुरवे.
ॐ सनक-सिद्धगुरवे.
ॐ विष्णु-सुमानवगुरवे.
ॐ माधव-सुमानवगुरवे.
ॐ महेन्द्र-सुमानवगुरवे.
ॐ भास्कर-सुमानवगुरवे.
ॐ महेश-सुमानवगुरवे.
ॐ नृसिंह-सुमानवगुरवे.
ॐ श्री-गुरवे.
ॐ परम-गुरवे.
ॐ परापर-गुरवे.
ॐ परमेष्ठि-गुरवे.
ॐ परमाचार्य-गुरवे.
ॐ पूर्वसिद्ध-गुरवे.
ॐ आदिसिद्ध-गुरवे.
ॐ श्रीदक्षिणामूर्त्ति-गुरवे.
ॐ हृदय-देव्यै.
ॐ शिरो-देव्यै.
ॐ शिखा-देव्यै.
ॐ कवच-देव्यै.
ॐ नेत्र-देव्यै.
ॐ अस्त्र-देव्यै.

३ षोडशीतिथि-नित्याकलायै.
३ सप्तदशी-नित्याकलायै.
३ अष्टादशी-नित्याकलायै.
३ जृम्भणबाण-शक्तये.
३ मोहनचाप-शक्तये.
३ वशीकरणपाश-शक्तये.
३ स्तम्भनाङ्कुश-शक्तये.
३ त्रिकोणचक्रेश्वरी-
श्रीत्रिपुराम्बिकायै.
॥१९९+५२=२५१॥

दशमावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं बिन्दुचक्राय.
३ रति-देव्यै.
३ प्रीति-देव्यै.
३ मनोभवा-देव्यै.
३ द्राविणी-देव्यै.
३ क्षोभिणी-देव्यै.
३ वशिनी-देव्यै.
३ आकर्षिणी-देव्यै.
३ सुमीनकेतना-देव्यै.
३ सुभगा-देव्यै.
३ भगा-देव्यै.
३ भगसर्पिणी-देव्यै.
३ भगमालिनी-देव्यै.
३ अनङ्गा-देव्यै.
३ अनङ्गमेखला-देव्यै.
३ अनङ्गमदनातुरा-देव्यै.
३ बिन्दुचक्रेश्वरी-त्रिपुरभैरव्यै.
॥२५१+१७=२६८॥

एकादशावरणम्

ॐ ह्रीं श्रीं महाबैन्दवचक्राय.
३ महाबैन्दवचक्रेश्वरी-
त्रिपुरसुन्दर्यै.
३ ब्रह्म-शाम्भवाय.
३ विष्णु-शाम्भवाय.
३ रुद्र-शाम्भवाय.
३ ईश्वर-शाम्भवाय.
३ सदाशिव-शाम्भवाय.
३ आदिनाथ-शाम्भवाय.
३ श्रीमहाशाम्भवाय.
ॐ ह्रीं श्रीं ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं
भैरव्यै स्वाहा श्रीभैरवी-
महाविद्यायै.
॥२६८+१०=२७८॥

भैरवी महाविद्या

सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्यासहिता 'ज्ञान'-'सपर्या'-खण्डात्मिका सम्पूर्णा।

'पूर्णपीठम्' वाराणसी द्वारा प्रवर्तित 'श्रीविद्यान्तर्गत साहित्य'

१. *श्रीचक्रनिरूपणम्।* श्रीविद्यान्तर्गतम्। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहितम्।
२. *श्यामाकाली महाविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
३. *तारा महाविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
४. *षोडशी महाविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
५. *भुवनेश्वरी महाविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
६. *भैरवी महाविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
७. *छिन्नमस्ता महाविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
८. *धूमावती महाविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
९. *बगलामुखी महाविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
१०. *मातङ्गिनी महाविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
११. *कमला महाविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
१२. *दशमहाविद्याः।* श्रीविद्यान्तर्गताः। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिताः।
१३. *गायत्री ब्रह्मविद्या।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
१४. *ललिता त्रिपुरसुन्दरी।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।
१५. *बाला त्रिपुरसुन्दरी।* श्रीविद्यान्तर्गता। सविमर्श-'प्रह्लाद'-हिन्दी-व्याख्या-सहिता।

लेखकः सम्पादकश्च–गोस्वामी प्रह्लाद गिरि 'वेदान्तकेशरी', उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी लखनऊ सम्मानितः, वेदान्ताचार्यः, सर्वदर्शनाचार्यः, संस्कृतसाहित्याचार्यः (एम.ए.), विधिस्नातकः (एल-एल.बी.)।

प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

के ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन

गोलघर (मैदागिन) के पास

पो.बा.नं. १०८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)

छिन्नमस्ता महाविद्या
चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी


कमला महाविद्या
चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी


श्यामाकाली महाविद्या
चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

प्रस्तुत ग्रन्थ के विषय में.....

प्रस्तुत ग्रन्थ आदिगुरु श्रीदक्षिणामूर्त्ति 'शिव' की परम्परा के अन्तर्गत 'श्रीभैरवी महाविद्या' की उपासना का एक सम्पूर्ण निर्देशक है। 'श्रीभैरवी महाविद्या' की उपासना 'श्रीविद्या' के अन्तर्गत निरूपित है। इसमें श्रीयन्त्रात्मक 'श्रीभैरवी-यन्त्र' की अर्चना की जाती है। इस यन्त्र में अधिष्ठात्री पीठशक्ति श्रीभैरवी महाविद्या 'देवता' के रूप में प्रतिष्ठित हैं। यहाँ पर आदिगुरु श्रीदक्षिणामूर्त्ति 'शिव' ही गुरु हैं; श्रीभैरवी महाविद्या का सर्वज्ञकारक बीजरूपी पारम्परिक मन्त्र ही 'श्रीभैरवी-मन्त्र' है। इसकी उपासना से यन्त्रात्मक फलोपलब्धि के साथ-साथ विशेषतः समाज के कल्याण के लिए साधक को संसार के सभी पदार्थों के यथार्थ ज्ञान की प्राप्त होती है तथा प्राणी मात्र के हृदय से सांसारिक पदार्थों की अज्ञानता को दूर करने की शक्ति भी प्राप्त होती है। यह पराशक्ति षोडशानना श्रीमहाशोडषी श्री महात्रिपुरसुन्दरी की 'सर्वज्ञ-कारिणी' महाविद्या है। जातक के 'पञ्चम भाव' की अधिष्ठात्री-शक्ति के रूप में श्रीभैरवी महाविद्या 'पञ्चमी शक्ति' के रूप में परिचित है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के 'ज्ञानखण्ड' में श्रीविद्यात्मिका श्रीभैरवी महाविद्या के पारम्परिक अत्यन्त गूढ़ रहस्यों का निरूपण सरल भाषा में किया गया है; जबकि 'सपर्याखण्ड' के अन्तर्गत अपने आप दीक्षित होने की विधि, पूजाविधि तथा वन्दना का निरूपण हुआ है। यह एक सम्पूर्ण पद्धति है। ग्रन्थ का मूल संस्कृत तथा अनुवाद हिन्दी भाषा में निरूपित है। यह संस्करण श्रीविद्या के अन्तर्गत 'श्रीभैरवी महाविद्या' की पारम्परिक उपासना का अत्यन्त उपयोगी ग्रन्थरत्न है।

designed by Shreyashi GRAPHICS, mo. 9839814784

Also can be had from : **Chowkhamba Sanskrit Series Office, Varanasi.**

ISBN : 978-81-218-0295-4 Price : Rs. 225.00